सूर्योदय 5:54 सूर्यास्त 6:52

आज का तापमान

शिमला	17.2 न्यू	24.5 अधि
धर्मशाला	17.2 न्यू	30.0 अधि

बाजार

सेंसेक्स	77,656
निफ्टी	24,334
सोना 1,62,000	चांदी 2,43,000

अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 26 अगस्त 2026 | 10 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 238, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

गगल एयरपोर्ट जमीन मामले में नहीं बख्शे जाएंगे दोषी : मुख्यमंत्री सुक्खू

सदन में गूंजा जमीन सौदों का सवाल, एसआईटी की 9 रिपोर्ट, 4 मामलों में आपराधिक केस दर्ज

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में गगल एयरपोर्ट विस्तार के लिए प्रस्तावित जमीन के सौदों का मामला फिर चर्चा में रहा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सदन में सरकार का रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि गरीब और आम लोगों की जमीन के साथ अन्याय करने वालों तथा सरकारी खजाने से अनुचित लाभ लेने की कोशिश करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर कानून के अनुसार कार्रवाई होगी और किसी की राजनीतिक पहुंच या प्रभाव को आड़े नहीं आने दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि गगल एयरपोर्ट के आसपास जमीन की खरीद-फरोख्त को लेकर आरोप सामने आए थे। आशंका है कि कुछ लोगों से कम कीमत पर जमीन खरीदकर भविष्य में सरकारी अधिग्रहण के दौरान अधिक मुआवजा हासिल करने की कोशिश की गई। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश काश्तकारी एवं भूमि सुधार अधिनियम, 1972 की धारा 118 समेत अन्य कानूनी प्रावधानों के उल्लंघन के आरोपों की भी जांच की जा रही है।

उन्होंने बताया कि मामले की जांच के लिए 18 फरवरी 2026 को पुलिस महानिदेशक के आदेश पर चार सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया गया था। एसआईटी अब तक सरकार को नौ स्थिति रिपोर्ट सौंप चुकी है। जांच में जमीन सौदों, संदिग्ध बेनामी स्वामित्व और संबंधित बैंक लेन-देन की पड़ताल की गई। इसके आधार पर चार मामलों में राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं। वहीं, धारा 118 के तहत आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित मामलों को जिला कलेक्टरों को भी भेजा गया है। सुक्खू ने कहा कि सरकार आरोपों की राजनीति में विश्वास नहीं करती, बल्कि तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का उद्देश्य किसी व्यक्ति को निशाना बनाना नहीं, बल्कि नियमों का उल्लंघन होने पर जवाबदेही तय करना है। सरकार गरीबों की जमीन, सरकारी धन और हिमाचल के हितों की रक्षा के लिए सख्त कदम उठाएगी।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सदन में अपनी बात रखते हुए। अनंत ज्ञान

रसूख नहीं, तथ्य व कानून के आधार पर होगा फैसला

गगल एयरपोर्ट जमीन सौदों की जांच को लेकर मुख्यमंत्री का बयान सरकार के सख्त रुख का स्पष्ट संकेत माना जा रहा है। विधानसभा के पटल से उन्होंने यह संदेश देने की कोशिश की कि सत्ता, रसूख और पहुंच की आड़ में किसी भी तरह का अनुचित लाभ लेने की कोशिश स्वीकार नहीं होगी। सरकार की निगाह अब एसआईटी की जांच और उसके आधार पर होने वाली आगामी कार्रवाई पर टिकी है, जिससे यह साफ होगा कि जमीन सौदों में वास्तव में नियमों का उल्लंघन हुआ या नहीं और यदि हुआ है तो जिम्मेदारी किसकी तय होती है।

आईजीएमसी में रेडियोलॉजी प्रोफेसर की प्रमोशन पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने आईजीएमसी शिमला के रेडियोलॉजी विभाग में प्रोफेसर पद पर हाल ही में किए गए प्रमोशन के आदेश के क्रियान्वयन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायमूर्ति बिपिन चंद्र नेगी की खंडपीठ ने मुकेश सूर्य की ओर से दायर अपील पर सुनवाई करते हुए यह अंतरिम आदेश पारित किया। अदालत ने 19 अगस्त 2026 को जारी प्रमोशन आदेश पर फिलहाल रोक लगाते हुए मामले को नियमित सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है।

याचिकाकर्ता की ओर से आरोप लगाया गया कि वर्ष 2015 में हुई विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक के दौरान निजी प्रतिवादी को लाभ पहुंचाने के लिए निर्धारित नियमों की अनदेखी की गई। याचिका में दावा किया गया कि तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान निदेशक ने निजी प्रतिवादी की लगातार चार वर्षों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) की ग्रेडिंग को बिना ठोस आधार के 'वेरी गुड' से बढ़ाकर 'आउटस्टैंडिंग' कर दिया था। याचिकाकर्ता ने यह भी दलील दी कि वर्ष 2015 से 2020 के बीच असिस्टेंट प्रोफेसरों की अंतिम अथवा अस्थायी वरिष्ठता सूची जारी नहीं की गई, जिसके कारण उसे कथित तौर पर योग्यता सूची में हुए बदलाव की जानकारी समय पर नहीं मिल सकी।

2015 की डीपीसी में नियमों की अनदेखी का आरोप

देरी के आधार पर खारिज याचिका के खिलाफ अपील

मामले में याचिकाकर्ता ने कहा कि एकल पीठ ने उसकी याचिका को देरी के आधार पर खारिज किया था, जबकि उसे कथित अनियमितताओं की जानकारी समय पर नहीं मिल पाई थी। खंडपीठ ने अपील को नियमित सुनवाई के लिए स्वीकार करते हुए रेडियोलॉजी विभाग में प्रोफेसर पद के प्रमोशन आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट के इस अंतरिम आदेश के बाद संबंधित प्रमोशन फिलहाल न्यायिक जांच के दायरे में रहेगा और आगे की सुनवाई में मामले से जुड़े तथ्यों तथा पदोन्नति प्रक्रिया की वैधानिकता पर विचार किया जाएगा।

न्यूज शॉर्ट्स

पुलवामा में आतंकियों के दो सहयोगी गिरफ्तार

एजेंसी, पुलवामा। सुरक्षाबलों ने मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में आतंकियों के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया। राजपोरा के सीबी नाथ इलाके के यारवान जंगल में चलाए गए संयुक्त अभियान के दौरान उनके कब्जे से एक पिस्तौल, 12 राउंड गोलियां और एक हैंड ग्रेनेड बरामद किया गया। पुलिस अधिकारी के अनुसार, खुफिया सूचना के आधार पर पुलवामा पुलिस ने सेना की 44 राष्ट्रीय राइफल्स और सीआरपीएफ की 183 बटालियन के साथ मिलकर अभियान चलाया। तलाशी के दौरान संयुक्त टीम ने दो संदिग्धों को जंगल से गांव की ओर आते देखा और उन्हें पकड़ लिया। उनकी पहचान लतीफ अहमद दीदार और एजाज अहमद बाजाद के रूप में हुई। राजपोरा थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। (अनंत ज्ञान)

जम्मू-कश्मीर में तीन संदिग्ध गिरफ्तार, हैंड ग्रेनेड व पोस्टर बरामद

एजेंसी, शोपियां। सुरक्षाबलों ने मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में नाका-चेकिंग के दौरान तीन संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया। इनके पास से दो हैंड ग्रेनेड और पांच पोस्टर बरामद किए। पोस्टर पर कथित तौर पर हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) के निशान थे। एक अधिकारी ने बताया कि नाका-चेकिंग के दौरान इन तीनों को पकड़ा। तीनों मोटरसाइकिल पर सवार थे। इनकी पहचान जुनैद अहमद डार, आमिर यूसुफ और जुनैद मुजफ्फर के तौर पर हुई है। सभी कुलगाम के हैं। आगे की जांच चल रही है। (अनंत ज्ञान)

आईसीसी आचार संहिता उल्लंघन पर प्रभात जयसूर्या को फटकार

एजेंसी, कोलंबो। भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन आईसीसी आचार संहिता का उल्लंघन करने पर श्रीलंका के स्पिनर प्रभात जयसूर्या को आधिकारिक फटकार लगाई गई है। उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है। जयसूर्या को लेवल-1 के अनुच्छेद 2.2 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। आउट होने के बाद पवेलियन लौटते समय उन्होंने अपने बल्ले से मैदान की सीमा पर लगे बोर्ड को मारा था। उन्होंने अपराध स्वीकार करते हुए मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित सजा भी मान ली, जिससे औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। पिछले 24 माह में यह उनका पहला अपराध है। (अनंत ज्ञान)

फर्जी आईटीसी मामले में ईडी की छापेमारी में 3.6 करोड़ नकद बरामद

एजेंसी, नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) मामले में उत्तर प्रदेश और हरियाणा के नौ ठिकानों पर छापेमारी के दौरान अब तक 3.6 करोड़ नकद बरामद किए हैं। मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद और फरीदाबाद में सोमवार से जारी कार्रवाई के बाद सभी परिसरों को सील कर दिया गया है। ईडी ने कई डिजिटल उपकरण, दस्तावेज और रजिस्टर भी जब्त किए हैं। मामला जंबूद्वीप एक्सपोर्ट्स एंड इम्पोर्ट्स लिमिटेड से जुड़ा है, जिस पर फर्जी चालान और ई-वे बिल के जरिए बिना माल की वास्तविक आवाजाही के आईटीसी बनाने और पास करने का आरोप है। जीएसटी अधिकारियों ने 9.63 करोड़ रुपये के फर्जी आईटीसी लेने और 10.28 करोड़ रुपए पास करने की पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)

मणिमहेश यात्रा का आगाज, 19 सितंबर तक गूंजेगा भोलेनाथ का 'जयकारा'

अनंत ज्ञान

ओपी शर्मा, भरमौर। उत्तर भारत की प्रमुख धार्मिक यात्राओं में शामिल श्री मणिमहेश यात्रा-2026 का मंगलवार को विधिवत शुभारंभ हो गया। इस बार यात्रा 25 अगस्त से 19 सितंबर तक चलेगी। देश के विभिन्न राज्यों के साथ विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। प्रशासन ने यात्रा को सुरक्षित और सुचारु बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। यात्रा के दौरान 4 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर छोटा न्हौण और 19 सितंबर को राधाष्टमी पर बड़ा न्हौण होगा। इन अवसरों पर श्रद्धालु पवित्र मणिमहेश डल झील में आस्था की डुबकी लगाएंगे।

यात्री की सुरक्षा व्यवस्था में पहली बार 40 से अधिक आईटीबीपी जवान तैनाज

यात्रा क्षेत्र में पहली बार 40 से अधिक आईटीबीपी जवानों की तैनाती की गई है। इसके अलावा एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें तथा 1000 से अधिक पुलिस और होमगार्ड जवान सुरक्षा संभालेंगे। यात्रा मार्ग को अलग-अलग सेक्टरों में बांटकर मेडिकल कैंप भी स्थापित किए गए हैं।

1300 से अधिक श्रद्धालु कर चुके हेली टैक्सी बुकिंग, पहले दिन नहीं हो सकी उड़ान

हेली टैक्सी के लिए अब तक 1300 से अधिक श्रद्धालु बुकिंग कर चुके हैं, लेकिन मंगलवार को पहले दिन उड़ान नहीं हो सकी। डीजीसीए की टीम के निरीक्षण में कुछ कमियां सामने आने के बाद सेवा शुरू नहीं की गई। कमियां दूर होने और आवश्यक अनुमति मिलने के बाद उड़ान शुरू होने की उम्मीद है। मौसम साफ रहने से श्रद्धालुओं में यात्रा को लेकर खासा उत्साह है।

पटना में सरकारी भर्तियों की मांग को लेकर प्रदर्शन के दौरान छात्रों पर लाठीचार्ज

एजेंसी, पटना। बिहार में सरकारी भर्तियों को लेकर छात्रों का आंदोलन मंगलवार को उग्र हो गया। पटना के गर्दनीबाग में 18 अगस्त से धरने पर बैठे छात्रों ने मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के लिए मार्च निकाला। ऑल बिहार स्टूडेंट यूनियन (एबीएसयू) के छात्र नेता अमन गुट के नेतृत्व में निकले इस मार्च को रोकने के लिए प्रशासन ने जेपी गोलंबर पर भारी संख्या में पुलिस बल और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों की तैनाती की थी।

मार्च के दौरान प्रदर्शनकारी छात्रों ने जेपी गोलंबर पर लगाए गए बैरिकेडिंग को तोड़ दिया और डाकबंगला की ओर आगे बढ़ने का प्रयास किया। इस दौरान छात्रों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक और तनातनी की स्थिति उत्पन्न हो गई। गांधी मैदान से लेकर इनकम टैक्स गोलंबर तक कई स्थानों पर प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच भिड़ंत की सूचना है। (अनंत ज्ञान)

अग्निवीर योजना के खिलाफ पीएम मोदी को लिखूंगा पत्र: मुख्यमंत्री

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। भूतपूर्व सैनिक कल्याण बोर्ड की मंगलवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई बैठक में अग्निवीर भर्ती योजना को बंद करने का मुद्दा प्रमुखता से उठा। पूर्व सैनिकों ने कहा कि चार वर्ष की सेवा के बाद युवाओं का भविष्य असुरक्षित हो जाता है। कुल्लू के पूर्व सैनिक शिवदयाल सिंह ने मुख्यमंत्री से इस मामले को केंद्र सरकार के समक्ष मजबूती से उठाने की मांग की।

सीएम ने पूर्व सैनिकों की चिंताओं पर कहा कि वह प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर हिमाचल के पूर्व सैनिकों की भावनाओं से अवगत करवाएंगे। उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना से हिमाचल को सबसे अधिक नुकसान हुआ है। कांगड़ा, बिलासपुर, ऊना और हमीरपुर जैसे सैनिक बहुल जिलों की अर्थव्यवस्था भी इससे प्रभावित हुई है। सुक्खू ने कहा कि वह सेना में नियमित भर्ती के पक्षधर हैं और भर्ती कोटे में कमी से प्रदेश के युवाओं में निराशा बढ़ी है। उन्होंने कहा कि 4 परमवीर चक्र विजेताओं की भूमि हिमाचल के युवाओं के साथ अग्निवीर योजना न्यायसंगत नहीं है। सीएम ने प्रदेश पुलिस में 1300 कांस्टेबल पदों पर भर्ती व आने वाले समय में एक हजार और पद भरने की जानकारी दी। उन्होंने पूर्व सैनिकों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत करने के लिए प्राकृतिक खेती से जुड़ने का आह्वान भी किया। सरकार प्राकृतिक खेती के उत्पादों को न्यूनतम समर्थन मूल्य और दूध के दाम में बढ़ोतरी जैसे कदम उठा रही है।

पूर्व सैनिक कल्याण बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता करते सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

सरकार पूर्व सैनिकों के कल्याण को प्रतिबद्ध : शांडिल

सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार पूर्व सैनिक के कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। बैठक में उठे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के बाद मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

कहा- हिमाचल के सैनिक बहुल जिलों को अग्निवीर योजना से हुआ बड़ा नुकसान

डीआरडीओ की मिसाइल तकनीक अब भारतीय कंपनियां भी कर सकेंगी तैयार

एजेंसी, नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ की ओर से विकसित सभी पारंपरिक मिसाइल प्रणालियों की तकनीक भारतीय रक्षा उद्योग को स्वदेशी उत्पादन के लिए हस्तांतरित करने की मंजूरी दे दी है। सरकार के इस फैसले से भारतीय कंपनियों को उन्नत मिसाइल प्रणालियों के निर्माण में बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण से मिसाइल प्रणालियों के विकास को औद्योगिक स्तर पर उत्पादन में बदलने में मदद मिलेगी। इससे घरेलू विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ावा देने के साथ रक्षा क्षेत्र के औद्योगिक आधार को मजबूत किया जा सकेगा। इस पहल के तहत भारतीय कंपनियां निर्धारित योग्यताओं, प्रमाणन और नियामक आवश्यकताओं का पालन करते हुए डीआरडीओ के मानकों के अनुरूप मिसाइल सिस्टम बना सकेंगी। इससे रक्षा आपूर्ति श्रृंखला में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों तथा अन्य तकनीकी साझेदारों के लिए नए अवसर पैदा होंगे।

सरकार का उद्देश्य आयात पर निर्भरता कम करना, घरेलू वैल्यू एडिशन बढ़ाना और स्वदेशी रक्षा विनिर्माण को मजबूत करना है। मंत्रालय ने कहा कि इससे परिचालन क्षमता बढ़ाने और देश की आत्मनिर्भर रक्षा प्रणाली को गति देने में मदद मिलेगी। (अनंत ज्ञान)

राजनाथ ने स्वदेशी मिसाइल प्रणालियों के तकनीक हस्तांतरण को दी मंजूरी

गहरे समुद्र में नौसेना की क्षमता होगी मजबूत

भारतीय नौसेना में 31 अगस्त को शामिल होगा डीएसवी 'निपुण'

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय नौसेना 31 अगस्त को मुंबई के नेवल डॉकयार्ड में निस्तार श्रेणी के दूसरे डाइविंग सपोर्ट वेसल (डीएसवी) 'निपुण' को अपने बेड़े में शामिल करेगी। इसके नौसेना में शामिल होने से गहरे समुद्र में गोताखोरी और पानी के नीचे सहायता अभियानों की क्षमता में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी होगी। यह जहाज निर्माण से लेकर ऑपरेशनल सर्विस तक के सफर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

विशाखापत्तनम स्थित हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड में डिजाइन और निर्मित 'निपुण' रक्षा जहाज निर्माण में भारत की आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आउटफिटिंग और ट्रायल का व्यापक कार्यक्रम पूरा करने के बाद यह वेसल 30 जुलाई को भारतीय नौसेना को सौंपा गया था।

हिंदुस्तान शिपयार्ड में हुआ स्वदेशी निर्माण

सबमरीन रेस्क्यू ऑपरेशन में भी मिलेगी मदद

'निपुण' को विशेष रूप से डाइविंग और पानी के अंदर विभिन्न अभियानों में सहायता के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें आधुनिक डाइविंग सिस्टम, अंडरवाटर इंटरवेंशन और मेडिकल सपोर्ट सुविधाएं मौजूद हैं। इससे समुद्र की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में गोताखोरों को लगातार सहायता मिल सकेगी। जहाज की क्षमताएं सबमरीन रेस्क्यू ऑपरेशन में नौसेना की क्षमता को भी मजबूत करेंगी। वेसल में नेविगेशन, प्लेटफॉर्म मैनेजमेंट और सटीक स्टेशन कीपिंग के लिए आधुनिक प्रणालियां लगाई गई हैं। इन सुविधाओं के कारण यह पानी के नीचे कठिन अभियानों के लिए एक एकीकृत प्लेटफॉर्म के रूप में काम करेगा।

नौसेना के कैप्टन विवेक मधवाल के अनुसार, जहाज का क्रेस्ट गहरे समुद्र में डाइविंग से जुड़ी हिम्मत, धैर्य और पेशेवर क्षमता को दर्शाता है। इसमें प्रदर्शित आधुनिक डाइविंग हेलमेट उन्नत डाइविंग और लाइफ-सपोर्ट सिस्टम का प्रतीक है। 'निपुण' की कमीशनिंग से भारत की समुद्री सीमाओं में विशेष डाइविंग और अंडरवाटर मिशन संचालित करने की क्षमता और मजबूत होगी। (अनंत ज्ञान)

सामाजिक न्याय की नीतियां लागू करने को जाति का सही डेटा जरूरी

एजेंसी, नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। इस पत्र में खड़गे और राहुल ने सरकार से जनगणना में जाति की जानकारी इकट्ठा करने का तरीका बदलने की अपील की है।

कांग्रेस का कहना है कि जनगणना के मौजूदा तरीके से गलत डेटा मिल सकता है। पार्टी नेताओं ने मौजूदा सवाल-नामे को गुमराह करने वाला बताते हुए उसे वापस लेने की भी मांग की है। प्रधानमंत्री मोदी को पत्र में दोनों नेताओं ने लिखा, 'सामाजिक न्याय की नीतियां लागू करने के लिए जाति का सही डेटा जरूरी है। सही डेटा के बिना भारत में सामाजिक न्याय की नीतियां ठीक से लागू नहीं की जा सकतीं।' खड़गे व राहुल ने जाति की जानकारी दर्ज करने को 'ओपन-एंडेड सवाल' (जिसका कोई तय जवाब न हो) के इस्तेमाल पर आपत्ति जताई। इस सिस्टम के तहत, लोग अपनी जाति का नाम बता सकते हैं, जिसे फिर उस फॉर्म में दर्ज कर लिया जाता है। (अनंत ज्ञान)

जाति जनगणना पर खड़गे-राहुल गांधी की पीएम मोदी को चिट्ठी

उपलब्धि — औद्योगिक विकास ने बदली तस्वीर, प्रति व्यक्ति जीडीपी 8.10 लाख

देश का पांचवां सबसे समृद्ध जिला बना सोलन

अनंत ज्ञान

आर मोहन चौहान, सोलन। हिमाचल प्रदेश का सोलन जिला प्रति व्यक्ति जीडीपी के मामले में देश के सबसे समृद्ध जिलों में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के अनुसार सोलन की प्रति व्यक्ति जीडीपी 8.10 लाख रुपए दर्ज की गई है, जो हिमाचल प्रदेश के 2.83 लाख रुपये के औसत से करीब तीन गुना है। जिले की इस आर्थिक उपलब्धि में बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ (बीबीएन) औद्योगिक क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका मानी जा रही है।

प्रति व्यक्ति जीडीपी के मामले में तेलंगाना का रंगारेड्डी जिला 11.46 लाख रुपए के साथ देश में पहले स्थान पर है। इसके बाद गुरुग्राम 9.05 लाख, बेंगलुरु अर्बन 8.93 लाख और गौतम बुद्ध नगर 8.48 लाख रुपए के साथ क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। सोलन 8.10 लाख रुपए के साथ पांचवें स्थान पर है।

औद्योगिक क्षेत्र में करीब तीन लाख लोगों को रोजगार मिलने की बात सामने आई है। बीबीएन के उद्योग हिमाचल प्रदेश के जीएसटी में लगभग 29 प्रतिशत योगदान देते हैं, जबकि राज्य की कुल बिजली खपत का करीब 45 प्रतिशत हिस्सा यहां उपयोग होता है। पंजाब और हरियाणा से नजदीकी, बेहतर कनेक्टिविटी और बढ़ते निवेश ने बीबीएन को सोलन की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार बनाया है। हालांकि, 8.10 लाख रुपए का आंकड़ा प्रति व्यक्ति जीडीपी है, जिसे आम बोलचाल में कई बार प्रति व्यक्ति आय भी कहा जाता है।

बीबीएन औद्योगिक क्षेत्र में करीब 2,406 औद्योगिक इकाइयां संचालित

बीबीएन औद्योगिक क्षेत्र में करीब 2,406 औद्योगिक इकाइयां संचालित हैं, जिनमें 2,165 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम शामिल हैं। क्षेत्र का अनुमानित वार्षिक टर्नओवर करीब एक लाख करोड़ रुपये है, जबकि सालाना निर्यात लगभग 18 हजार करोड़ रुपए बताया गया है। यहां करीब 350 फार्मास्युटिकल विनिर्माण इकाइयां हैं और इसे एशिया के प्रमुख फार्मा हब के रूप में पहचान मिली है।

विधानसभा में जयराम ने गिनाईं खाली पदों की संख्या, सुक्खू ने भर्ती प्रक्रिया का दिया ब्यौरा, कहा-

आउटसोर्स कर्मियों के लिए नीति बनाएगी सरकार

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को रोजगार और सरकारी विभागों में रिक्त पदों का मुद्दा ऐसा गरमाया कि सदन का माहौल तल्खी, तकरार और नारों से भर उठा। विपक्ष ने सरकार को पहली कैबिनेट में एक लाख पक्की नौकरियां देने के वादे की याद दिलाते हुए सवालों की बौछार की, जबकि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सरकार की ओर से भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता, रिक्त पदों को भरने और आउटसोर्स कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए नीति बनाने का भरोसा दिया। सवाल महज आंकड़ों का नहीं रहा, बल्कि रोजगार की उम्मीद लगाए बैठे हजारों युवाओं के भविष्य और सरकारी तंत्र की कार्यक्षमता से जुड़ा बड़ा सियासी मुद्दा बन गया।

विपक्ष की ओर से जीतराम कटवाल ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के साथ सरकार को घेरते हुए कहा कि पहली कैबिनेट में एक लाख पक्की नौकरियां देने का वादा किया गया था, लेकिन जमीनी तस्वीर में बड़ी संख्या में पद अब भी खाली हैं। उनके अनुसार प्राथमिक शिक्षा में 10,853, उच्च शिक्षा में 3,432, पुलिस विभाग में 3,753, राज्य बिजली बोर्ड में 3,635, लोक निर्माण विभाग में 2,768, स्वास्थ्य विभाग में 1,298 और जल शक्ति विभाग में 517 पद रिक्त हैं। यानी इन प्रमुख विभागों में ही कुल 26,256 पदों का आंकड़ा सामने आता है। कटवाल ने दावा किया कि विभिन्न विभागों में करीब 37 फीसदी, जबकि बिजली बोर्ड में लगभग 57 फीसदी पद खाली पड़े हैं। इन आंकड़ों ने सरकार के सामने रोजगार के मोर्चे पर एक गंभीर तस्वीर पेश की, वहीं युवाओं के बीच भी यह सवाल गूंजा कि जब सरकारी महकमों में हजारों पद रिक्त हैं तो भर्ती की रफ्तार अपेक्षित स्तर तक क्यों नहीं पहुंच रही।

सरकार की ओर से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जवाब देते हुए कहा कि हर व्यक्ति को सरकारी नौकरी देना संभव नहीं है और इसी वजह से सरकार रोजगार के वैकल्पिक रास्तों को भी मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों, बोर्डों और निगमों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए नीति तैयार की जा रही है। मुख्यमंत्री ने भर्ती प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए लोक सेवा आयोग और राज्य चयन आयोग की व्यवस्था में सुधार करते हुए लिखित परीक्षा के अंकों को साक्षात्कार के साथ जोड़ने की बात कही। उनके अनुसार वर्तमान सरकार ने पुलिस विभाग में 1,350 पद भरे हैं, जबकि 1,000 अन्य पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है।

मेडिकल कॉलेजों में पैरामेडिकल स्टाफ के रिक्त पदों को भर्ती के युक्तिकरण के बाद अगले वर्ष मार्च और जून तक भरने की बात भी सरकार की ओर से कही गई है। सरकार का दावा है कि स्वास्थ्य विभाग की कार्यक्षमता 35 फीसदी से बढ़कर 65 फीसदी पहुंच गई है। आउटसोर्स कर्मचारियों के भविष्य को लेकर भी सरकार नीति तैयार कर रही है, ताकि सरकारी विभागों, बोर्डों और निगमों में लंबे समय से सेवाएं दे रहे कर्मचारियों के हितों को सुरक्षित किया जा सके। मुख्यमंत्री का कहना है कि हर व्यक्ति को सरकारी नौकरी देना संभव नहीं है, इसलिए सरकार स्वरोजगार और उद्यमिता के नए अवसरों को भी विस्तार दे रही है।

सप्लीमेंट्री सवाल की अनुमति न मिलने पर भाजपा का वाकआउट

रोजगार के मुद्दे पर सदन में उस समय तल्खी बढ़ गई, जब विपक्ष सरकार के जवाब से असंतुष्ट होकर अनुपूरक सवाल पूछना चाहता था। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने समय की कमी का हवाला देते हुए आगे सवाल की अनुमति नहीं दी। उन्होंने कहा कि एक ही सवाल पर करीब 25 मिनट से अधिक चर्चा हो चुकी है और नियम 130 के तहत भी इस विषय पर चर्चा प्रस्तावित है। अनुमति न मिलने से नाराज भाजपा सदस्यों ने नारेबाजी करते हुए सदन से वाकआउट किया। वहीं, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रोजगार के लिए सरकारी नौकरियों के साथ स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने राजीव गांधी स्टार्टअप योजना के तहत ई-टैक्सी, सौर ऊर्जा और प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने की जानकारी दी।

हिमाचल में 2.61 लाख परिवार बीपीएल सूची में

नए सर्वे से बदल सकता है आंकड़ा, बीपीएल चयन के नए मानदंडों में कई श्रेणियों को पात्रता

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को सरकारी मदद का सहारा मिल रहा है, लेकिन बीपीएल सूची में शामिल होने के लिए सरकार ने बाकायदा कुछ मापदंड तय कर रखे हैं। विधानसभा के मानसून सत्र में शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया के सवाल के लिखित जवाब में पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में वर्तमान में 2,61,335 परिवार बीपीएल सूची में चयनित हैं। इन परिवारों को खाद्यान्न, शिक्षा, आवास समेत विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

सरकार के अनुसार बीपीएल परिवारों के चयन की सर्वे प्रक्रिया भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के आधार पर वर्ष 2002-03 में शुरू हुई थी और वर्ष 2007 में ग्राम सभाओं की मंजूरी के बाद सूचियों को अंतिम रूप दिया गया था। समय के साथ बीपीएल परिवारों के चयन के लिए नए मानदंड भी निर्धारित किए गए हैं। नवीनतम प्रक्रिया के तहत पात्र परिवारों के चयन का सर्वेक्षण आठवें चरण तक पूरा हो चुका है। हालांकि, नई सूचियों को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

बीपीएल सूची में शामिल होने के लिए परिवार की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को महत्वपूर्ण आधार माना गया है। ऐसे परिवार जिनका कोई सदस्य आयकरदाता है, जिनकी सालाना कुल आय 75 हजार रुपये से अधिक है या जिनके पास एक हेक्टेयर से अधिक भूमि है, उन्हें बीपीएल श्रेणी से बाहर रखा जाता है। इसी तरह परिवार का कोई सदस्य नियमित सरकारी, अर्द्ध-सरकारी अथवा नियमित वेतन वाली नौकरी में है तो भी परिवार बीपीएल सूची के लिए पात्र नहीं माना जाता।

नए मानदंडों में समाज के कमजोर और असहाय वर्गों को विशेष प्राथमिकता दी गई है। 27 वर्ष से कम उम्र के अनाथ बच्चों वाले परिवार, केवल 59 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों वाले परिवार तथा ऐसे महिला मुखिया वाले परिवार, जिनमें 27 से 59 वर्ष की उम्र का कोई सक्षम कमाने वाला सदस्य उपलब्ध नहीं है, पात्रता के दायरे में आते हैं। विधवा, परित्यक्त, तलाकशुदा और अविवाहित महिलाओं वाले परिवार भी इस श्रेणी में शामिल किए गए हैं।

कई श्रेणियां की गई है अधिसूचित

इसके अलावा परिवार में 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाला सदस्य, मुख्य रूप से मजदूरी पर निर्भर वयस्क सदस्य तथा पिछले वित्तीय वर्ष में कम से कम एक दिन मनरेगा या अन्य अधिसूचित मजदूरी आधारित रोजगार योजना में काम करने वाले परिवार भी पात्र हो सकते हैं। गंभीर बीमारी, दुर्घटना, रीढ़ की चोट या अन्य कारणों से परिवार का मुख्य कमाने वाला सदस्य स्थायी रूप से आजीविका कमाने में असमर्थ होने की स्थिति में भी परिवार को बीपीएल श्रेणी में शामिल करने का प्रावधान है।

स्वास्थ्य चर्चा में सीएम सुक्खू का जयराम पर पलटवार, बोले-धमकी की भाषा स्वीकार नहीं

अनंत ज्ञान

सदन में अपनी बात रखते हुए मुख्यमंत्री सुक्खू। अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन स्वास्थ्य व्यवस्था पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीतिक जीवन में उनके रास्ते में कई बाधाएं खड़ी की गईं, लेकिन जनता के विश्वास और देवी-देवताओं के आशीर्वाद से वह मुख्यमंत्री के पद तक पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि करीब 40 वर्षों के राजनीतिक संघर्ष के बाद वह इस मुकाम पर पहुंचे हैं और प्रदेश हित में ईमानदारी से काम कर रहे हैं।

सुक्खू ने जयराम ठाकुर पर निशाना साधते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष तनाव में हैं और अब धमकी देने तक की भाषा इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की लड़ाई जारी रहेगी और किसी दबाव में पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विरोध अपनी जगह है, लेकिन धमकी की भाषा स्वीकार नहीं की जा सकती।

मुख्यमंत्री ने जयराम ठाकुर के आसपास मौजूद लोगों और सोशल मीडिया पर सामने आ रही रीलों को लेकर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यालय 'दीप कमल' की सोशल मीडिया टीम और लगातार सामने आ रही सूचनाओं के प्रभाव में नेता प्रतिपक्ष वास्तविकता से दूर हो गए हैं। सुक्खू ने कहा कि उनके आसपास बैठे लोग उन्हें ऐसी सूचनाएं दे रहे हैं, जो उनके हित में नहीं हैं। उन्होंने तंज किया कि ऐसे लोग दोस्त नहीं, बल्कि दुश्मन हैं। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि सरकार अपने कार्यों को ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ा रही है।

जयराम ने सुक्खू सरकार को नौकरी और हिमकेयर को लेकर घेरा

सुक्खू सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप, पूर्व योजनाएं बहाल करने की मांग,हिमकेयर बंद होने से इलाज के अभाव में मौतों पर जताई चिंता

अनंत ज्ञान

ब्यूरो शिमला। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंगलवार को विधानसभा परिसर में भाजपा विधायकों के प्रदर्शन के दौरान सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार पूर्व भाजपा सरकार की योजनाओं को बंद कर बदले की राजनीति कर रही है और प्रदेश के लोगों को परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही।

जयराम ने कांग्रेस की पांच लाख नौकरियों की गारंटी पर सवाल उठाते हुए कहा कि चुनाव से पहले बड़े-बड़े दावे किए गए थे कि सत्ता में आते ही पहली कैबिनेट में एक लाख नौकरियां दी जाएंगी, लेकिन अब मुख्यमंत्री खुद कह रहे हैं कि सरकार नौकरियां नहीं दे सकती। उन्होंने कहा कि यदि नौकरी देने की तैयारी नहीं थी तो प्रदेश के युवाओं और महिलाओं से ऐसे वादे क्यों किए गए। उन्होंने सरकार से पूर्व सरकार की योजनाओं को तत्काल बहाल करने की मांग की।

विधानसभा परिसर में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते भाजपा नेता। अनंत ज्ञान

जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि सरकार सहारा पेंशन और वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थियों को परेशान कर रही है तथा हिमकेयर योजना का भुगतान रोककर गरीब लोगों के इलाज में बाधा पैदा कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार कभी हिमकेयर में 1100 करोड़ रुपए के घोटाले की बात करती है और सवाल उठने पर आंकड़ा बदलकर 100 करोड़ रुपए का दावा करने लगती है। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री विजिलेंस अधिकारियों पर भाजपा नेताओं के खिलाफ मामले बनाने का दबाव डाल रहे हैं। उन्होंने विधानसभा में राष्ट्रगान के कथित अपमान के आरोप का भी जिक्र करते हुए कहा कि सदन की कार्यवाही का वीडियो सामने आने के बाद मुख्यमंत्री का आरोप बेनकाब हो गया है और उन्हें माफी मांगनी चाहिए।

नेता प्रतिपक्ष ने हिमकेयर के निजी अस्पतालों में बंद होने को गंभीर मुद्दा बताते हुए कहा कि प्रदेश में लोगों को समय पर इलाज नहीं मिल रहा है और कई परिवार आर्थिक संकट में फंस रहे हैं। उन्होंने पालमपुर के एक मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि डेढ़ लाख रुपए जमा नहीं कर पाने के कारण एक व्यक्ति को स्टेंट नहीं लग सका और उसकी जान चली गई।

उन्होंने कहा कि यह केवल एक मामला नहीं है, बल्कि इलाज, दवाइयों और सर्जिकल सामान की उपलब्धता को लेकर लोगों को लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति से ऊपर उठकर प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था और जनता की समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान देने की मांग की।

व्हाइट पेपर कमेटी खोलेगी भ्रष्टाचार की पोल : सीएम

रोजगार के मुद्दे पर वॉकआउट को लेकर भी विपक्ष पर उठाए सवाल

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को विधानसभा मानसून सत्र के दौरान भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में हुए कथित भ्रष्टाचार के मामलों को जनता के सामने लाया जाएगा।

विधानसभा परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने इन मामलों की जांच के लिए व्हाइट पेपर कमेटी गठित की है और कमेटी की जांच पूरी होने के बाद सामने आने वाले तथ्यों को जनता की अदालत में रखा जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष अपने पुराने मामलों से बचने और कथित घोटालों को दबाने के लिए प्रदर्शन तथा सदन से वॉकआउट की राजनीति कर रहा है।

मुख्यमंत्री सुक्खू पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत करते हुए।

मुख्यमंत्री ने विधानसभा में भाजपा विधायकों के रोजगार के मुद्दे पर वॉकआउट को लेकर भी विपक्ष को घेरा। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल में रोजगार के विषय पर करीब आधे घंटे तक चर्चा हुई और विधानसभा अध्यक्ष ने विपक्ष को सवाल पूछने तथा अपनी बात रखने का पूरा अवसर दिया। इसके बावजूद अतिरिक्त सवाल पूछने की जिद करते हुए विपक्ष का सदन से बाहर चले जाना उचित नहीं है।

सुक्खू ने स्पष्ट किया कि विधानसभा नियमों और कानूनों के अनुसार चलेगी तथा सरकार स्वास्थ्य, रोजगार सहित सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर विपक्ष के सवालों का जवाब देने के लिए तैयार है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्ता पक्ष किसी भी मुद्दे पर जवाब देने से पीछे नहीं हटेगा और विधानसभा में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा जारी रहेगी। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि विपक्ष के पास अब कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है और कथित घोटालों से बचने के लिए प्रदर्शन किए जा रहे हैं। सुक्खू ने कहा कि व्हाइट पेपर कमेटी जांच के बाद सामने आने वाले तथ्यों को सार्वजनिक करेगी, जिससे पिछली सरकार के कार्यकाल से जुड़े आरोपों की वास्तविक तस्वीर जनता के सामने आ सकेगी।

सहारा पेंशन योजना से 3000 लोगों को मिला लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सहारा पेंशन योजना का लाभ करीब 3000 लोगों को मिलना शुरू हो गया है और अब यह योजना स्वास्थ्य विभाग के बजाय कल्याण विभाग के माध्यम से संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से ऐसे पात्र लोगों की पहचान की जाएगी, जिन्हें अभी तक योजना का लाभ नहीं मिल रहा है, ताकि उन्हें भी पेंशन का लाभ दिलाया जा सके। भाजपा पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने भरी हुई अटैचियों का भी जिक्र किया और आरोप लगाया कि विधायकों की खरीद-फरोख्त से जुड़े मामलों की सच्चाई सामने लाने के लिए सरकार तथ्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ा रही है।

छात्रों ने विधानसभा अध्यक्ष से पूछे संसदीय प्रणाली से जुड़े सवाल

अनंत ज्ञान

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां से मुलाकात करते संजौली व करियाली स्कूल के स्टूडेंट्स। अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला संजौली और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला करियाली, जिला शिमला के छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिवालय में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विद्यार्थियों ने संसदीय प्रणाली, विधानसभा की कार्यप्रणाली और विधानसभा अध्यक्ष के चुनाव से जुड़े कई सवाल पूछे।

विधानसभा अध्यक्ष ने विद्यार्थियों के प्रश्नों का सिलसिलेवार जवाब देते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था की बारीकियों से अवगत करवाया। उन्होंने स्वयं भी विद्यार्थियों से संविधान, लोकतांत्रिक प्रणाली और हिमाचल प्रदेश विधानसभा के इतिहास से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक उत्तर देने का प्रयास किया।

कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि भारत की संसदीय प्रणाली संघीय ढांचे पर आधारित है, जिसमें केंद्र और राज्य शामिल हैं। देश में बहुदलीय व्यवस्था के तहत राजनीतिक दल अपने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारते हैं और जनता मतदान के माध्यम से उनका चुनाव करती है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा में 68 सीटें हैं और जिस दल को 35 या उससे अधिक सीटें प्राप्त होती हैं, वह सरकार का गठन करता है। इसके बाद मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मंत्रिमंडल का गठन होता है।

◆ लोकतंत्र की पाठशाला में विद्यार्थियों ने जाना विधानसभा का कामकाज

विधानसभा अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को बताया कि विधानसभा सदस्य सदन में प्रश्नों और विभिन्न नियमों के माध्यम से अपने क्षेत्रों की समस्याएं उठाते हैं, जिनका सरकार की ओर से जवाब दिया जाता है। विधानसभा अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को विधानसभा अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया भी विस्तार से समझाई। उन्होंने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव विधानसभा सदस्य करते हैं। सदन के सबसे वरिष्ठ सदस्य को प्रोटेम स्पीकर बनाया जाता है, जो चुनाव प्रक्रिया शुरू करवाते हैं। इसके बाद अध्यक्ष पद के लिए नामांकन होता है। उन्होंने कहा कि एक ही उम्मीदवार होने पर निर्विरोध चुनाव होता है, जबकि एक से अधिक उम्मीदवार होने की स्थिति में मतदान के माध्यम से अध्यक्ष का चुनाव किया जाता है। पठानियां ने विद्यार्थियों को विधानसभा की कार्यवाही देखने के लिए सदन में आमंत्रित किया और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

भाजपा चार्जशीट में 32 कांग्रेस नेताओं के नाम : रणधीर शर्मा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को भाजपा विधायक रणधीर शर्मा ने नियम 130 के तहत स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर सरकार को घेरा। उन्होंने दावा किया कि भाजपा की चार्जशीट में कांग्रेस के 32 नेताओं के नाम शामिल हैं।

रणधीर शर्मा ने कहा कि यदि सरकार भाजपा की चार्जशीट की जांच करवा रही है तो मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार से जुड़े आरोपों की भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, क्योंकि उनके नाम भी चार्जशीट में शामिल हैं। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, हिमकेयर योजना के लंबित भुगतान और खाली पड़े पदों का मुद्दा भी सदन में उठाया। रणधीर शर्मा के अनुसार हिमकेयर योजना के तहत आईजीएमसी के करीब 80 करोड़, टांडा मेडिकल कॉलेज के 72 करोड़, एम्स के 60 करोड़ और पीजीआई के 20 करोड़ रुपए का भुगतान लंबित है।

◆ स्वास्थ्य सेवाओं, लंबित भुगतान व चार्जशीट को लेकर सरकार से मांगा जवाब

रणधीर शर्मा ने 15वें वित्त आयोग से मिले 521 करोड़ रुपए के उपयोग को लेकर भी सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इस राशि का आधा हिस्सा भी खर्च नहीं कर सकी है। साथ ही 15 क्रिटिकल केयर ब्लॉक स्वीकृत होने के बावजूद उनका निर्माण शुरू न होने का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने की मांग की। उन्होंने कहा कि रिक्त पदों को भरने के बजाय पुरुष और महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता संवर्ग समाप्त किए जा रहे हैं। रणधीर शर्मा ने नयनादेवी आदर्श संस्थान में रिक्तियों तथा अपने क्षेत्र में डॉक्टरों के 13 खाली पदों को भरने की मांग भी सरकार के समक्ष रखी।

राष्ट्रगान विवाद पर परमार का पलटवार

भाजपा विधायक विपिन सिंह परमार ने राष्ट्रगान को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर लगाए गए आरोपों को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि सदन की परंपराओं के अनुसार जब राष्ट्रगान हुआ तो विपक्ष के सभी विधायक सम्मानपूर्वक अपनी जगह खड़े हुए और पूरे सम्मान के साथ इसमें शामिल हुए। परमार ने कहा कि विपक्ष ने नियमों और मौजूदा प्रोटोकॉल का हवाला देते हुए राष्ट्रगान को भी पूरे सम्मान के साथ गाए जाने की मांग की थी। उन्होंने मुख्यमंत्री पर सदन के भीतर गलत तथ्य प्रस्तुत करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वीडियो सामने आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो चुकी है और मुख्यमंत्री को इस मामले में माफी मांगनी चाहिए।

मानसून सत्र | सत्ता पक्ष व विपक्ष के आमने-सामने कड़े तेवर, विधानसभा परिसर से सदन तक गूंज रही नारेबाजी

हिमाचल विधानसभा मानसून सत्र में सवालों से ज्यादा सियासत का शोर

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल विधानसभा का मानसून सत्र जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, सदन के भीतर सवालों के साथ सियासत का शोर भी लगातार तेज होता जा रहा है। सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने हैं और दोनों तरफ से अपने-अपने मुद्दों को लेकर तीखे तेवर अपनाए जा रहे हैं। विपक्ष जहां सरकार को घेरने के लिए आक्रामक रणनीति के साथ सदन में उतर रहा है। वहीं, सत्ता पक्ष भी विपक्ष के हमलों का उसी अंदाज में जवाब दे रहा है।

विधानसभा परिसर के बाहर भी राजनीतिक नारेबाजी और अंदर सदन में तीखी बहस ने माहौल को गरमा दिया है। कई मौकों पर ऐसा लगा कि जनहित के गंभीर सवालों पर होने वाली चर्चा के बीच सियासी टकराव हावी हो गया। इसके बावजूद प्रश्नकाल में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आपदा, पेयजल, पर्यटन और कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दे लगातार सामने आते रहे। सत्र के शुरुआती दौर में 'वंदे मातरम' और राष्ट्रगान को लेकर उठा विवाद भी इसी बढ़ती सियासी तल्खी की एक तस्वीर बना। यानी इस बार विधानसभा में सवाल भी हैं, जवाब भी हैं, लेकिन उनके बीच सत्ता और विपक्ष की सियासी भिड़ंत ने पूरे सत्र की फिजा को खासा गर्म कर रखा है।

◆ जनहित के सवालों के बीच सियासी टकराव ने बढ़ाई तपिश

मानसून सत्र में आपदा, राहत और स्वास्थ्य ऐसे मुद्दे रहे जिन पर राजनीतिक टकराव से अलग जनता की वास्तविक पीड़ा साफ दिखाई दी। केंद्र से घोषित 1500 करोड़ रुपए की राहत राशि में से राज्य को अभी तक राशि नहीं मिलने का सरकार का जवाब सत्ता पक्ष ने केंद्र के खिलाफ राजनीतिक मुद्दे के तौर पर उठाया, जबकि विपक्ष ने सरकार से आपदा राहत की स्थिति और उसके प्रबंधन को लेकर जवाब मांगा। इसी तरह भरमौर-पांगी जैसे दुर्गम क्षेत्रों में चिकित्सकों और कर्मचारियों की कमी, स्वास्थ्य संस्थानों की स्थिति तथा सुविधाओं से जुड़े सवाल सदन में उठे।

सड़क, पुल, पेयजल, शिक्षा व विभिन्न विभागों में रिक्त पदों से जुड़े सवाल भी सामने आए। इन मुद्दों ने यह स्पष्ट किया कि सियासी शोर के बीच हिमाचल के लोगों की प्राथमिकताएं आज भी बेहद बुनियादी हैं, उन्हें बेहतर सड़क चाहिए, अस्पताल में डॉक्टर चाहिए, बच्चों के लिए शिक्षक चाहिए और आपदा के बाद राहत तथा पुनर्वास का काम जमीन पर चाहिए।

सत्र के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के बीच राजनीतिक वार-पलटवार भी लगातार देखने को मिल रहा है। विपक्ष ने बेरोजगारी, सड़क-स्वास्थ्य-शिक्षा व्यवस्था, कानून-व्यवस्था, संस्थानों से जुड़े फैसलों और आपदा राहत को लेकर सरकार पर निशाना साधा, तो सत्ता पक्ष ने सरकार के फैसलों और उपलब्धियों का पक्ष रखते हुए पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल तथा उसके फैसलों को भी बहस के केंद्र में ला दिया। 24 अगस्त को राष्ट्रगान-राष्ट्रगीत विवाद के बाद सदन में तीखी बहस, नारेबाजी और भाजपा विधायकों के वाकआउट ने दोनों पक्षों के बीच बढ़ी दूरी को और स्पष्ट किया।

प्रश्न काल की भूमिका देख रही महत्वपूर्ण

विधानसभा परिसर में भी दोनों तरफ से नारेबाजी और राजनीतिक प्रदर्शन ने माहौल को गर्म रखा। हालांकि, इस पूरे टकराव के बीच प्रश्नकाल की भूमिका महत्वपूर्ण रही, क्योंकि सरकार को विधायकों के सवालों पर आंकड़ों और तथ्यों के साथ जवाब देना पड़ा और कई स्थानीय समस्याएं विधानसभा के रिकॉर्ड में दर्ज हुईं। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की ओर से सरकारी आश्वासनों की समीक्षा पर जोर दिया जाना भी इस बात का संकेत है कि सदन में कही गई बातों का असर जमीन पर दिखना जरूरी है।

न्यूज ब्रीफ

अल्ट्रासाउंड केंद्रों की निगरानी बढ़ाने के निर्देश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। धर्मशाला में सीएमओ डॉ. ओमेश कुमार भारती की अध्यक्षता में पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम के तहत जिला सलाहकार समिति व जिला उपयुक्त प्राधिकरण की बैठक हुई। विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों से प्राप्त 16 आवेदनों में से 12 को मौके पर मंजूरी दी गई। डॉ. भारती ने क्लीनिक व अल्ट्रासाउंड केंद्रों के नियमित औचक निरीक्षण तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष निगरानी के निर्देश दिए। अनियमितता मिलने पर तत्काल कार्रवाई के साथ रिपोर्ट भेजने को कहा। केंद्रों पर 'यहां भ्रूण की लिंग जांच नहीं होती' बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश भी दिए।

साध्वी भाग्यश्री ने बताया जीवन-मृत्यु का मर्म

अनंत ज्ञान, आशीष दमीर, कांगड़ा। शाहपुर के अभिनंदन मैरिज पैलेस में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन साध्वी भाग्यश्री भारती ने कथा का महत्व बताया। भीष्म पितामह प्रसंग के माध्यम से उन्होंने कहा कि मृत्यु सभी को आनी है, लेकिन वही मृत्यु सफल है, जिसके आने पर जीवन भी सफल हो। परीक्षित प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने कलियुग के बढ़ते प्रभाव से सावधान रहने और सही मार्गदर्शक के माध्यम से जीवन को दिशा देने का संदेश दिया।

थुरल और टिकरी में आज बंद रहेगी बिजली

अनंत ज्ञान, डरोह। विद्युत उपमंडल थुरल के सहायक अभियंता इंजीनियर प्रवीण सिंह ने बताया कि उपमंडल के अंतर्गत आने वाले 11 केवी लोकल थुरल एचटी लाइन की मरम्मत हेतु थुरल, हेव, टिकरी, नलेड़,हलूं, थाना भनाड़, नौंण, भ्रांता, मूंढी, बटाहण, भाटी, लुहार पंगा, सेदूं, बलोह, मरघुणी आदि गांवों की विद्युत आपूर्ति 26 अगस्त को सुबह 9:00 बजे से लेकर कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी। मौसम खराब रहने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा।

लंज कॉलेज में आज होगी नई कार्यकारिणी गठित

अनंत ज्ञान, शाहपुर। राजकीय महाविद्यालय लंज में 26 अगस्त को अभिभावक-शिक्षक संघ (पीटीए) की विशेष सभा का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष सभा में पीटीए की नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। प्राचार्य संजय शर्मा ने बताया कि सभा में अभिभावकों एवं शिक्षकों की सहभागिता से नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। उन्होंने सभी अभिभावकों से विशेष सभा में उपस्थित होकर महाविद्यालय के विकास एवं विद्यार्थियों के हित में अपना सहयोग देने की अपील की है।

नरेंद्र परमार डीजीपी डिस्क अवॉर्ड से सम्मानित

अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह। पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय डरोह में एएसआई नरेंद्र परमार को डीजीपी डिस्क अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। सोमवार को पीटीसी के डीआईजी खुशाल शर्मा ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। परमार ने पीटीसी डरोह में आउटडोर प्रशिक्षक के रूप में सराहनीय कार्य करते हुए प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनके योगदान को देखते हुए हिमाचल प्रदेश पुलिस के डीजीपी डिस्क सम्मान के लिए चुना गया। इस अवसर पर एसपी भूपिंदर सिंह कंवर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

मस्तपुर और इच्छी में कल बंद रहेगी बिजली

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। धर्मशाला विद्युत उपमंडल नंबर-2 के सहायक अभियंता लोकेश चैधरी ने बताया कि पुरानी विद्युत लाइनों को बदलने तथा सामान्य रख रखाव के कारण डीटीआर 250 केवीए मस्तपुर, 100 केवीए कंदरेहड़-2, 100 केवीए डब्ल्यूएसएस कंदरेहड़ बंद रहेंगे। इसके चलते मस्तपुर, इच्छी, अप्पर चैतडू तथा साथ लगते क्षेत्रों में 27 अगस्त सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। मौसम खराब होने पर उक्त कार्य अगले दिन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील भी की है।

अपशिष्ट सामग्री से तैयार की राखियां

अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के ईको क्लब विद्यार्थियों ने अनुपयोगी एवं अपशिष्ट सामग्री से इको फ्रेंडली राखियां तैयार कीं। 'वेस्ट टू रिस्ट' नामक इस पहल का आयोजन संयोजिका डॉ. मीनाक्षी के मार्गदर्शन में हुआ। विद्यार्थियों ने राखियों का स्टॉल लगाया। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां रचनात्मकता, आत्मविश्वास और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करती हैं।

धर्मशाला कॉलेज में संस्कृत विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला में संस्कृत सप्ताह के शुभारंभ पर संस्कृत विभाग ने प्राचार्य डॉ. रविन्द्र सिंह गिल के मार्गदर्शन में 'संस्कृत विज्ञान प्रदर्शनी' का आयोजन किया। प्रशिक्षुओं ने संस्कृत ग्रंथों, श्लोकों एवं शास्त्रीय साहित्य में निहित वैज्ञानिक तथ्यों तथा गणितीय सिद्धांतों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया और उनका आधुनिक विज्ञान से संबंध समझाया। प्राचार्य ने प्रशिक्षुओं व प्राध्यापकों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन संस्कृत, विज्ञान और गणित के प्रति रुचि बढ़ाने में सहायक हैं।

मेजर दुर्गा मल व कैप्टन दल बहादुर को दी श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। धर्मशाला के दाड़ी में महान स्वतंत्रता सेनानी एवं बलिदानी मेजर दुर्गा मल और कैप्टन दल बहादुर के बलिदान दिवस पर स्मृति कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसपी कांगड़ा कुलभूषण वर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानियां युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने, नशे व सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ एकजुट होने तथा राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक योगदान देने का आह्वान किया।

भीम टिल्ला के पास दो कारों और स्कूटी की टक्कर

अनंत ज्ञान, राजकुमार चौधरी, गगल। गगल थाना क्षेत्र के अंतर्गत चैतडू-भीम टिल्ला के पास दो कारों और एक स्कूटी की टक्कर हो गई। जानकारी के अनुसार स्कूटी धर्मशाला की तरफ से आ रही थी, जबकि एक कार गगल की ओर से जा रही थी। वहीं, तीसरी कार वर्कशॉप के अंदर लगी हुई थी, जिसे चालक पीछे की ओर निकाल रहा था। इसी दौरान तीनों वाहनों के बीच टक्कर हो गई हादसे में किसी के घायल होने की जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है। पुलिस के पहुंचने से पहले ही तीनों पक्षों ने आपस में समझौता कर लिया था।

27 को पंजाब महाबंद को लेकर तैयारियां पूरी

अनंत ज्ञान, पठानकोट। 27 अगस्त के पंजाब महाबंद को सफल बनाने के लिए पठानकोट में मुलाजिमों और पेंशनरों की आपात बैठक हुई। पीएसएमएसयू, सांझा फ्रंट व सांझी तालमेल कमेटी ने विभिन्न विभागों के कर्मचारियों की ड्यूटियां लगाईं और सामूहिक छुट्टी के लिए फार्म वितरित किए। जत्थेबंदी नेताओं ने डिप्टी कमिश्नर को मांग-पत्र सौंपा तथा पंजाब सरकार का पुतला फूंककर रोष जताया। नेताओं ने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो संघर्ष और तेज किया जाएगा।

गैस वितरण सुनिश्चित करें एजेंसियां : एसडीएम

अनंत ज्ञान, कांगड़ा। एसडीएम कांगड़ा डॉ. अंजलि गर्ग ने कांगड़ा क्षेत्र में गैस आपूर्ति करने वाली सभी एजेंसियों को उपभोक्ताओं के घर-द्वार गैस वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि गैस एजेंसियों की कार्यप्रणाली को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही हैं। कई एजेंसियां छोटे वाहनों के बजाय बड़े वाहनों से गैस वितरण कर रही हैं, जो संकरी गलियों और घरों तक नहीं पहुंच पाते। इससे उपभोक्ताओं को निर्धारित व्यवस्था के तहत घर-द्वार गैस नहीं मिल रही। एसडीएम ने एजेंसियों को छोटे वाहनों का उपयोग कर निर्धारित नियमों के अनुसार गैस पहुंचाने के निर्देश दिए। उल्लंघन पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

धर्मशाला में अब तक 91 हजार किलो चाय उत्पादन

नवंबर माह तक कुल उत्पादन डेढ़ लाख किलोग्राम तक पहुंचने की उम्मीद

◆ अगस्त माह में बारिश से उत्पादन प्रभावित

अनंत ज्ञान

राजेश कुमार, धर्मशाला। जिला मुख्यालय धर्मशाला स्थित चाय उद्योग में अब तक 91 हजार किलोग्राम चाय उत्पादन हो चुका है और नवंबर माह तक डेढ़ लाख किलोग्राम तक पहुंचने की उम्मीद है। अगस्त माह में अब तक हुई बारिश से उत्पादन प्रभावित हुआ है, इस माह उद्योग प्रबंधन को 25 हजार किलोग्राम उत्पादन की आस थी, लेकिन 16 हजार किलोग्राम के करीब ही चाय बन पाएगी। हालांकि आस थी कि उत्पादन एक लाख 60 हजार से ऊपर जाएगा, लेकिन अगस्त में आई कमी से अब उत्पादन डेढ़ लाख किलोग्राम तक ही जाएगा। गौरतलब है कि पिछले वर्ष उत्पादन एक लाख 37 हजार किलोग्राम से अधिक रहा था, जिसमें इस वर्ष बढ़ोतरी कि आस प्रबंधन लगाए है।

◆ 25 हजार की थी आस, 16 हजार किलोग्राम तक ही होगा उत्पादन

पिछले साल से अधिक बारिश : सुजीत राय

धर्मशाला चाय उद्योग के प्रोडक्शन मैनेजर सुजीत राय ने बताया कि पिछले साल से इस बार बहुत ज्यादा बारिश हो गई है, जिससे पत्ती थोड़ी बैठ जाती है, उसके कारण थोड़ा प्रोडक्शन थोड़ा डाउन चला गया। आस थी कि अगस्त में कि 25,000 किलोग्राम चाय बन जाएगी, लेकिन बारिश कि वजह से अगस्त में 15 या 16 हजार ही चाय बन पाएगी, जबकि सितंबर अगर धूप अच्छी रहती है तो उत्पादन अच्छा हो जाएगा।

बिक चुकी है अप्रैल की चाय

बकौल सुजीत राय अप्रैल वाली चाय पूरी बिक चुकी है। तैयार चाय को ज्यादा दिन नहीं रखा जाता, क्योंकि ज्यादा रखेंगे तो उतना ही प्राइस घटते जाता है। अच्छा प्राइस मिलता है तो उसी टाइम चाय बेच दी जाती है।

अक्तूबर में करेंगे एक्सपोर्टः सुजीत ने बताया कि अभी तक बनाई चाय को एस वर्ष अभी ता एक्सपोर्ट नहीं किया गया है। अक्तूबर में चाय अच्छी होती है, उसको बनाकर एक्सपोर्ट करते हैं।

जुलाई में अधिक उत्पादन

सुजीत राय ने बताया कि एस बार जुलाई का उत्पादन पिछले साल के मुकाबले अधिक रहा है। पिछले वर्ष जुलाई में 22 हजार किलोग्राम चाय बनी थी, जबकि इस बार जुलाई में एक हजार किलोग्राम अधिक 23 हजार किलोग्राम उत्पादन रहा है।

एक माह बाद भी देहरा के लापता दो युवकों का नहीं लगा कोई सुराग

एसपी को ज्ञापन सौंपते हुए।

◆ डॉ. सुकृत सागर के साथ एसपी कार्यालय पहुंचे परिजन जांच तेज करने की उठाई मांग

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। देहरा के भगरोट गांव से 28 जुलाई से लापता दो युवकों कृष शर्मा और साक्षिव कुमार का करीब एक माह बाद भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

दोनों संस्कृत विद्यालय बलाहड़ में पढ़ते थे और सुबह घर से स्कूल के लिए निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। तलाश के दौरान उनके बैग ब्यास नदी के किनारे मिले थे, जिसके बाद पुलिस ने नदी में बहने या डूबने की आशंका को लेकर सर्च अभियान चलाया। मंगलवार को दोनों युवकों के परिजनों और ग्रामीणों के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ. सुकृत सागर तथा बीडीसी देहरा की वाइस चेयरमैन रुबीना चौधरी ने पुलिस अधीक्षक देहरा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर जांच को व्यापक बनाने और तलाश अभियान तेज करने की मांग की। डॉ. सुकृत सागर ने कहा कि पिछले 10–15 दिनों से जांच की गति धीमी महसूस हो रही है। उन्होंने पुलिस से जल्द ठोस प्रगति की उम्मीद जताई। परिजनों ने बच्चों के जल्द मिलने की उम्मीद व्यक्त की।

युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ नहीं सहेगा हिमाचल पालमपुर से हुआ आंदोलन का शंखनाद : राजीव

पालमपुर में भाजयुमो ने निकाली आक्रोश रैली, सरकार से मांगा श्वेत पत्र

◆ युवाओं के साथ किए वादों से मुकर रही कांग्रेस सरकार : त्रिलोक कपूर

अनंत ज्ञान

पालमपुर में आक्रोश रैली निकालते हुए।

अजय पाल, पालमपुर। पालमपुर विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के आह्वान पर युवाओं की आक्रोश रैली निकाली गई। लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह पालमपुर से शुरू हुई यह रैली लगभग दो किलोमीटर की दूरी तय करते हुए भाजपा जिला कार्यालय पालमपुर पहुंची। ब

रैली में कांगड़ा–चंबा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज, प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष डॉ. सन्नी शुक्ला तथा भाजपा प्रदेश वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर विशेष रूप से उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने से पहले युवाओं से बड़े–बड़े वादे किए थे, लेकिन आज वही युवा अपने अधिकारों और रोजगार के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं। सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने पालमपुर भाजपा कार्यकर्ताओं और युवा मोर्चा की सराहना करते हुए कहा कि जिस तरह भारी संख्या में युवाओं ने रैली में भाग लिया, वह उनके उत्साह और सरकार की नीतियों के प्रति आक्रोश को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि विधानसभा का सत्र चल रहा है और भाजपा की स्पष्ट मांग है कि सरकार युवाओं को उपलब्ध करवाए गए रोजगार और सरकारी नौकरियों का पूरा आंकड़ा सार्वजनिक करे तथा इस संबंध में श्वेत पत्र जारी करे। प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष डॉ. सन्नी शुक्ला ने कहा कि प्रदेश सरकार की नीतियों को लेकर युवा वर्ग में भारी रोष है। रैली से पूर्व भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम पालमपुर को ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से युवाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों, रोजगार, सरकारी नौकरियों तथा अन्य समस्याओं को सरकार के समक्ष उठाते हुए इनके शीघ्र समाधान की मांग की गई।

बरसात और सफर की मुश्किलों को देखते हुए 63 नए परीक्षा केंद्र बनाए

◆ सितंबर-अक्तूबर में होने वाली एसओएस व नियमित परीक्षाओं के लिए डॉ. राजेश ने जारी किए निर्देश

◆ प्रदेश शिक्षा बोर्ड अब 230 सेंटरों पर करवाएगा एग्जाम

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश में सितंबर–अक्तूबर में आयोजित होने वाली स्टेट ओपन स्कूल (एसओएस) और नियमित कक्षाओं की परीक्षाओं को लेकर स्कूल शिक्षा बोर्ड ने छात्रों को एक बड़ी सौगात दी है।

विद्यार्थियों की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए बोर्ड ने 63 नए अतिरिक्त परीक्षा केंद्र अधिसूचित किए हैं। इन नए केंद्रों के जुड़ने के बाद अब प्रदेश भर में कुल 230 केंद्रों पर परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। ज्ञात हो कि इससे पहले 21 अगस्त 2026 को बोर्ड ने 167 परीक्षा केंद्र तय किए थे।

भौगोलिक परिस्थितियों और बरसात को देखते हुए लिया फैसला: बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि हिमाचल की भौगोलिक स्थिति और बरसात के मौसम में खराब होने वाले रास्तों को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। बोर्ड की यह प्राथमिकता है कि दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में कम से कम परेशानी का सामना करना पड़े। इन 63 नए केंद्रों को निर्धारित करते समय परीक्षार्थियों की कुल संख्या, स्थानीय स्कूलों की उपलब्धता और आवागमन (ट्रांसपोर्ट) की सुविधाओं का विशेष रूप से मूल्यांकन किया गया है।

नकल पर जीरो टॉलरेंस, सीसीटीवी फुटेज रखनी होगी सुरक्षित

छात्रों को राहत के साथ बोर्ड ने परीक्षा की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सख्त रुख अपनाया है। डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि परीक्षा की पवित्रता से कोई समझौता नहीं होगा। सभी केंद्रों को सीसीटीवी फुटेज कम से कम छह महीने सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं। सामूहिक नकल या अनुचित साधनों में स्टाफ की संलिप्तता मिलने पर केंद्र की मान्यता रद्द की जा सकती है। बोर्ड अध्यक्ष ने प्रदेश के सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया की अफवाहों से बचें। परीक्षा केंद्र, डेटशीट और अन्य किसी भी प्रकार के दिशा-निर्देशों के लिए केवल हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर ही भरोसा करें। इसके साथ ही उन्होंने सभी परीक्षार्थियों को आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए पूरे आत्मविश्वास और लगन के साथ तैयारी करने का आह्वान किया है।

सरकार का बड़ा तोहफा : एयरपोर्ट प्रभावित 70 परिवारों को मिलेगा उचित मुआवजा

◆ काजल की पैरवी पर डिप्टी सीएम ने किया ऐलान, आरएंडआर का भी लाभ मिलेगा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तारीकरण की जद में आने वाले 60 से 70 परिवारों के लिए राहत की खबर है। कांगड़ा के विधायक पवन काजल की पैरवी पर मंगलवार को सरकार ने सदन में बड़ा ऐलान किया है। विधानसभा के मानसून सत्र में विधायक पवन काजल द्वारा नियम–62 के तहत सदन में गगल के 70 परिवारों का मसला उठाया गया।

इस पर डिप्टी सीएम मुकेश अग्रिहोत्री ने ऐलान किया कि इन परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाएगा। साथ ही आरएंडआर का भी लाभ मिलेगा। सरकार इन परिवारों के साथ है और उन्हें उनका हक हर हाल में दिलाया जाएगा। सीएम की गैरमौजूदगी में आज डिप्टी सीएम मुकेश अग्हिोत्री को सरकार की ओर से जवाब देने के लिए अधिगृहित किया गया था। बता दें कि मंगलवार को सदन में विधायक पवन काजल ने नियम 62 के तहत गगल के उन 60 से 70 परिवारों की बात रखी, जो दशकों से सरकारी या पंचायत द्वारा देय जमीन पर रह रहे हैं, लेकिन मुआवजे से वंचित हैं। विधायक पवन काजल ने सदन में बताया कि गगल के यह परिवार दशकों से गगल में रह रहे हैं और अपनी रोजी–रोटी कमा रहे हैं।

जिंदगी के इस मोड़ पर इन परिवारों को अकेला नहीं छोड़ा जा सकता। हाल ही में गगल के इन प्रभावित परिवारों ने डीसी कांगड़ा से भी मुलाकात की थी और अपनी समस्या से अवगत करवाया था। हालांकि सरकार मुआवजा भी दे रही है, लेकिन प्रभावितों में 60 से 70 परिवार ऐसे हैं, जिन्हें न तो मुआवजा मिल रहा है और न ही आरएंडआर का लाभ। ये वे परिवार हैं, जो पाकिस्तान से आकर दशकों से गगल में रह रहे हैं।

स्कूल शिक्षा बोर्ड करे पंजीकरण शुल्क वृद्धि पर पुनर्विचार : टीजीटी कला संघ

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा नौवीं एवं ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के पंजीकरण शुल्क तथा विलंब शुल्क में की गई अत्यधिक वृद्धि रिव्यू की जाए। राजकीय टीजीटी कला संघ ने इतनी अधिक शुल्क वृद्धि पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए बोर्ड से इस निर्णय पर विद्यार्थी हित में तत्काल पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, उपाध्यक्ष विजय बरवाल और महासचिव विजय हीर सहित प्रदेश की सारी कार्यकारिणी का कहना है कि शुल्क में कई गुना वृद्धि से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों और विकलांग विद्यार्थियों पर अनावश्यक वित्तीय बोझ पड़ेगा। इसलिए बोर्ड छात्र हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संशोधित शुल्क को कम किया जाए।

इसके अलावा शिक्षा बोर्ड द्वारा मूल्यांकन कार्य, उत्तरपुस्तिका जांच तथा अन्य परीक्षा संबंधी दायित्वों का निर्वहन करने वाले शिक्षकों का लंबित मानदेय शीघ्र जारी किया जाए। संघ ने बोर्ड से आग्रह किया गया है कि छात्र पंजीकरण पोर्टल में यू–डाइस के उपलब्ध डेटा से सीएसवी प्रारूप के माध्यम से विद्यार्थियों का विवरण सीधे आयात करने की सुविधा प्रदान की जाए। वर्तमान में विद्यार्थियों का संपूर्ण विवरण यू–डाइस में उपलब्ध होने के बावजूद विद्यालयों को वही जानकारी पुनः मैनुअल रूप से भरनी पड़ती है, जिससे समय की बर्बाद होता है और त्रुटियों की संभावना बढ़ जाती है। यदि आयात सुविधा उपलब्ध कराई जाती है तो पंजीकरण प्रक्रिया सरल तथा त्रुटिरहित बनेगी। आगामी शैक्षणिक सत्र से दिल्ली में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा भी ऐसी व्यवस्था लागू की जा रही है, इसलिए हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड को भी विद्यार्थियों एवं विद्यालयों के हित में इस व्यवस्था को शीघ्र लागू करना चाहिए।

न्यूज ब्रीफ

67 विद्यार्थियों व 7 अध्यापकों ने लिया प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान, धनेटा। राजकीय महाविद्यालय धनेटा में दो सप्ताह की 'कंप्यूटर स्किल्स एंड ई-रिसोर्सेज' क्षमता निर्माण कार्यशाला का समापन हुआ। 11 से 24 अगस्त तक आयोजित कार्यशाला में 67 विद्यार्थियों व 7 अध्यापकों ने एमएस वर्ड, एक्सेल, पावरपॉइंट और ई-संसाधनों के उपयोग का प्रशिक्षण लिया। प्राचार्य डॉ. ज्ञान चंद राणा ने डिजिटल कौशल को शैक्षणिक व व्यावसायिक विकास के लिए आवश्यक बताया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

जिला समन्वयक के दो पदों के लिए 6 तक करें आवेदन

अनंत ज्ञान, गलोड़। सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड ने हिमाचल के सोलन और हमीरपुर जिलों में जिला समन्वयक के एक-एक पद पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। नियुक्ति अनुबंध आधार पर होगी। आवेदन की अंतिम तिथि 6 सितंबर 2026 है। संबंधित जिले का निवासी होना अनिवार्य है। शॉर्टलिस्ट अभ्यर्थियों को साक्षात्कार की जानकारी ईमेल या फोन से दी जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी सीएससी के आधिकारिक करियर पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

एनीमिया से बचाव और पौष्टिक आहार का बताया महत्व

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर टिहरा में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर रेड रिबन क्लब, यूथ, हेल्थ, जेंडर समिति और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्राचार्य डॉ. विभा ठाकुर ने एनीमिया से बचाव और पौष्टिक आहार का महत्व बताया। डॉ. दीक्षा ने विद्यार्थियों को पोषण, मानसिक स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवनशैली की जानकारी दी। पोस्टर, रंगोली व भाषण प्रतियोगिताओं में 110 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

विद्यार्थियों ने पौधों के संरक्षण का लिया संकल्प

अनंत ज्ञान, गलोड़। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अपर हड़ेटा में इको क्लब हड़ेटा में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य हरजीत सिंह चंदेल ने पर्यावरण संरक्षण को जरूरी बताया। अध्यापिका सीमा कुमारी ने पौधों को मां के नाम रोपकर देखभाल करने का संदेश दिया। वन विभाग ने पौधों के रखरखाव की जानकारी दी।

मधुमेह और एनीमिया से बचाव के प्रति किया जागरूक

अनंत ज्ञान, भोरंज। आयुष आरोग्य मंदिर खतरवाड़ के सौजन्य से आंगनबाड़ी केंद्र संगरवाड़ में निःशुल्क आयुर्वेद स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 50 ग्रामीणों की शुगर और हीमोग्लोबिन जांच की गई। 20 लोगों में रक्त शर्करा बढ़ी, जबकि 10 में हीमोग्लोबिन की कमी मिली। डॉ. विजेंद्र सिंह बैंस ने संतुलित आहार, आयरन युक्त खाद्य पदार्थ, नियमित योग और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। योग प्रशिक्षक धीरज ने योगाभ्यास करवाया।
35 महिलाओं ने लिया प्रशिक्षण में भाग

अमरोह में किसानों की आय बढ़ाने पर जोर

अनंत ज्ञान, भोरंज। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत अमरोह पंचायत में किसानों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ। खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नौणी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित शिविर में करीब 35 महिलाएं व पंचायत प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। प्रदेश कौशल विकास निगम के समन्वयक अतुल कड़ोहता ने शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कृषि को टिकाऊ और लाभकारी बनाने तथा किसानों की आय बढ़ाने पर जोर दिया। विशेषज्ञ डॉ. अनिल कुमार वर्मा ने स्थानीय उत्पादों के प्रसंस्करण, संरक्षण, पैकेजिंग और मूल्य संवर्धन की जानकारी दी।

संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने की बनाई रणनीति

अनंत ज्ञान, चंबोह। भारतीय जनता पार्टी ग्राम केंद्र चंबोह की बैठक डॉ. अनिल धीमान की अध्यक्षता में हुई। ग्राम केंद्र प्रभारी कैप्टन हिटलर ठाकुर ने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की। उन्होंने शक्ति केंद्र, बूथ और मंडल को संगठन की निर्णायक ताकत बता कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क बढ़ाने का आह्वान किया। बैठक में मासिक बैठकों, संगठनात्मक अभियानों और आगामी गतिविधियों को लेकर रणनीति बनाई गई।

रक्षाबंधन से पहले सुजानपुर बाजार में बढ़ी रौनक

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। रक्षाबंधन को लेकर सुजानपुर बाजार में रौनक बढ़ने लगी है। बाजार में रंग-बिरंगी, कार्टून कैरेक्टर और स्टाइलिश राखियों की कई वैरायटी उपलब्ध हैं। महिलाएं और बच्चे राखियों की खरीदारी के लिए बाजार पहुंच रहे हैं। राखी के साथ मिठाइयों और उपहारों की खरीदारी भी शुरू हो गई है। 28 अगस्त को रक्षाबंधन होने के चलते आने वाले दिनों में बाजार में भीड़ बढ़ने की उम्मीद है।

सहकारी सभाओं की समस्याओं का समाधान करना सरकार की प्राथमिकताः सुनील बिट्टू

कहा- भारतीय रिजर्व बैंक और केंद्र सरकार के समक्ष प्रमुखता से उठाए जाएंगे सभी मुद्दे

अनंत ज्ञान

बचत भवन में जिला स्तरीय सहकारी सम्मेलन आयोजित।

हमीरपुर। प्रदेश राज्य सहकारी विकास संघ (हिमकोफेड) ने मंगलवार को यहां बचत भवन में जिला स्तरीय सहकारी सम्मेलन आयोजित किया, जिसमें मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस अवसर पर जिले भर की सहकारी सभाओं के प्रबंधक मंडल के सदस्यों, सचिवों, हिमकोफेड के पदाधिकारियों और सहकारिता विभाग के अधिकारियों को संबोधित करते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि सहकारी सभाएं ग्रामीण क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर कार्य करती हैं और ये सभाएं प्रत्यक्ष रूप से आम लोगों से जुड़ी होती हैं। ये सभाएं अरबों रुपए का कारोबार कर रही हैं। इसलिए, इनकी समस्याओं का समाधान करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने पौने चार वर्ष के कार्यकाल में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में कई बड़े निर्णय लिए हैं। सहकारी सभाओं के हितों की रक्षा के लिए भी वह आवश्यक कदम उठा रहे हैं। सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि सहकारी सभाओं को बैंकों से अधिक ब्याज दिलवाने तथा इससे संबंधित मुद्दों को भारतीय रिजर्व बैंक के समक्ष रखने, एचआर पॉलिसी और कंप्यूटरीकरण को लेकर केंद्र सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की अनुपालना से संबंधित सभी मुद्दों को प्रदेश सरकार प्रमुखता से उठाएगी, ताकि सहकारी सभाओं के हितों की रक्षा की जा सके। उन्होंने कहा कि सहकारी सभाओं के कर्मचारियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था हमीरपुर में ही करवाने का मामला भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा। बिट्टू ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जिला हमीरपुर को मेडिकल कॉलेज, डेंटल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, प्रदेश का पहला अलाइड हेल्थ कॉलेज, डेडिकेटड साइंस कॉलेज और आयुर्वेदिक एम्स जैसे बड़े संस्थान मंजूर किए हैं। इस अवसर पर सहायक पंजीयक रवि कुमार ने जिला की सहकारी सभाओं की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। वहीं, जिला सहकारी विकास संघ के अध्यक्ष यशवीर पटियाल, हिमको फेड के पूर्व सदस्य आरसी डोगरा, हिमको फेड के अधिकारी गौरव कुमार और अशोक शर्मा, सहकारी सभा कर्मचारी संघ के जिला महासचिव अशोक ने भी अपने विचार एवं सुझाव रखे। हिमको फेड के बीओडी मैंबर राजेश ठाकुर और संतोष शर्मा ने मुख्य अतिथि तथा अन्य अतिथियों का स्वागत किया। सम्मेलन में एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा, हिमको फेड के अधिकारी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेश आदि उपस्थित थे।

राज्यस्तरीय शतरंज स्पर्धा में प्रथम स्थान हासिल करने पर अर्निका को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। समीरपुर क्षेत्र के संगरोह गांव की प्रतिभाशाली शतरंज खिलाड़ी अर्निका ठाकुर ने राज्यस्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन किया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने अर्निका ठाकुर को सम्मानित कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। अर्निका ठाकुर को इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि प्रदेश की युवा प्रतिभाएं विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हिमाचल का गौरव बढ़ा रही हैं। अर्निका ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर अन्य युवा खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है। गौरतलब है कि अर्निका ठाकुर आगामी 09 सितंबर को पुडुचेरी में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय खेलों में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। उनके राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने से क्षेत्रवासियों में भी उत्साह और गर्व का माहौल है। प्रो प्रेम कुमार धूमल ने अर्निका को राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वह पुडुचेरी में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन करेंगी। उन्होंने कहा कि खेलों में युवाओं की बढ़ती भागीदारी प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है और ऐसी प्रतिभाओं को हर स्तर पर प्रोत्साहन मिलना चाहिए।

बड़सर कॉलेज के प्रधानाचार्य ने मिनी सचिवालय पुस्तकालय को भेंट की पुस्तकें

अनंत ज्ञान

बड़सर। राजकीय महाविद्यालय बड़सर के प्रधानाचार्य विक्रम सिंह ठाकुर ने मंगलवार को मिनी सचिवालय बड़सर स्थित पुस्तकालय के लिए पुस्तकों का दान किया। इस पहल का उद्देश्य पुस्तकालय के संग्रह को समृद्ध करना और विद्यार्थियों, कर्मचारियों तथा आम पाठकों को अध्ययन एवं ज्ञानवर्धक सामग्री उपलब्ध करवाना है। इस अवसर पर विक्रम सिंह ठाकुर ने कहा कि पुस्तकें ज्ञान अर्जित करने के साथ-साथ व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। सार्वजनिक पुस्तकालयों में विभिन्न विषयों से संबंधित पुस्तकों की उपलब्धता बढ़ने से पाठकों को अध्ययन के बेहतर अवसर मिलते हैं। उन्होंने कहा कि पुस्तकों के माध्यम से व्यक्ति नई जानकारी हासिल करने के साथ अपने विचारों और दृष्टिकोण को भी व्यापक बना सकता है।

मिनी सचिवालय पुस्तकालय की ओर से प्रधानाचार्य विक्रम सिंह ठाकुर की इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया गया। उपस्थित लोगों ने पुस्तक दान को समाज में पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में सकारात्मक और प्रेरणादायक कदम बताया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक पुस्तकालयों को समृद्ध बनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों और संस्थाओं को आगे आना चाहिए। इस पहल से विद्यार्थियों और आम पाठकों को उपयोगी अध्ययन सामग्री उपलब्ध होगी तथा पुस्तकालय की उपयोगिता भी बढ़ेगी।

विश्वनाथ संस्कृत महाविद्यालय चकमोह की बदहाल व्यवस्था को लेकर एबीवीपी ने किया प्रदर्शन

अनंत ज्ञान, बड़सर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की श्री विश्वनाथ संस्कृत महाविद्यालय चकमोह इकाई ने महाविद्यालय की विभिन्न समस्याओं और विद्यार्थियों की मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर प्रशासन के प्रति रोष जताया।

इकाई सचिव अमन कपिलेश ने कहा कि महाविद्यालय लंबे समय से उपेक्षा का शिकार है। यहां हिमाचल प्रदेश के आठ जिलों से विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने आते हैं, लेकिन शिक्षकों और सुविधाओं की कमी के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि ज्योतिष, इतिहास, वेद, हिंदी और कर्मकांड सहित कई महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षकों के पद लंबे समय से रिक्त हैं। विद्यार्थियों ने आधारभूत सुविधाओं की बदहाल स्थिति पर भी चिंता जताई। उनका कहना है कि पिछले दो वर्षों से सेमिनार हॉल का दरवाजा टूटा हुआ है, डैक्स क्षतिग्रस्त हैं और फर्नीचर की हालत खराब है। महाविद्यालय भवन भी जर्जर स्थिति में है। एबीवीपी ने रिक्त पदों को शीघ्र भरने, भवन व फर्नीचर की मरम्मत करवाने तथा सेमिनार हॉल का दरवाजा और टूटे डैक्स ठीक करवाने की मांग की। साथ ही चयनित भूमि पर छात्रावास निर्माण कार्य जल्द शुरू करने की मांग भी उठाई।

हिम अकादमी स्कूल में सजी भाषा प्रदर्शनी, विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

अनंत ज्ञान

स्कूल प्रबंधन ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की।

हमीरपुर। हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए भाषा प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष एवं चेयरमैन प्रो. आरसी लखनपाल, वाइस चेयरपर्सन चंद्रप्रभा लखनपाल, अकादमिक प्रधानाचार्या डॉ. हिमांशु शर्मा, उप प्रधानाचार्य अश्विनी कुमार तथा हेडमिस्ट्रेस कंचन लखनपाल ने शिरकत कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी, संस्कृत और अंग्रेजी भाषाओं के प्रति रुचि, रचनात्मकता, अभिव्यक्ति-कौशल और भाषाई दक्षता विकसित करना रहा। विद्यार्थियों ने तीनों भाषाओं से संबंधित मॉडल, चार्ट, पोस्टर, शब्दावली, व्याकरण आधारित गतिविधियां, कविताएं, कहानियां, संवाद, मुहावरे, लोकोक्तियां और भाषा-आधारित खेल प्रस्तुत किए। संस्कृत अनुभाग में श्लोक, सुभाषित, वर्णमाला और दैनिक जीवन में प्रयुक्त वाक्यों ने विशेष आकर्षण पैदा किया। हिंदी अनुभाग में साहित्यकारों का परिचय, पर्यायवाची शब्द, मुहावरे, समाचार-पत्र और कविताएं प्रस्तुत की गईं। अंग्रेजी अनुभाग में शब्द-भंडार, व्याकरण, संचार-कौशल और रोचक गतिविधियां प्रदर्शित की गईं। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियां आत्मविश्वास, रचनात्मक सोच और संचार-कौशल बढ़ाने में सहायक हैं। हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत विभाग के शिक्षकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी गई।

युवाओं ने उठाया नशामुक्त समाज का बीड़ा, 2500 विद्यार्थियों ने ली शपथ

हमीरपुर कॉलेज में नशे के खिलाफ जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

अनंत ज्ञान

क्रिकेट प्रतियोगिता में बीए फिजिकल एजुकेशन की टीम बनी विजेता

क्रिकेट प्रतियोगिता में बीए फिजिकल एजुकेशन की टीम विजेता रही। बीकॉम सेकंड ईयर ने दूसरा और बीकॉम थर्ड ईयर ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर डॉ. पवन कुमार वर्मा ने सेवानिवृत्त प्राध्यापकों प्रो. प्रकाश ठाकुर, प्रो. गढ़काराम, प्रो. उत्तम और प्रो. अल्पना शर्मा को शॉल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापक एवं कर्मचारी मौजूद रहे। विद्यार्थियों ने नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

हमीरपुर। राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में प्राचार्य डॉ. सतीश सोनी की अध्यक्षता में नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। हिमाचल प्रदेश नशा निवारण बोर्ड के कन्वीनर कम एडवाइजर नरेश कुमार ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच का शुभारंभ किया और बाद में जागरूकता एवं शपथ कार्यक्रम में भाग लिया। महाविद्यालय के N-CORD के सचिव डॉ. पवन कुमार वर्मा ने अभियान की जानकारी साझा करते हुए बताया कि करीब 2500 विद्यार्थियों, जिनमें बीए, बीकॉम, एनसीसी, एनएसएस तथा रेंजर्स एंड रोवर्स के विद्यार्थी शामिल रहे, को नशे से दूर रहने और नशामुक्त समाज बनाने की शपथ दिलाई गई।

नरेश कुमार ठाकुर ने युवाओं से नशे से दूर रहकर खेलों और सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा देना नशे के खिलाफ लड़ाई का प्रभावी माध्यम है। प्राचार्य डॉ. सतीश सोनी ने भी नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाते हुए विद्यार्थियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

बिना बकाया बिल के बिजली काटने पर दुकानदार ने विभाग पर लगाए गंभीर आरोप

अनंत ज्ञान, एसके ठाकुर, बड़सर। बड़सर विधानसभा क्षेत्र की कूल्हेड़ा पंचायत में महेंद्र हार्डवेयर स्टोर के संचालक वरला निवासी जीवन कुमार ने बिजली विभाग के कर्मचारियों पर बिना बकाया बिल के उनकी दुकान की बिजली काटने का आरोप लगाया है। जीवन के अनुसार, 24 अगस्त 2026 को विभाग के कर्मचारी अंकित कुमार तथा स्मार्ट मीटर से संबंधित राशि कांत और अभिषेक दुकान पर पहुंचे और स्मार्ट मीटर लगाने की बात कही।

जीवन का कहना है कि उन्होंने कर्मचारियों से पूछा कि मौजूदा मीटर खराब है या गलत रीडिंग दे रहा है। उन्होंने कहा कि तकनीकी खराबी होने पर वह स्मार्ट मीटर लगवाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने मामले की जांच की मांग की है। उन्होंने बिजली विभाग के बिझड़ी कोटला के सहायक अभियंता यासीन भारद्वाज से मोबाइल पर संपर्क करने की कई संपर्क साधने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

खुले में कूड़ा फेंकने वाले लोगों पर तीसरी आंख से रखी जाएगी नजर

वार्ड नंबर-2 में नौण के रास्ते पर लगा सीसीटीवी कैमरा

अनंत ज्ञान

सुजानपुर। शहर में सार्वजनिक स्थानों पर खुले में कूड़ा फेंकने वालों पर अब नगर परिषद की तीसरी आंख नजर रखेगी। नगर परिषद ने वार्ड नंबर-2 में ऐतिहासिक नौण की ओर जाने वाले रास्ते पर सीसीटीवी कैमरा स्थापित किया है। इसके माध्यम से कूड़ा फेंकने वालों की पहचान के साथ सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और गंदगी फैलाने वालों पर भी निगरानी रखी जाएगी। ऐतिहासिक नौण के रास्ते पर लंबे समय से कूड़े के ढेर लग रहे थे। स्थानीय लोगों के अनुसार कुछ लोग घरों और दुकानों का कूड़ा निर्धारित व्यवस्था को देने के बजाय खुले में फेंक देते हैं।

इससे क्षेत्र में गंदगी और दुर्गंध फैलने के साथ शहर की सुंदरता भी प्रभावित हो रही है। नगर परिषद ने घर-घर कूड़ा एकत्र करने की व्यवस्था की है, इसके बावजूद खुले में कूड़ा फेंकने की शिकायतें मिल रही हैं। ईओ हर्षित शर्मा ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने शहरवासियों से कूड़ा कर्मचारियों को देने और स्वच्छता व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की। कैमरा का उद्देश्य स्वच्छता के साथ सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी है।

लांच प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से पहले अपनी क्षमता परखेंगे छात्र, 1 करोड़ से अधिक छात्रों का भरोसा

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज ने किया एंथे 2026 लांच

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए क्या पढ़ना है यह जानना सफलता की तैयारी का सिर्फ एक हिस्सा है। अपनी मौजूदा स्थिति, अपनी मजबूतियों और उन क्षेत्रों को समझना जहां सुधार की जरूरत है उतना ही महत्वपूर्ण है।

आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम (एंथे) पिछले 16 वर्षों से तैयारी और छात्रों की सेल्फ असेसमेंट के बीच इसी गैप को दूर करने की दिशा में काम कर रहा है। एंथे की शुरुआत से अब तक 1 करोड़ से अधिक छात्रों के रजिस्ट्रेशन के साथ, यह परीक्षा भारत के सबसे बड़े और सबसे लंबे समय से संचालित स्टूडेंट असेसमेंट प्लेटफॉर्म्स में से एक बन चुकी है। टैलेंट की पहचान के उद्देश्य से शुरू हुई यह पहल अब एक स्ट्रक्चर्ड अकादमिक बेंचमार्क के रूप में विकसित हो गई है जो छात्रों को अपनी तैयारी का आकलन करने, अपनी कॉम्पिटिटिव पोटेंशियल को समझने और आगे की शैक्षणिक यात्रा के लिए एक मजबूत आधार तैयार करने में मदद करती है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के एमडी एवं सीईओ चंद्र शेखर गरिसा रेड्डी ने कहा कि हमारे लिए, एंथे कभी भी सिर्फ एक परीक्षा नहीं रही है जो किसी छात्र को स्कॉलरशिप तय करती हो। इसका बड़ा उद्देश्य छात्रों को अपनी अकादमिक क्षमता को समझने में मदद करना है खासकर उस स्तर पर जब सही मार्गदर्शन उनके भविष्य में महत्वपूर्ण बदलाव ला सकता है। पिछले 16 वर्षों में 1 करोड़ से अधिक छात्रों ने खुद को बेंचमार्क करने और यह समझने के अवसर के रूप में एंथे पर भरोसा किया है कि वे इस समय कहां खड़े हैं। एंथे को खास बनाने वाली बात यह है कि यह सिर्फ यह नहीं बताता कि छात्र ने कितने अंक हासिल किए बल्कि यह भी समझने में मदद करता है कि उसका प्रदर्शन उसकी मजबूतियों, तैयारी के स्तर और उन क्षेत्रों के बारे में क्या बताता है जिन पर उसे और काम करने की जरूरत है। हमारा प्रयास है कि हर छात्र एंथे के बाद अपनी अकादमिक यात्रा को लेकर ज्यादा स्पष्टता और आगे बढ़ने के लिए बेहतर समझ के साथ आगे बढ़े।

ऑनलाइन-ऑफलाइन होगी एंथे 2026 परीक्षा

अकादमिक असेसमेंट, कॉम्पिटिटिव रेडीनेस और एग्जाम बिहेवियर इन तीनों पहलुओं को एक साथ जोड़कर एंथे का उद्देश्य छात्रों को उनकी अकादमिक यात्रा के सबसे चुनौतीपूर्ण पड़ाव पर पहुंचने से काफी पहले ही अपनी क्षमता और तैयारी को बेहतर ढंग से समझने का अवसर देना है। एंथे की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि स्कॉलरशिप भी है जिसके माध्यम से योग्य छात्र आकाश के क्लासरूम, हाइब्रिड और डिजिटल प्रोग्राम्स का लाभ उठा सकते हैं। एंथे 2026 के तहत निर्धारित पात्रता मानदंडों के अनुसार छात्रों को 100 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप मिल सकती है। इसके अलावा टॉप परफॉर्मर्स के लिए 2.5 करोड़ रुपए के कैश प्राइज भी रखे गए हैं। यह परीक्षा कक्षा पांच से सात तक के छात्रों के लिए खुली है और ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यमों में आयोजित की जाएगी। एंथे 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन अब शुरू हो चुके हैं और छात्र आधिकारिक एंथे पोर्टल तथा देशभर में मौजूद आकाश सेंटर के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन परीक्षा 27 अक्तूबर से 1 नवंबर 2026 तक आयोजित होगी, जबकि ऑफलाइन परीक्षा 11 अक्तूबर, 25 अक्तूबर और 1 नवंबर 2026 को आयोजित की जाएगी।

सांसद सिकंदर ने केंद्रीय मंत्री गडकरी से किया आग्रह

नादौन-होशियारपुर व कोहली-भगेड़ फोरलेन परियोजनाओं को जल्द किया जाए शुरू

अनंत ज्ञान

सोनल, नादौन। राज्यसभा सांसद एवं हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. (डॉ.) सिकंदर कुमार ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र और सीमावर्ती क्षेत्रों से जुड़ी दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को शीघ्र शुरू करने की मांग उठाई है। उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र भेजकर नादौन-होशियारपुर तथा कोहली-भगेड़ फोरलेन खंड से जुड़ी लंबित औपचारिकताएं जल्द पूरी करने का आग्रह किया।

डॉ. सिकंदर कुमार ने बताया कि नादौन से पंजाब बॉर्डर (होशियारपुर) तक राष्ट्रीय राजमार्ग की एलाइनमेंट लगभग तय हो चुकी है। करीब तीन माह पूर्व नादौन के समीप दर्ज आपत्तियों का निवारण कर संशोधित रिपोर्ट मंत्रालय को भेजी जा चुकी है। इसके बावजूद एलाइनमेंट को अंतिम स्वीकृति और आधिकारिक पोर्टल पर स्थिति अपडेट होना लंबित है। उन्होंने अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश देने की मांग की। उन्होंने कहा कि करीब 40 किलोमीटर लंबा यह मार्ग हमीरपुर को चंडीगढ़ और दिल्ली से जोड़ने के साथ पालमपुर, जोगिंदर नगर, सरकाघाट तथा संधोल की ओर जाने वाले यातायात के लिए भी महत्वपूर्ण है। शिमला-मटौर फोरलेन के अन्य पैकेजों पर काम चल रहा है, जबकि इस खंड की तीन डीपीआर तैयार होने के बावजूद अंतिम निर्णय लंबित है। सांसद ने तीनों डीपीआर में से सबसे व्यवहारिक एलाइनमेंट को शीघ्र मंजूरी देने तथा कोहली-भगेड़ फोरलेन की औपचारिकताएं भी समयबद्ध तरीके से पूरी कर निर्माण शुरू करने का आग्रह किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों परियोजनाओं को प्राथमिकता मिलेगी।

कंप्यूटर शिक्षक भर्ती का फाइनल परिणाम घोषित 117 उम्मीदवारों का चयन

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने स्कूल शिक्षा विभाग में कंप्यूटर शिक्षकों के 118 पदों को फिक्स मानदेय के आधार पर भरने के लिए पोस्ट कोड-26032 के तहत आयोजित कंप्यूटर आधारित परीक्षा में सफल हुए उम्मीदवारों के दस्तावेजों की जांच के बाद अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि इन पदों के लिए कुल 2581 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जिनमें से 2021 उम्मीदवारों ने कंप्यूटर आधारित परीक्षा दी थी और इस परीक्षा में 293 उम्मीदवारों का चयन दस्तावेजों की जांच के लिए किया गया था। पात्र उम्मीदवार न मिलने के कारण एससी (स्वतंत्रता सेनानी परिजन) वर्ग का एक पद खाली रह गया है। सचिव ने बताया कि यह अंतिम परिणाम सभी उम्मीदवारों के नाम, रोल नंबर और अंकों सहित आयोग की वेबसाइट एचपीआरसीए.एचपी.जीओवी.इन पर उपलब्ध करवा दिया गया है।

न्यूज ब्रीफ

नड्डा से मिलीं वंदना गुलेरिया, जाना कुशलक्षेम

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं हिमाचल प्रदेश के गौरव जगत प्रकाश नड्डा से मंगलवार को भजपा नेत्री वंदना गुलेरिया ने नई दिल्ली में आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नड्डा का कुशलक्षेम जाना तथा उनके स्वास्थ्य को लेकर जानकारी ली। भेंट के दौरान दोनों के बीच स्नेहपूर्ण संवाद भी हुआ। वंदना गुलेरिया ने नड्डा के शीघ्र एवं पूर्ण स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि नड्डा से मिलना हमेशा आत्मीय, सुखद और प्रेरणादायी अनुभव रहता है। उनका स्नेह, मार्गदर्शन और आशीर्वाद कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा के साथ राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता है।

चन्नी को सीएम चेहरा बनाए कांग्रेस : चमन राही

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के प्रदेश महासचिव एवं प्रवक्ता चमन राही ने कहा कि कांग्रेस पूर्व मुख्यमंत्री चरनजीत सिंह चन्नी को पंजाब में मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करे तो पार्टी की सरकार बनने की प्रबल संभावना है। उन्होंने कहा कि पंजाब में मिले फीडबैक के अनुसार दलित समाज की बड़ी आबादी चुनाव में निर्णायक भूमिका निभा सकती है। राही ने मान्यवर साहेब कांशीराम के पैतृक गांव पिरथीपुर बंगा साहिब में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि कांशीराम के परिजनों ने बीमारी के दौरान उनसे मुलाकात न करवाने सहित कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि परिजनों को न्यायालय की शरण लेनी पड़ी थी। राही ने कांशीराम की मृत्यु से जुड़े पूरे घटनाक्रम की सीबीआई से निष्पक्ष जांच करवाने की मांग का समर्थन किया। उन्होंने केंद्र सरकार से मामले की जांच करवाकर सच्चाई सामने लाने की मांग की।

आरसीएफसी बंद होने के लिए अधिकारी जिम्मेदार : धरवाल

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। नगर परिषद जोगिंद्रनगर के पूर्व उपाध्यक्ष अजय धरवाल और पार्षद चंद्र रेखा ने जोगिंद्रनगर स्थित आरसीएफसी के बंद होने की स्थिति पर अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण संस्थान की गतिविधियां प्रभावित हुईं और किसानों को इसका अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाया। उन्होंने कहा कि नौ वर्षों में किसानों से जुड़ी करीब 36 बैठकें होनी चाहिए थीं, लेकिन केवल तीन-चार बैठकें ही आयोजित की गईं। विभिन्न समूहों के गठन का कार्य भी पूरा नहीं किया गया। नेताओं ने आरोप लगाया कि स्थानीय स्तर पर रोजगार देने के बजाय सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बड़े वेतनमान पर नियुक्त किया गया। उन्होंने बताया कि सितंबर 2025 में राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड के अधिकारियों ने केंद्र का निरीक्षण कर कार्यप्रणाली में सुधार के निर्देश दिए थे। 37 बिंदुओं पर जवाब मांगा गया और कई नोटिस जारी हुए, लेकिन अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। धरवाल और चंद्र रेखा ने केंद्र को मिले अनुदान के उपयोग, कथित भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं की जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि इस संबंध में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को पत्र भेजा जाएगा। साथ ही हिमाचल प्रदेश औषधि बोर्ड को जोगिंद्रनगर स्थानांतरित करने तथा स्थानीय किसानों से जड़ी-बूटियां खरीदने की मांग भी उठाई।

आरकेएस बैठक में मरीजों की सुविधाओं पर फोकस

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर में रोगी कल्याण समिति (आरकेएस) की शासी निकाय बैठक एसडीएम एवं समिति अध्यक्ष मनीष चौधरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अस्पताल की व्यवस्थाओं, मरीजों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं और समिति के वित्तीय मामलों पर चर्चा की गई। एजेंडे में शामिल सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से मंजूर किए गए। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 की लेखा परीक्षण रिपोर्ट को स्वीकृति दी गई। 31 मार्च 2026 तक समिति के पास 43,33,694.54 रुपए की कुल राशि का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया, जबकि विभिन्न खर्चों के बाद बैंक खाते में 24,11,217.54 रुपये शेष रहे। वर्ष के दौरान समिति को 19,92,232 रुपये की आय हुई। मरीजों की सुविधाओं के लिए चतुर्थ श्रेणी सेवाओं, मशीनरी व उपकरणों के रखरखाव, प्रयोगशाला, एक्स-रे विभाग, चिकित्सा ऑक्सीजन, दवाइयों व प्रयोगशाला रसायनों, विद्युत कार्य, कचरा निस्तारण और एंबुलेंस बीमा सहित विभिन्न मदों में खर्च को मंजूरी दी गई। बैठक में पिछली बैठक के निर्णयों की कार्रवाई रिपोर्ट भी रखी गई, जिसमें कोई मामला लंबित नहीं पाया गया। इस अवसर पर बीएमओ पधर संजय गुप्ता, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास नाथ सहित समिति के सदस्य मौजूद रहे।

हिंदी पखवाड़े में होगी भाषण-निबंध प्रतियोगिता

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। भाषा एवं संस्कृति विभाग मंडी की ओर से हिंदी पखवाड़े के तहत 9 सितंबर को संस्कृति सदन कांगणीधार में जिला स्तरीय भाषण एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिला भाषा अधिकारी रेवती सैनी ने बताया कि प्रतियोगिताओं का उद्देश्य हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार एवं उन्नयन को बढ़ावा देना है। जिले के सरकारी व निजी स्कूलों से दो-दो विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। भाषण प्रतियोगिता का विषय 'जनभाषा और राजभाषा के रूप में हिंदी की दशा और दिशा' रहेगा। भाषण की अवधि 3 से 5 मिनट होगी। निबंध का विषय 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका-हिंदी भाषा के संदर्भ में' रहेगा। निबंध की शब्द सीमा 500 से 700 शब्द होगी।

वीके रावत को मिला मानद डॉक्टरेट का सम्मान

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सरकाघाट निवासी वीके रावत को विश्व सांस्कृतिक एवं शैक्षिक संगठन की ओर से मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में अभिनेता विंदू दारा सिंह ने उन्हें सम्मान प्रदान किया। गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, अबेकस और वैदिक गणित के क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए यह सम्मान दिया गया है। वीके रावत एलआईसी सरकाघाट से जुड़े एजेंट तथा एलआईसी एसोसिएट पुष्पेंद्र ठाकुर की टीम के सदस्य हैं। वह समाजसेवा में भी सक्रिय हैं। उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई दी।

सुगमता केंद्र के स्थानांतरण पर लोगों ने जताया विरोध

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। आयुष विभाग के सुगमता केंद्र को जोगिंद्रनगर से सोलन के नौणी स्थानांतरित करने के आदेशों के विरोध में मंगलवार को शहर में सैकड़ों लोग सड़कों पर उतर आए। विभिन्न संगठनों, स्थानीय लोगों और किसानों ने थाना चौक पर धरना देकर सरकार के निर्णय के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जोगिंद्रनगर में वर्षों से संचालित सुगमता केंद्र से क्षेत्र के किसानों और आम लोगों को सुविधाएं मिल रही हैं। इसे दूर स्थानांतरित करने से लोगों को परेशानी होगी। उन्होंने सरकार से स्थानांतरण आदेश वापस लेकर केंद्र को जोगिंद्रनगर में ही यथावत रखने की मांग की। वहीं, ऋतु कला मंच में केंद्र को बचाने के लिए क्रमिक अनशन भी जारी है। मंगलवार को महिलाओं के साथ दूसरे राज्यों से आए किसानों ने भी अनशन में भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

पहले 35 साल का हिसाब दें पूर्व मंत्री : कांग्रेस

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। मंडप में विकास को लेकर उठे सवालों पर धर्मपुर मंडल कांग्रेस ने पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह और रजत ठाकुर पर पलटवार किया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि दूसरों से विकास का हिसाब मांगने से पहले पूर्व मंत्री अपने 35 वर्षों के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखें। मंडल कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मंडप के लोग लंबे समय से बैंक सुविधा, सीबीएसई स्कूल, पंचायत गठन, सड़क, पर्याप्त चिकित्सकों, तहसील कार्यालय और चौकी-मंगल सड़क जैसी मांगें उठा रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद इन समस्याओं का समाधान क्यों नहीं हुआ। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि अब अपनी नाकामियों से ध्यान भटकाने के लिए कांग्रेस सरकार के विकास कार्यों पर सवाल उठाए जा रहे हैं। नेताओं ने कहा कि जनता अब भाषण नहीं, काम और जवाब चाहती है।

महादेव व्यापार मंडल ने मदन लाल खुराना को दी श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान, राजेंद्र राजन, जयदेवी। हिमाचल प्रदेश व्यापार मंडल के चेयरमैन एवं भूतपूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय मदन लाल खुराना के 82 वर्ष की आयु में निधन पर महादेव व्यापार मंडल द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में व्यापार मंडल के सदस्यों ने खुराना के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उनका इस नश्वर संसार से विदा होना प्रदेश व्यापार मंडल, जिला इकाइयों तथा समस्त व्यापारी वर्ग के लिए असहनीय एवं अपूरणीय क्षति है। खुराना ने प्रदेश स्तर पर व्यापार मंडल संगठन के उत्थान एवं व्यापारी हितों के लिए सराहनीय कार्य किए। उनकी कार्यप्रणाली, सहयोग, समर्पण एवं योगदान को व्यापारी वर्ग सदैव याद रखेगा। महादेव व्यापार मंडल के समस्त सदस्यों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए परमात्मा से प्रार्थना करते हुए कहा कि ईश्वर स्वर्गीय खुराना को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिजनों एवं शुभचिंतकों को इस गहन दुख को सहन करने की शक्ति दें।

संधोल में पेड़ों में उलझी बिजली की तारें

हाई वोल्टेज लाइनों की हालत बदहाल, लोगों ने कटाई-छंटाई की उठाई मांग

अनंत ज्ञान

रितेश चौहान, सरकाघाट। विद्युत उपमंडल संधोल के तहत कई स्थानों पर हाई वोल्टेज बिजली की तारें पेड़ों में उलझी होने से लोगों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। बरसात के मौसम में पेड़ों और बिजली की तारों के संपर्क में आने से करंट लगने का खतरा और भी बढ़ गया है। सोहर चौक से बल्याली मार्ग, नेरी समेत क्षेत्र के कई अन्य स्थानों पर बिजली की लाइनें बेतरतीब हालत में देखी जा सकती हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली की तारों के पेड़ों में उलझे होने से जहां बिजली आपूर्ति प्रभावित होती है, वहीं किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है। खासकर बरसात के दौरान पेड़ों में नमी होने के कारण खतरा और गंभीर हो जाता है। लोगों ने आरोप लगाया कि विद्युत विभाग द्वारा हर वर्ष बिजली लाइनों की कटाई-छंटाई, रखरखाव और मरम्मत पर लाखों रुपए खर्च किए जाने के बावजूद कई स्थानों पर व्यवस्था बदहाल बनी हुई है।

लोगों का कहना है कि विभाग को संभावित हादसे का इंतजार करने के बजाय पहले ही ऐसे संवेदनशील स्थानों को चिह्नित कर आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए। यदि समय रहते पेड़ों की कटाई-छंटाई और तारों को व्यवस्थित नहीं किया गया तो किसी अप्रिय घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।

स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग से संधोल क्षेत्र में हाई वोल्टेज लाइनों का व्यापक निरीक्षण करवाने, पेड़ों की आवश्यक कटाई-छंटाई करने और उलझी हुई तारों को व्यवस्थित करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि इससे बिजली आपूर्ति में सुधार के साथ-साथ संभावित दुर्घटनाओं को भी रोका जा सकेगा।

उधर, विद्युत उपमंडल संधोल के सहायक अभियंता विपिन कुमार ने बताया कि विभाग हर वर्ष बिजली लाइनों की कटाई-छंटाई के लिए टेंडर करता है। इसके बावजूद कई स्थानों पर विभाग अपने स्तर पर भी कटाई-छंटाई का कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि बरसात के दौरान शटडाउन अधिक रहने के कारण कई जगह काम प्रभावित हुआ है। उन्होंने आश्वासन दिया कि लंबित कार्य को जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

भांग की खेती पर एक लाख प्रति बीघा मिलेगा लाइसेंस

अनंत ज्ञान, भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव। हिमाचल प्रदेश में औषधीय और वैज्ञानिक उपयोग के लिए भांग की नियंत्रित खेती का रास्ता सरकार ने आसान कर दिया है। राज्य कर एवं आबकारी विभाग के दूसरे संशोधन नियम-2026 के तहत खेती का लाइसेंस शुल्क 3 लाख रुपए से घटाकर 1 लाख रुपए प्रति बीघा कर दिया गया है। प्रसंस्करण और विनिर्माण इकाइयों का वार्षिक शुल्क भी 2 करोड़ से घटाकर एक करोड़ रुपए किया गया है। सरकार का मानना है कि ऊंची फीस के कारण पहले किसान और निवेशक आवेदन से दूर रहे। अब शुल्क कम करके औषधीय उत्पाद, कॉस्मेटिक्स, टेक्सटाइल और अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने की तैयारी है। व्यावसायिक खेती के लिए कम से कम 5 बीघा का एकीकृत क्षेत्र जरूरी होगा। किसान को लाइसेंस से पहले अधिकृत निर्माता या कंपनी के साथ बाय-बैक एग्रीमेंट करना होगा। बीजों की गुणवत्ता पर भी निगरानी रहेगी और खेती शुरू होने से 21 दिन पहले संबंधित जानकारी नोडल अधिकारी को देनी होगी। अधिकृत बीज आपूर्तिकर्ता का शुल्क 25 हजार रुपए, भंडारण लाइसेंस 10 हजार रुपए और परिवहन परमिट 2 हजार रुपए निर्धारित किया गया है।

सुखी परिवार योजना अंतिम चरण में आवेदन प्रक्रिया शुरू

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। प्रदेश सरकार द्वारा अति निर्धन परिवारों को सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री अपना परिवार सुखी परिवार योजना के तहत पात्र परिवारों के चयन की अंतिम चरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

खंड विकास अधिकारी सुंदरनगर नियॉन धैर्य शर्मा ने बताया कि इच्छुक एवं पात्र परिवार 20 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना के लिए 75 हजार रुपए या इससे कम वार्षिक आय वाले परिवार पात्र हैं। इसके अलावा 27 वर्ष से कम आयु के अनाथ बच्चों अथवा 59 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजन वाले परिवार, 27 से 59 वर्ष की आयु के बीच कोई वयस्क सदस्य नहीं होने वाले परिवार, 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले परिवार के मुखिया तथा पिछले तीन वर्षों में परिवार के सभी वयस्क सदस्यों द्वारा मनरेगा में कम से कम एक दिन कार्य किए गए परिवार भी पात्रता के दायरे में आते हैं।

गंभीर बीमारी के कारण स्थायी रूप से अक्षम सदस्य, दुर्घटना अथवा रीढ़ की चोट से स्थायी दिव्यांगता से प्रभावित तथा भूमिहीन परिवारों को भी योजना में शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूर्व के चरणों में आवश्यक दस्तावेज समय पर उपलब्ध न करवाने से वंचित रहे पात्र परिवार भी अंतिम चरण में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन ग्राम पंचायत, विकास खंड कार्यालय अथवा एसडीएम कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं। आय, दिव्यांगता एवं चिकित्सीय प्रमाण-पत्र, परिवार रजिस्टर की प्रति तथा निर्धारित स्व-घोषणा पत्र सहित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। सभी आवेदनों का निर्धारित प्रक्रिया के तहत सत्यापन किया जाएगा तथा अंतिम चयनित सूची 25 सितंबर तक प्रकाशित की जाएगी। उन्होंने पात्र परिवारों से समय पर आवेदन करने का आह्वान किया।

आईटीआई पपलोग में सड़क सुरक्षा का पढ़ाया पाठ

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। ग्राम पंचायत पपलोग स्थित आईटीआई में आरटीओ मंडी के सौजन्य से जेबीके अराधना संस्था ने सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसका उद्देश्य प्रशिक्षुओं और स्थानीय लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना रहा। संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष एमके भारद्वाज ने हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, नशे में वाहन न चलाने और ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने की अपील की। उन्होंने यातायात नियमों के पालन के साथ दुर्घटना की स्थिति में गुड समैरिटन की भूमिका के बारे में भी जानकारी दी।

कार्यक्रम में आईटीआई प्रधानाचार्या लता देवी, पंचायत प्रधान सुरेश कुमार, उपप्रधान अंकित बन्याल, प्रशिक्षक और प्रशिक्षु मौजूद रहे। संस्था की ओर से प्रशिक्षुओं व प्रशिक्षकों को जूस सहित अन्य सामग्री भी वितरित की गई। भारद्वाज ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों के पालन तक सीमित नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से सुरक्षित यातायात व्यवहार अपनाने और दूसरों को भी जागरूक करने का आह्वान किया।

सरकाघाट डिपो में सड़कों पर दौड़ रही 28 कंडम बसें

अनंत ज्ञान

◆ विधानसभा में विधायक दलीप ठाकुर ने नई और इलेक्ट्रिक बसें देने की उठाई मांग

रितेश चौहान, सरकाघाट। सरकाघाट के विधायक दलीप ठाकुर द्वारा विधानसभा में पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 4392 के जवाब ने सरकाघाट क्षेत्र में परिवहन व्यवस्था को लेकर सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। विधानसभा में पूछे गए सवाल में सरकाघाट डिपो की उन बसों का ब्यौरा मांगा गया था, जो निर्धारित किलोमीटर पूरा करने के बावजूद सड़कों पर दौड़ रही हैं। सरकार के लिखित जवाब के अनुसार सरकाघाट डिपो की 28 बसें अपना निर्धारित किलोमीटर पूरा कर चुकी हैं, इसके बावजूद अभी भी सड़कों पर चल रही हैं। इन 28 बसों का विस्तृत रिकॉर्ड भी सरकार ने सदन में प्रस्तुत किया है।

विधायक दलीप ठाकुर ने कहा कि यह स्थिति परिवहन व्यवस्था की वास्तविक तस्वीर को सामने लाती है। सवाल यह है कि जब बसें निर्धारित किलोमीटर पूरा कर चुकी हैं, तो उनकी स्थिति और यात्रियों की सुरक्षा को लेकर सरकार की नीति क्या है? पुरानी बसों पर निर्भरता बढ़ाने के बजाय सरकार को समय रहते नई बसें उपलब्ध करवानी चाहिए थीं। उन्होंने कहा कि सरकार के जवाब का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि सरकाघाट डिपो को वर्तमान में एक भी इलेक्ट्रिक बस उपलब्ध नहीं करवाई गई है। प्रदेश में आधुनिक एवं पर्यावरण-अनुकूल सार्वजनिक परिवहन की बातें की जा रही हैं, लेकिन सरकाघाट जैसे महत्वपूर्ण डिपो को नई तकनीक की बसों से वंचित रखा गया है।

दलीप ठाकुर ने कहा कि सरकार को केवल कागजों में परिवहन व्यवस्था बेहतर दिखाने के बजाय जमीनी स्तर पर यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और भरोसेमंद बस सेवा उपलब्ध करवाने पर ध्यान देना चाहिए। यदि पुराने वाहनों को लगातार सड़कों पर चलाया जाता रहा और नई बसों की उपलब्धता नहीं बढ़ाई गई, तो इसका सीधा असर आम जनता पर पड़ेगा। उन्होंने सरकार से मांग की कि सरकाघाट डिपो की निर्धारित किलोमीटर पूरा कर चुकी बसों की स्थिति की तकनीकी समीक्षा करवाई जाए, आवश्यकतानुसार नई बसें उपलब्ध करवाई जाएं तथा सरकाघाट डिपो को इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध करवाने की स्पष्ट समयबद्ध योजना सार्वजनिक की जाए। विधायक ने कहा कि विधानसभा में पूछे गए सवालों के जवाब केवल कागजी खानापूर्ति नहीं होने चाहिएं।

पंचायत बैठक में उठीं अप्पर डडोह की समस्याएं, विकास को 1 करोड़ स्वीकृत

अनंत ज्ञान, भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव। नाचन विधानसभा क्षेत्र के विकास खंड धनोटू की ग्राम पंचायत ढाबन के प्रधान रोशन लाल की अध्यक्षता में वार्ड नंबर-7 अप्पर डडोह में ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपप्रधान दुष्यंत कुमार, वार्ड सदस्य लता देवी सहित ग्रामीण मौजूद रहे। बैठक में विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रधान रोशन लाल ने बताया कि अप्पर डडोह वार्ड के विकास के लिए सरकार ने 1 करोड़ स्वीकृत किए हैं।

बजट उपलब्ध होते ही विकास कार्य शुरू करवाने का आश्वासन दिया गया। ग्रामीणों ने ढाबन-तमरोह सड़क की खस्ताहालत का मुद्दा उठाते हुए सड़क पर पड़े गड्ढों को ठीक करवाने की मांग की। इसके अलावा मनरेगा के तहत लाभार्थियों को आ रही परेशानियों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। ग्रामीणों ने मांग की कि ऐसे कार्य लाभार्थियों के माध्यम से करवाने के बजाय पंचायत स्तर पर करवाए जाएं। बैठक में कन्सा खड्ड पर स्कूली बच्चों व ग्रामीणों की सुविधा के लिए पुल निर्माण, वार्ड में सोलर लाइटें लगाने तथा नागेंद्र के घर/दुकान के पास कन्सा खड्ड रोड पर पड़े भारी मलबे को हटाकर सड़क को वाहन योग्य बनाने की मांग भी रखी गई। वहीं, चिट्टा व अन्य नशे के खिलाफ पंचायत स्तर पर सख्त कदम उठाने की बात कही गई।

पेंशनर्स की देय राशि का 40 प्रतिशत भुगतान न होने पर रोष

अनंत ज्ञान

सरकाघाट। हिमाचल पेंशनर्स फैडरेशन खंड गोपालपुर की मासिक बैठक खंड प्रधान रमेश ठाकुर की अध्यक्षता में सरकाघाट में आयोजित हुई। बैठक का संचालन खंड सचिव जगदीश नरयाल ने किया। बैठक में फैडरेशन के प्रदेशाध्यक्ष हिम्मत राम शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने सरकार द्वारा पेंशनर्स की कुल देय राशि का 40 प्रतिशत भुगतान 31 जुलाई तक करने का आश्वासन पूरा न करने पर रोष जताया। मुख्यमंत्री ने संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों के साथ 13 मई 2026 को हुई बैठक में यह आश्वासन दिया था।

बैठक में बरछवाड़ के अश्वनी शर्मा का नए सदस्य के रूप में स्वागत किया गया। मौजूदा जिला परिषद सदस्य और पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ के सह संयोजक श्याम लाल ने गैरराजनैतिक रूप से फैडरेशन की सदस्यता ग्रहण की और पेंशनर्स की लड़ाई में साथ देने का आश्वासन दिया। संयुक्त संघर्ष समिति के मंडी जिला महासचिव कुलदीप गुलेरिया ने पेंशनर्स से एक सितंबर को शिमला के चौड़ा मैदान में आयोजित रैली में भाग लेने का आग्रह किया।

खंड कोषाध्यक्ष राम लाल शर्मा ने बताया कि सरकाघाट से 200 से अधिक पेंशनर्स रैली में शामिल होंगे। रमेश ठाकुर ने सभी पेंशनर्स संगठनों से मतभेद भुलाकर एक मंच पर आने का आह्वान किया। इस मौके पर केसी ठाकुर, रमेश चंदेल, मनोहर चंदेल, अश्वनी शर्मा, प्रेम सिंह, अर्जुन सिंह, राम नाथ शर्मा, प्रेम चंद और मीडिया सहयोगी रमेश चंद भारद्वाज सहित अन्य मौजूद रहे।

नंबरदारों ने उठाई राजस्व रिकॉर्ड दुरुस्त करने सहित विभिन्न मांगें

अनंत ज्ञान, कविता, पधर। तहसील नंबरदार संघ पधर की बैठक मंगलवार को एसडीएम पधर सुरजीत सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपमंडल के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नंबरदारों ने राजस्व कार्यों और अपनी समस्याओं को लेकर चर्चा की। नंबरदारों ने ढाल-बाछ को दुरुस्त करने और अलग-अलग खातों को एकत्रित कर राजस्व रिकॉर्ड व्यवस्थित करने की मांग उठाई।

उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी कार्यों में नंबरदारों की महत्वपूर्ण भूमिका है, लेकिन रिकॉर्ड में खामियों के कारण लोगों को परेशानी होती है। नंबरदारों ने लंबे समय से निर्धारित कम शुल्क में उचित बढ़ोतरी करने की मांग भी रखी। उन्होंने कहा कि महंगाई और प्रशासनिक कार्यों में बढ़ोतरी को देखते हुए पारिश्रमिक एवं शुल्क की समीक्षा आवश्यक है।

इसके अलावा पटवारखानों में नंबरदारों के बैठने के लिए उचित स्थान और आम जनता के लिए पर्याप्त बैठने की व्यवस्था करने की मांग उठाई। एसडीएम सुरजीत सिंह ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने नंबरदारों से राजस्व अधिकारियों और कर्मचारियों का सहयोग करने तथा प्रशासन और ग्रामीणों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का आह्वान किया। बैठक में तहसीलदार भावना वर्मा, संघ प्रधान संत राम, सचिव लाल चंद सकलानी सहित हरीश यादव, हिरदा राम, लाभ सिंह, होशियार, मोहन सिंह, श्याम लाल, किरण सिंह, धर्म देव, रमेश कुमार, हरी सिंह और नोख सिंह मौजूद रहे।

रासायनिक खाद घटाएं, प्राकृतिक खेती अपनाएं : उपायुक्त देवगन

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने किसानों से रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने का आह्वान किया। मंगलवार को मंडी में धरती माता बचाओ निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभों के प्रति जागरूक कर अधिक से अधिक किसानों को इससे जोड़ा जाए।

उन्होंने जिले की चिन्हित 100 ग्राम पंचायतों पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिए। इन पंचायतों में किसानों को रासायनिक उर्वरकों के संतुलित व कम उपयोग तथा प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने प्रगतिशील किसानों को आवश्यक सहयोग और प्रोत्साहन देने की बात कही, ताकि उनके सफल अनुभव अन्य किसानों तक पहुंच सकें। उपायुक्त ने आत्मा और कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारियों को अधिक से अधिक जागरूकता शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। शिविरों में प्राकृतिक खेती की तकनीक, जैविक खाद, मृदा स्वास्थ्य तथा रासायनिक उर्वरकों के दुष्प्रभावों की जानकारी दी जाएगी। बैठक में एसपी मंडी विनोद कुमार सहित कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

किसान सभा की पंचायत कमेटियां गठित, रीता देवी व सुरेंद्र गुलेरिया प्रधान

अनंत ज्ञान

सरकाघाट। स्थानीय समस्याओं को लेकर किसान सभा ने सज्याओ और रोसो पंचायतों में कमेटियों का गठन किया। सज्याओ पंचायत में सुरेंद्र गुलेरिया और रोसो पंचायत में रीता देवी को प्रधान चुना गया।

5 सितंबर को अंबेडकर भवन सज्याओपीपलू में सम्मेलन होगा, जिसमें बस, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़कों, सिंचाई, सीवरेज, आवारा पशुओं व बंदरों समेत क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर समाधान के लिए अभियान की रणनीति तैयार की जाएगी। किसान सभा बंद किए गए आठ बस रूट बहाल करने, सीएचसी सज्याओ में एक्सरे व अन्य जांच सुविधाएं शुरू करने तथा डॉक्टरों की नियुक्ति सहित अन्य मांगें प्रमुखता से उठाएगी।

दोनों कमेटियों का गठन खंड संयोजक भूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में किया गया। सज्याओ कमेटी में सुरेश पाल, बाबू राम शर्मा, अश्वनी कुमार, नानक चंद, रवि कौशल सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य चुने गए। रोसो कमेटी में रीता देवी के साथ रसपाल विमल, कुलदीप रंघोड़, कुलदीप रोसो, राजेंद्र सिंह, माया देवी सहित अन्य को जिम्मेदारियां दी गईं। पंचायत प्रधान जगत सिंह को सलाहकार चुना गया।

56 नवप्रवेशी छात्राओं का गर्मजोशी से स्वागत

अनंत ज्ञान, मंडी। वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के कन्या छात्रावासों में नवप्रवेशी छात्राओं के स्वागत के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। 56 नई छात्राओं के प्रवेश के साथ दोनों छात्रावासों में छात्राओं की संख्या 157 हो गई है।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार ने किया। मुख्य छात्रावास अधीक्षक डॉ. मोनिका पंचानी और वार्डन डॉ. बनिता सकलानी भी मौजूद रहीं। छात्राओं ने रैंप वॉक, नृत्य और कविता पाठ प्रस्तुत किए, जबकि वरिष्ठ छात्राओं ने गिद्दा, समूह नृत्य और लघु नाटिकाओं से मनोरंजन किया।

मिस फ्रेशर स्नातकोत्तर वर्ग में एमए राजनीति विज्ञान की स्नेहा और स्नातक वर्ग में बीएससी प्रथम सेमेस्टर की अर्चिता चुनी गईं। कार्यक्रम में विभिन्न खेल और प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गई। प्राचार्य व छात्रावास अधीक्षक ने विजेताओं को बधाई देते हुए नवप्रवेशी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आक्रोश मारपीट मामले में एफआईआर की मांग, घंटों चलता रहा हंगामा

जवान के तबादले पर भड़के पार्टटाइम वर्कर

अनंत ज्ञान

बालक राम, पंडोह। पंडोह बांध सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ जवान पर पार्टटाइम वर्कर से मारपीट के आरोप के मामले में मंगलवार को बीबीएमबी कार्यालय परिसर के अंदर और बाहर खूब गहमागहमी रही। स्थिति उस समय तनावपूर्ण हो गई, जब सभी पार्टटाइम वर्कर अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता बीबीएमबी पंडोह के कार्यालय में पहुंच गए। वर्करों ने अधिकारी चंद्रमणि शर्मा से एक दिन पूर्व तय की गई दोनों पक्षों की आमने-सामने वार्ता करवाने की मांग की।

वर्करों ने सवाल उठाया कि जब वार्ता तय थी तो सीआईएसएफ जवान को मंगलवार को मौके पर क्यों नहीं बुलाया गया। इस पर अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता ने बताया कि आरोपी जवान का तबादला कर विभागीय कार्रवाई की जा चुकी है। उन्होंने वर्करों से अपने काम पर लौटने को कहा। इस पर वर्कर भड़क गए और उन्होंने कहा कि केवल तबादले से उन्हें न्याय नहीं मिलेगा। उन्होंने आरोपी जवान के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की।

वर्करों का कहना था कि आरोपी जवान के पंडोह से चले जाने के बावजूद अन्य सीआईएसएफ जवानों से उन्हें खुन्नस का खतरा बना रहेगा। इसलिए विभाग को मामले में कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। इस दौरान अधिकारियों और वर्करों के बीच तीखी बहस हुई। माहौल इतना गर्म हो गया कि कार्यालय में मौजूद पत्रकारों से भी कवरेज को लेकर नोकझोंक हो गई। काफी देर तक चली गहमागहमी के बाद अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता ने संबंधित उपमंडल अधिकारी टाउनशिप को पुलिस चौकी पंडोह में आरोपी जवान के खिलाफ मामला दर्ज करवाने के मौखिक निर्देश दिए। इसके बाद वर्करों का धरना फिलहाल समाप्त कर दिया गया। कार्यालय से बाहर आने के बाद वर्करों ने बीबीएमबी अधिकारियों पर सीआईएसएफ अधिकारियों का बचाव करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यदि उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो वे दोबारा धरना-प्रदर्शन कर सकते हैं। वर्करों का कहना है कि आरोपी जवान का तबादला उनकी एक मांग की आंशिक पूर्ति है, लेकिन न्याय के लिए एफआईआर जरूरी है।

उधर, सीआईएसएफ के स्थानीय अधिकारी अशोक तक्षत ने कहा कि मामले को बेवजह तूल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जवान ने माफी मांगी थी और विभाग ने उसका तबादला कर दिया है। अब देखना होगा कि मामले में एफआईआर दर्ज होती है या नहीं।

'अपने सपनों पर विश्वास रखिए, क्योंकि शुरुआत हमेशा एक छोटे कदम से होती है।'
— स्वामी विवेकानंद

संपादकीय

बदलते दौर की चुनौतियां

समय कभी एक जैसा नहीं रहता। समाज, अर्थव्यवस्था, तकनीक, राजनीति, शिक्षा, रोजगार और जीवनशैली लगातार परिवर्तन के दौर से गुजरते हैं। परिवर्तन प्रकृति का नियम है और किसी भी समाज के विकास के लिए यह आवश्यक भी है। लेकिन हर बदलाव अपने साथ नई संभावनाओं के साथ-साथ कुछ चुनौतियां भी लेकर आता है। आज का दौर विशेष रूप से तेज बदलाव का दौर है। तकनीक ने जीवन को आसान बनाया है, लेकिन इसी के साथ मनुष्य के सामने नई तरह की समस्याएं भी खड़ी हुई हैं। ऐसे समय में आवश्यकता केवल बदलाव को स्वीकार करने की नहीं, बल्कि यह समझने की भी है कि परिवर्तन की दिशा समाज और आने वाली पीढ़ियों के हित में है या नहीं।

आज तकनीकी विकास ने मानव जीवन की गति को अभूतपूर्व रूप से बढ़ा दिया है। मोबाइल, इंटरनेट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने सूचना, शिक्षा और संचार के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव किए हैं। कुछ ही क्षणों में दुनिया के किसी भी हिस्से की जानकारी हमारे सामने उपलब्ध हो जाती है। विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के नए साधन खुले हैं, कारोबार के लिए नए बाजार बने हैं और घर बैठे लोगों से संवाद करना आसान हुआ है। लेकिन तकनीक का बढ़ता प्रभाव अपने साथ कुछ गंभीर प्रश्न भी लेकर आया है। सामाजिक माध्यमों पर गलत सूचना, अफवाह, धोखाधड़ी, निजता का उल्लंघन और समय की बर्बादी जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ी हैं। तकनीक का इस्तेमाल कितना और किस उद्देश्य से किया जाए, यह आज बड़ी सामाजिक चुनौती बन चुका है।

बदलते दौर की एक बड़ी चुनौती सामाजिक संबंधों में आया परिवर्तन भी है। पहले परिवार और समुदाय व्यक्ति के जीवन का महत्वपूर्ण आधार हुआ करते थे। संयुक्त परिवारों में लोग एक-दूसरे के सुख-दुख में सहभागी बनते थे। आज व्यस्त जीवनशैली, रोजगार की बदलती परिस्थितियों और शहरों की ओर बढ़ते पलायन ने पारिवारिक संरचना को प्रभावित किया है। लोग एक-दूसरे के करीब होते हुए भी भावनात्मक रूप से दूर दिखाई देते हैं। बातचीत के लिए साधन बढ़े हैं, लेकिन संवाद का समय कम हुआ है। सामाजिक माध्यमों पर हजारों लोगों से संपर्क रखने वाला व्यक्ति कई बार अपने आसपास मौजूद लोगों से ही दूरी महसूस करता है। यह स्थिति बताती है कि तकनीकी संपर्क और मानवीय संबंध एक ही बात नहीं हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में भी बदलाव तेजी से हो रहा है। आज विद्यार्थियों के पास ज्ञान प्राप्त करने के पहले की तुलना में कहीं अधिक साधन हैं। लेकिन सूचना की अधिकता हमेशा ज्ञान में परिवर्तित नहीं होती। इंटरनेट पर उपलब्ध सामग्री में सही और गलत दोनों प्रकार की जानकारी मौजूद है। ऐसे में विद्यार्थियों के सामने तथ्य पहचानने और विवेकपूर्ण निर्णय लेने की चुनौती है। शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं होना चाहिए। शिक्षा व्यक्ति को तार्किक, संवेदनशील, जिम्मेदार और आत्मनिर्भर बनाने का माध्यम होनी चाहिए। बदलती दुनिया में पाठ्यक्रम के साथ-साथ सोचने, समझने, प्रश्न करने और समस्याओं का समाधान खोजने की क्षमता विकसित करना भी जरूरी है रोजगार की दुनिया में भी बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। स्वचालन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के कारण काम करने के तरीके बदल रहे हैं। कुछ पारंपरिक रोजगारों की प्रकृति बदल रही है, जबकि नए प्रकार के रोजगार सामने आ रहे हैं। यह बदलाव युवाओं के लिए अवसर भी है और चुनौती भी। आने वाले समय में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं होगी। युवाओं को अपने कौशल को लगातार विकसित करना होगा।

आज की प्रमुख हस्ती

मनोरंजन जगत की लोकप्रिय अभिनेत्री

रुबीना दिलैक भारतीय मनोरंजन जगत की उन लोकप्रिय अभिनेत्रियों में शामिल हैं, जिन्होंने छोटे पर्दे से अपने अभिनय करियर की शुरुआत कर दर्शकों के बीच अपनी अलग पहचान बनाई। अपनी खूबसूरती, आत्मविश्वास और दमदार अभिनय के कारण उन्होंने टेलीविजन की दुनिया में खास मुकाम हासिल किया। उनका जन्म 26 अगस्त 1987 को हिमाचल प्रदेश के शिमला में हुआ था। पहाड़ी परिवेश से आने वाली रुबीना ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर मनोरंजन जगत में सफलता हासिल की।

रुबीना दिलैक
जन्म : 26 अगस्त 1987

रुबीना ने अपने करियर की शुरुआत टेलीविजन धारावाहिकों से की। उन्हें सबसे बड़ी लोकप्रियता धारावाहिक 'छोटी बहू' से मिली, जिसमें उन्होंने राधिका का किरदार निभाया। इस भूमिका ने उन्हें घर-घर में पहचान दिलाई। इसके बाद उन्होंने कई धारावाहिकों में अलग-अलग तरह की भूमिकाएं निभाईं और अपने अभिनय की विविधता साबित की। धारावाहिक 'शक्ति—अस्तित्व के एहसास की' में सौम्या का किरदार उनके करियर की महत्वपूर्ण भूमिकाओं में गिना जाता है। इस भूमिका के जरिए उन्होंने सामाजिक विषयों से जुड़े संवेदनशील मुद्दे को प्रभावी ढंग से पर्दे पर प्रस्तुत किया।

रुबीना दिलैक की लोकप्रियता केवल धारावाहिकों तक सीमित नहीं रही। उन्होंने विभिन्न मनोरंजन कार्यक्रमों में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। विशेष रूप से 'बिग बॉस' के 14वें सत्र में उनकी भागीदारी ने उन्हें एक अलग पहचान दी। दर्शकों ने उनके स्पष्ट विचारों, आत्मविश्वास और मजबूत व्यक्तित्व को पसंद किया। वह इस शो की विजेता भी बनीं। इस सफलता ने उनकी लोकप्रियता को और व्यापक बनाया। अभिनय के अलावा रुबीना सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय रहती हैं। वह अपने परिवार, यात्राओं, काम और निजी जीवन से जुड़े कई पहलुओं को प्रशंसकों के साथ साझा करती हैं। उनके प्रशंसकों की बड़ी संख्या देश के अलग-अलग हिस्सों में है। उन्होंने समय के साथ खुद को केवल टेलीविजन अभिनेत्री तक सीमित नहीं रखा, बल्कि अलग-अलग तरह के मनोरंजन माध्यमों में भी काम किया।

रुबीना का निजी जीवन भी अक्सर चर्चा में रहा है। उन्होंने अभिनेता अभिनव शुक्ला से विवाह किया। दोनों की जोड़ी को दर्शकों ने काफी पसंद किया है। बाद में दोनों माता-पिता भी बने और अपनी बेटियों के साथ पारिवारिक जीवन के कई खूबसूरत पल प्रशंसकों के साथ साझा करते रहे हैं। रुबीना दिलैक की यात्रा यह बताती है कि प्रतिभा, निरंतर मेहनत और आत्मविश्वास के सहारे मनोरंजन जगत में अपनी अलग पहचान बनाई जा सकती है।

विधायक की कार भत्ता और सत्ता

संजय एम. तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)

हर विधायक को कार मिले, साथ में मिलता भत्ता,
जनता पूछे- 'हमको कब ?' नेता बोले- 'बस सत्ता!'
पचहत्तर हजार 'कार' के, पच्चीस हजार सहायक,
गाँव–गाँव अब घूमिए साहब, बन जनसेवा–नायक।
कहते हैं–जनता की सुनना, हर मुश्किल हल करना,
तीन माह में रिपोर्ट बनाना, हरेक वादा पूरा करना।
ये कार नई है, राह पुरानी, जनता फिर भी पैदल है,
साहब की गाड़ी दौड़ रही, गाँव अब भी दलदल है।
किसान कहे- 'मेरी सुन लो,' युवा कहे- 'रोजगार दो,'
गुरु बोले- 'स्कूल सँवारो,' मजूर कहे- 'अधिकार दो।'
कार मिले तो ठीक साब, जनता को भी याद रखिए,
सरकारी सुविधा सहित जनता का दुख साथ रखिए।

सदन में वंदे मातरम् के गायन पर नहीं, शिक्षा और बेरोजगारी पर हो चर्चा

केशव शर्मा 'रसिक'
स्वतन्त्र लेखक,
गांव-कोटला,घुमारवीं।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

लोकतंत्र में सदन को देश और समाज की उन समस्याओं पर गंभीर मंथन का मंच माना जाता है, जिनका सीधा संबंध आम जनता के जीवन से है। देशभक्ति की भावना और राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है, लेकिन जब सदन में चर्चा के लिए समय और अवसर सीमित हों, तब प्राथमिकता उन मुद्दों को मिलनी चाहिए जो करोड़ों परिवारों के वर्तमान और भविष्य को प्रभावित कर रहे हैं। शिक्षा, बेरोजगारी, महंगाई, स्वास्थ्य और युवाओं के भविष्य जैसे विषयों पर सार्थक बहस आज की सबसे बड़ी जरूरत है।

वंदे मातरम् भारत की राष्ट्रीय चेतना और स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ा अत्यंत सम्मानित गीत है। इसके प्रति सम्मान हर भारतीय के मन में होना चाहिए। लेकिन लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी राष्ट्रीय गीत के गायन को लेकर राजनीतिक बहस में अधिक समय खर्च करने के बजाय यह विचार करना जरूरी है कि देश के युवाओं को बेहतर शिक्षा, रोजगार और अवसर कैसे उपलब्ध कराए जाएं। राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान तभी और अधिक सार्थक होगा, जब उनके पीछे छिपी राष्ट्रसेवा की भावना को नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने से जोड़ा जाए। शिक्षा किसी भी देश की प्रगति की आधारशिला होती है। आज बड़ी संख्या में विद्यार्थी बेहतर शिक्षा प्राप्त करने के लिए निजी संस्थानों का रुख करते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए महंगी शिक्षा एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की उपलब्धता, आधारभूत सुविधाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय और तकनीकी संसाधन जैसे विषय भी गंभीर चर्चा की मांग करते हैं। कई परिवार बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाने के लिए अपनी आय का बड़ा हिस्सा खर्च करते हैं। ऐसे में गुणवत्तापूर्ण और सुलभ शिक्षा की व्यवस्था सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए।

सदन में इस बात पर चर्चा होनी चाहिए कि सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में शिक्षा की गुणवत्ता कैसे बेहतर बनाई जाए। विद्यार्थियों को केवल डिग्री देने के बजाय उन्हें रोजगार योग्य कौशल, तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक प्रशिक्षण कैसे दिया जाए, इस पर ठोस नीति बननी चाहिए। शिक्षा व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जिसमें विद्यार्थी बदलती आर्थिक और तकनीकी जरूरतों के अनुरूप स्वयं को तैयार कर सकें। साथ ही ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी समान अवसर उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

देश की युवा आबादी हमारी सबसे बड़ी ताकत है, लेकिन यदि युवाओं को उनकी योग्यता के अनुरूप रोजगार नहीं मिलता तो यही ताकत निराशा में बदल सकती है। सरकारी नौकरियों की सीमित संख्या और निजी क्षेत्र में पर्याप्त अवसरों की कमी के कारण लाखों युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में वर्षों लगा देते हैं। भर्ती प्रक्रियाओं में देरी, परीक्षाओं का स्थगित होना और परिणाम आने में लंबा समय लगना युवाओं की चिंता और बढ़ा देता है।

इस विषय पर सदन में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर चर्चा होनी चाहिए। भर्ती प्रक्रियाओं को पारदर्शी और समयबद्ध बनाना, रिक्त पदों को भरना, कौशल विकास को रोजगार से जोड़ना और छोटे उद्योगों व स्वरोजगार को बढ़ावा देना आवश्यक है। स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाने से युवाओं को अपने घर और परिवार से दूर जाने की मजबूरी भी कम हो सकती है। उद्योगों और शिक्षण संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय बनाकर युवाओं को उनकी शिक्षा के अनुरूप काम उपलब्ध कराने की दिशा में भी ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।

सदन में होने वाली बहस का उद्देश्य केवल राजनीतिक बयानबाजी नहीं, बल्कि नीतिगत समाधान तलाशना होना चाहिए। देश का युवा यह जानना चाहता है कि उसकी शिक्षा पूरी होने के बाद उसे रोजगार के कितने अवसर मिलेंगे। अभिभावक चाहते हैं कि उनके बच्चों को अच्छी और सस्ती शिक्षा मिले। ग्रामीण परिवार चाहते हैं कि उनके बच्चों को भी शहरों के समान अवसर उपलब्ध हों। इसलिए सदन की बहस जनता की इन वास्तविक अपेक्षाओं को केंद्र में रखकर होनी चाहिए।

इसमें कोई संदेह नहीं कि राष्ट्रीय भावना, देशभक्ति और राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान समाज को जोड़ने का काम करते हैं। वंदे मातरम् के प्रति सम्मान भी इसी भावना का हिस्सा है। लेकिन देशभक्ति केवल प्रतीकों तक सीमित नहीं हो सकती। देशभक्ति का अर्थ यह भी है कि नागरिकों को बेहतर जीवन मिले, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और युवाओं को अपनी क्षमता के अनुसार आगे बढ़ने का अवसर मिले।

इसलिए, जरूरी है कि संसद और विधानसभाओं में ऐसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हो, जिनका सीधा प्रभाव आम नागरिक के जीवन पर पड़ता है। शिक्षा और रोजगार किसी एक राजनीतिक दल का मुद्दा नहीं हैं। यह पूरे देश की प्राथमिकता होनी चाहिए। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को मिलकर ऐसी नीतियों पर सहमति बनानी चाहिए, जिनका लाभ आने वाली पीढ़ियों को मिले।

देश का युवा केवल भाषण नहीं, अवसर चाहता है। वह केवल आश्वासन नहीं, रोजगार चाहता है। विद्यार्थी केवल परीक्षा नहीं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा चाहता है। इसलिए सदन में बहस का केंद्र ऐसा होना चाहिए जो देश की वास्तविक समस्याओं का समाधान तलाशे। राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान अपनी जगह महत्वपूर्ण है, लेकिन लोकतंत्र की सार्थकता तभी मजबूत होगी, जब सदन में जनता के जीवन से जुड़े प्रश्नों पर गंभीरता, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ चर्चा हो।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

भीमाकाली मंदिर व पांडवों का स्वर्गलोक यात्रा प्रस्थान

तुलसी राम डोगरा
(स्वतंत्र लेखक), पालमपुर।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हिमाचल प्रदेश आदि काल से ही असंख्य देवी-देवताओं व ऋषियों-मुनियों की तपोस्थली, कर्मस्थली तथा विश्राम स्थली रही है, जिससे यह देवभूमि का कण-कण धार्मिक आस्था और विश्वास से सराबोर है। यही कारण है कि इस राज्य में हर वर्ष देश-विदेश से सैलानियों का सैलाब उमड़ता है। देवभूमि में विद्यमान पुरातन एवं ऐतिहासिक धार्मिक-पर्यटन स्थल पर्यटकों की पसंदीदा सैरगाहों में शामिल हैं। मंडी जनपद में पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग के मध्य ब्यास नदी के तट पर अवस्थित मां भीमाकाली का अलौकिक मंदिर आस्था, श्रद्धा और विश्वास का प्रमुख केंद्र है। इसकी बाहरी स्थापत्य कला इसकी भव्यता का सबसे बड़ा प्रमाण है। चौदहवीं सदी में पगौड़ा शैली में निर्मित यह पुरातन मंदिर आज भी अपनी ऐतिहासिक विरासत को संजोए हुए है।

मंडी जनपद धर्म, संस्कृति और कला की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है। इसे मंदिरों की नगरी एवं छोटी काशी कहा जाए तो शायद कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। पुरानी मंडी के भ्यूली की शिवालिक पहाड़ी के मध्य ब्यास नदी के विहंगम छोर पर स्थित मां भीमाकाली का प्राचीन मंदिर हर वर्ष श्रद्धालुओं और सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करता है। मान्यता है कि मंदिर की स्थापना भ्यूली में राजा वानसेन ने उस समय करवाई थी, जब भ्यूली ही उनकी राजधानी हुआ करती थी और वहीं से वह अपना राज-पाट चलाते थे।

मां भीमाकाली का धार्मिक महत्व देवी माहात्म्य से भी जुड़ा हुआ है। मान्यता है कि जब-जब संसार में दानवी बाधाएं उत्पन्न होंगी, तब-तब देवी अवतार लेकर दुष्टों का संहार करेंगी और ऋषि-मुनियों की रक्षा करेंगी। हिमालय में तपस्या करने वाले ऋषि-मुनियों की रक्षा के लिए देवी ने जिस रूप में दैत्यों का संहार किया, वह भीमा देवी के नाम से विख्यात हुआ। इसी धार्मिक मान्यता के कारण मां भीमाकाली के मंदिर के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था और अधिक गहरी है।

मंदिर से सटी कलकल करती ब्यास नदी और प्राकृतिक हरियाली से आच्छादित वाटिका इसकी सुंदरता में चार चांद लगाती है। यहां पांडवों को स्वर्गलोक जाते हुए मूर्तरूप में दर्शाया गया है। आगे-आगे युधिष्ठिर और उनके साथ दैवीय रूपी कुत्ता तथा पीछे भीम, अर्जुन, नकुल, सहदेव और द्रौपदी की विशाल एवं कलात्मक प्रतिमाएं स्थापित हैं। इन प्रतिमाओं को देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानो महाभारत काल की वह यात्रा आज भी जीवंत हो उठी हो। वाटिका के आसपास स्थापित विशाल सिंह प्रतिमाएं भी पर्यटकों का विशेष आकर्षण हैं।

पांडवों की स्वर्गलोक यात्रा से जुड़ी कथा में कर्म और धर्म की गहरी सीख छिपी है। मान्यता के अनुसार यात्रा के दौरान सबसे पहले द्रौपदी का निधन हुआ। इसके बाद नकुल, सहदेव, अर्जुन और भीम भी अपने कर्मों के अनुसार मार्ग में गिरते गए। अंत में युधिष्ठिर अपने साथ चल रहे कुत्ते के साथ स्वर्गद्वार पहुंचे। धर्मराज ने उन्हें स्वर्ग जाने की अनुमति दी, लेकिन कुत्ते को साथ ले जाने से मना किया। युधिष्ठिर ने कुत्ते को छोड़ने से इनकार कर दिया। उनकी इसी धर्मनिष्ठा और करुणा की परीक्षा थी और सफल होने पर उन्हें सशरीर स्वर्गलोक में प्रवेश मिला। वह कुत्ता वास्तव में धर्मराज के ही स्वरूप का प्रतीक माना जाता है।

किंवदंतियों के अनुसार अज्ञातवास के दौरान बलशाली भीम ने भ्यूली में मां भीमाकाली की आराधना कर देवी को प्रसन्न किया और शक्ति प्राप्त की थी। समीपवर्ती पंडोह को भी पांडवों के अज्ञातवास से जोड़कर देखा जाता है। यहां मां कुंती का प्राचीन मंदिर भी श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। भ्यूली मंदिर में विराजमान मां भीमाकाली की कलात्मक प्रतिमा अपने विशाल नेत्रों, दांतों और दिव्य स्वरूप से श्रद्धालुओं को आकर्षित करती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

चीनी के बढ़ते दामों से बढ़ रहा जनमानस पर आर्थिक बोझ

सुखदेव सिंह
(नूरपुर)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

चीनी के दामों में बेतहाशा वृद्धि से आज जनमानस की जेब पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। पिछले कुछेक दिनों में चीनी के दाम 70 रुपये प्रति किलोग्राम पहुंचने पर लोग सोशल मीडिया में केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर तंज कस रहे हैं। चीनी के दाम सीधे दो गुणा बढ़ना आजकल चर्चा का विषय बना हुआ है। सुख की सरकार प्रतिनिधि विधानसभा मानसून सत्र चलाने के बजाय बढ़ते चीनी के दामों को लेकर खासे चिंतित हैं। गाड़ियों में इथेनोल पेट्रोल डालने की वजह से उनमें आई तकनीकी खराबी का विरोध अभी शांत नहीं हुआ है। ऐसे में चीनी से इथेनोल पेट्रोल बनाना क्या सही फैसला है, आज सबसे बड़ा सवाल बना हुआ है।

इथेनोल पेट्रोल बनाने में चीनी की खपत अधिक होने के चलते देश भर में इसकी कीमतें बढ़ीं, ऐसा कुछेक लोगों का मानना है। विपक्षी नेता चीनी की बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र सरकार पर इथेनोल पेट्रोल बनाने में इसका उपयोग किए जाने का आरोप लगा रहे हैं। केंद्र सरकार का तर्क है कि चीनी की बढ़ती कीमतों का इथेनोल पेट्रोल बनाना मुख्य कारण नहीं है। इथेनोल पेट्रोल बनाने में 75 प्रतिशत मक्का का इस्तेमाल किया जाता है। केंद्र सरकार का दावा है कि 2022–23 में इथेनोल पेट्रोल बनाने में चीनी की 12 प्रतिशत खपत थी और अब 2025–26 में घटकर 9 प्रतिशत रह गई है।

चीनी का उत्पादन चालू वर्ष में 343 टन था, जो अब 306 टन रह गया है। बरसात में अधिक बारिश पड़ने की वजह से गन्ने में कई बीमारियां लगना बताया जा रहा है। अंतराष्ट्रीय बाजार में चीनी की बढ़ती कीमतें भी इसका प्रमुख तीसरा बड़ा कारण केंद्र सरकार ने माना है। जून 30 तक कीमतें 474 डॉलर टन थीं, जो अगस्त 20 तक 552 पहुंच चुकी हैं। पिछले तीन महीनों में चीनी की कीमतों में 40 प्रतिशत वृद्धि होना महंगाई को दावत देना है। 2025–26 में देश में चीनी का उत्पादन कम और खपत अधिक होने से बाजार पर दबाव बढ़ा है। ब्राजील के बाद भारत दूसरा बड़ा चीनी उत्पादक देश माना जाता है। भारत में आज चीनी की चल रही कमी के चलते विदेशों से इसका आयात करने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

देश में चीनी की खपत 260 से 280 लाख टन सालाना रहती है। भारत चीनी उत्पादन में आत्मनिर्भर रहा, उस देश में उसके दाम नियंत्रण से बाहर होना चिंताजनक है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि खराब मौसम की वजह से जब गन्ने की फसल के उत्पादन में गिरावट आएगी तो स्वाभाविक रूप से इसकी कीमतों में वृद्धि होगी। त्योहारों का सीजन शुरू होने वाला है, इसका कारण भी चीनी की कीमतों में वृद्धि हुई है। एक किलो चीनी से करीब सात सौ एमएल इथेनोल बनता है। भारत में खाद्य पदार्थों को इथेनोल में बदलने के लिए सशक्त नीति बनाने की जरूरत है। ऐसे में खाद्य पदार्थ इथेनोल पेट्रोल बनाने में इस्तेमाल किए जाएंगे तो स्वाभाविक रूप से चीनी के दामों में वृद्धि होगी।

चीनी के बढ़े दामों को लेकर प्रत्येक व्यक्ति की अपनी अलग-अलग राय है। वास्तव में चीनी के दामों में वृद्धि का मुख्य कारण गन्ने की उपज में कमी आना बताया जा रहा है। भारत में गन्ने का उत्पादन सबसे अधिक पंजाब, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, बिहार, गुजरात, हरियाणा और उत्तराखंड राज्यों में होता है। जलवायु परिवर्तन के चलते रबी, खरीफ फसलों की पैदावार पूर्व की भांति नहीं हो रही है। बेमौसमी बारिश की मार से किसान, बागवान बेहद त्रस्त हैं। किसान फसलों की पैदावार पर जितना खर्च कर रहा है, ठीक उतनी उपज नहीं हो रही है। ट्रैक्टर से खेतों की जुताई, थ्रेसिंग और कटाई महंगी होने से किसान चिंतित हैं। प्रत्येक राज्यों में किसानों की अपनी अलग समस्याएं हैं। फसलों में बढ़ती बीमारियां, आवारा पशुओं, जानवरों, बाढ़, सूखे आदि कई समस्याओं से किसान जूझ रहे हैं। भारत में मध्यमवर्गीय परिवार चीनी का सबसे अधिक उपयोग करते हैं। चाय पीना उनकी सबसे बड़ी आदतों में शुमार है। घरों में अतिथि आगमन पर चाय-पान से उनका स्वागत किया जाता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

कैमरे से नहीं, बेहतर व्यवस्था से सुधरेंगे सरकारी स्कूल

डॉ. सत्यवान सौरभ
कवि, सामाजिक विचारक एवं स्तंभकार
भिवानी, हरियाणा।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

आजकल सरकारी स्कूलों के प्रति लोगों का नजरिया एक चलन बनता जा रहा है और यह अच्छा नहीं है। फोन, कैमरा और कैमरा-युक्त स्मार्टफोन होते ही लगभग कोई भी सरकारी स्कूल में जाकर शिक्षकों से सवाल पूछ सकता है, कक्षाओं की तस्वीरें खींच सकता है और कुछ ही मिनटों में पूरी शिक्षा व्यवस्था के बारे में अपनी राय बना सकता है। कभी-कभी यह इरादा नेक होता है। नागरिकों को शिक्षा की गुणवत्ता, सार्वजनिक संस्थानों के कामकाज और बच्चों के भविष्य के बारे में चिंतित होने का पूरा अधिकार है।

इसका मतलब यह है कि एक शिक्षा-सो सवाल अक्सर उठाया जाता है, लेकिन उस पर शायद ही कभी ध्यान दिया जाता है। निरीक्षण को लेकर यह उत्साह अक्सर सरकारी स्कूलों तक ही सीमित क्यों रहता है? कितनी बार स्वघोषित निरीक्षक बड़ी मुश्किल से और घड़ी की चुभती निगाहों से देखते हुए कुलीन निजी स्कूलों में घुसते हैं और वहां की फीस, बुनियादी ढांचे, प्रवेश नीतियों, शिक्षकों के कार्यभार, परिवहन या अन्य किसी भी चीज के बारे में सवाल पूछते हैं? हर निजी स्कूल की अपनी विशिष्ट प्रवेश प्रक्रिया, सुरक्षा, प्रशासन और फोटोग्राफी या रिकॉर्डिंग की सीमाएं होती हैं। बिना अनुमति के किसी को भी कक्षाओं में घूमने की अनुमति नहीं दी जाएगी। दूसरी ओर, सरकारी स्कूलों में अक्सर खुला और सुलभ वातावरण होता है। ये समाज के कमजोर वर्गों और निम्न आर्थिक स्तर के बच्चों का पालन-पोषण करते हैं। वे खुले तो हैं, लेकिन नियमों से मुक्त नहीं हैं। हर पहुंच का मतलब पूर्ण अधिकार नहीं होता।

सरकारी विद्यालयों के शिक्षक सरकार, विद्यालय प्रशासन, अभिभावकों, छात्रों और कानून के प्रति उत्तरदायी होते हैं। उन्हें उचित संस्थागत माध्यमों से अपने पेशेवर कर्तव्यों के संबंध में पूछताछ का अधिकार और दायित्व दोनों है। हालांकि, उचित निरीक्षण और अनौपचारिक निगरानी में स्पष्ट अंतर होता है। अधिकृत निरीक्षण प्रशासन के निर्धारित ढांचे के भीतर होता है। इसके लिए प्रक्रियाएं, रिकॉर्ड, जिम्मेदारियां और जवाबदेही आवश्यक हैं। किसी परिसर में मोबाइल फोन रखना और बिना अनुमति के शिक्षकों को रिकॉर्डिंग करना दिखावा हो सकता है, लेकिन दिखावा निरीक्षण नहीं है। शैक्षणिक संस्थानों में पारदर्शिता के साथ गरिमा भी आवश्यकता है।

यहां एक और बड़ा सवाल उठता है: शिक्षकों की गरिमा। शिक्षक कक्षाओं में बैठे सरकारी अधिकारी नहीं होते। वे विशेषज्ञ होते हैं जो बच्चों के बौद्धिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास के लिए जिम्मेदार होते हैं। ऐसी प्रक्रियाएं होनी चाहिए जिससे यह पता चल सके कि कोई शिक्षक अपने कर्तव्य में विफल हो रहा है, इसकी जांच की जाए और यदि शिक्षक वास्तव में विफल हो रहा है तो सुधारात्मक कार्रवाई की जाए।

हालांकि, शिक्षकों को सार्वजनिक रूप से अपमानित करना, बिना अनुमति के उनकी रिकॉर्डिंग करना या सोशल मीडिया पर चुनिंदा वीडियो पोस्ट करना यह जरूरी है कि इससे शिक्षा का स्तर बेहतर हो रहा है। इसके विपरीत, इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। यदि हर बातचीत सोशल मीडिया पर वायरल होने की संभावना बन जाए तो शिक्षक छात्रों के साथ स्वाभाविक रूप से बातचीत करने की बजाय उनके द्वारा रिकॉर्ड किए जाने को लेकर अधिक चिंतित हो सकते हैं। कक्षा धीरे-धीरे एक प्रदर्शन स्थल में बदल सकती है और वायरल सामग्री की होड़ में शिक्षा का उद्देश्य भुलाया जा सकता है। इसका यह मतलब बिल्कुल नहीं है कि सरकारी स्कूलों को जांच से छूट मिलनी चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धारकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

न्यूज ब्रीफ

विद्यार्थियों ने समझीं लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय, ठियोग, शिमला में 25 अगस्त को विद्यालय सभागार में मॉडल युवा ग्रामसभा का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत देवरीघाट, ठियोग, शिमला के प्रधान सुंदर राम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन संबंधित शिक्षक के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने ग्राम विकास, पंचायतीराज व्यवस्था, नागरिक कर्तव्य एवं सामाजिक मुद्दों पर सार्थक चर्चा की तथा स्थानीय विकास से संबंधित प्रस्ताव प्रस्तुत किए। मॉडल युवा ग्राम सभा के माध्यम से विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं, पंचायतीराज संस्थाओं, नेतृत्व एवं निर्णय लेने की प्रक्रिया का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में नागरिक चेतना, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया। विद्यालय के प्राचार्य श्री रोशन लाल ने ग्राम पंचायत प्रतिनिधि का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को सक्रिय एवं जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कार्यक्रम में मार्गदर्शन एवं सहभागिता के लिए ग्राम पंचायत प्रधान का आभार जताया। साथ ही विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों, नागरिक कर्तव्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का भी आभार व्यक्त किया गया।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर शिमला में होगा 'खेलो इंडिया संवाद'

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में मेरा युवा भारत शिमला एवं एमवाई भारत-एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में 27 अगस्त को हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, राजीव गांधी राजकीय महाविद्यालय कोटशेरा तथा राजकीय महाविद्यालय संजौली में 'खेलो इंडिया संवाद' एवं युवा संपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संबोधन रहेगा। इस अवसर पर देशभर के 1600 स्थानों से आठ लाख से अधिक युवाओं के जुड़ने की बात कही गई है। प्रधानमंत्री के संबोधन के बाद स्थानीय स्तर पर युवाओं और खिलाड़ियों के बीच संवाद होगा। इसमें जमीनी स्तर पर खेल सुविधाओं एवं प्रशिक्षण को बेहतर बनाने, 2036 ओलंपिक के लिए प्रतिभाओं की पहचान एवं तैयारी, युवा नेतृत्व और शासन में युवाओं की भागीदारी तथा विकसित भारत में युवाओं की भूमिका पर चर्चा होगी। कार्यक्रम में युवाओं से खेलों, युवा नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण से जुड़े सुझाव एवं विचार लिए जाएंगे। इन्हें क्यूआर कोड के माध्यम से संकलित किया जाएगा तथा युवाओं को विकसित भारत युवा नेता संवाद के अगले चरण में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। एमवाई भारत शिमला एवं एमवाई भारत-एनएसएस ने युवाओं से कार्यक्रमों में अधिक से अधिक भागीदारी का आह्वान किया है।

खाद्यान्न ढुलाई के लिए ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित

अनंत ज्ञान, सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। जिला शिमला में हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के थोक गोदामों से उचित मूल्य की दुकानों तक खाद्यान्न पहुंचाने के लिए ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। वर्ष 2025-26 के लिए खाद्यान्न परिवहन, ढुलाई, लोडिंग और अनलोडिंग कार्य के लिए इच्छुक निविदादाता 31 अगस्त 2026 को सुबह 11 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला नियंत्रक खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नरेंद्र धीमान ने बताया कि भट्टाकुफर, शनान, ठियोग, नारकंडा, रामपुर, गुम्मा, जुब्बल, नानखड़ी, रोहड़ू, चिड़गांव, चौपाल, नेरवा, टिक्कर तथा डोडरा-क्वार के थोक भंडारों से संबंधित उचित मूल्य की दुकानों तक खाद्यान्न पहुंचाने के लिए निविदाएं मांगी गई हैं। भट्टाकुफर, शनान, ठियोग, नानखड़ी, टिक्कर, रोहड़ू, चौपाल और नेरवा के थोक भंडारों में लोडिंग-अनलोडिंग कार्य के लिए भी निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। इन्हें 31 अगस्त को शाम 3 बजे अतिरिक्त उपायुक्त शिमला के कार्यालय में खोला जाएगा। अधिक जानकारी के लिए 0177-2657022 पर संपर्क किया जा सकता है।

एच1एन1 को लेकर राजधानी शिमला में स्वास्थ्य विभाग सतर्क

संदिग्ध मरीज की जांच रिपोर्ट आई नकारात्मक, बुखार, खांसी और सांस लेने में परेशानी को न करें नजरअंदाज

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। देश के कुछ हिस्सों में मौसमी इन्फ्लुएंजा एच1एन1 के मामलों को देखते हुए शिमला जिला स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। इंदिरा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में एच1एन1 को आशंका वाला एक मामला सामने आया था, लेकिन जांच में मरीज की रिपोर्ट नकारात्मक पाई गई। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन संक्रमण से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतना जरूरी है।

एच1एन1 के सामान्य लक्षणों में बुखार, खांसी, गले में खराश, नाक बहना, सिरदर्द, शरीर में दर्द और थकान शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि यदि किसी व्यक्ति को लगातार तेज बुखार रहे, सांस लेने में कठिनाई हो या लक्षण लगातार बढ़ते जाएं तो उसे तत्काल चिकित्सकीय सहायता लेनी चाहिए। समय पर जांच और उपचार से गंभीर स्थिति से बचा जा सकता है।

संक्रमण से बचाव के लिए खांसते और छींकते समय मुंह-नाक ढकने, हाथों को बार-बार साबुन से धोने तथा फ्लू जैसे लक्षण वाले लोगों से निकट संपर्क से बचने की सलाह दी गई है। लक्षण होने पर भीड़भाड़ वाले स्थानों से दूरी बनाए रखने और मुखावरण का उपयोग करने को कहा गया है। चिकित्सकीय परामर्श के बिना प्रतिजैविक अथवा विषाणुरोधी दवाएं लेने से भी बचने की सलाह दी गई है।

इन्फ्लुएंजा जैसे मामलों पर स्वास्थ्य विभाग की पैनी नजर

जिला स्वास्थ्य विभाग इन्फ्लुएंजा जैसे लक्षण वाले मामलों और गंभीर श्वसन संक्रमण से जुड़े मामलों की लगातार निगरानी कर रहा है। विभाग ने कहा है कि स्थिति के अनुसार आवश्यक जनस्वास्थ्य उपाय किए जाएंगे और स्वास्थ्य तंत्र किसी भी चुनौती से निपटने के लिए तैयार है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, शिमला डॉ. यशपाल रांटा ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और एच1एन1 को लेकर अनावश्यक भय न फैलाएं। उन्होंने लोगों से स्वच्छता संबंधी सावधानियों का पालन करने तथा गंभीर या लगातार बने रहने वाले लक्षणों की स्थिति में समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने का आग्रह किया है।

एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग में समर्थ अत्री चमके

एशियन ओपन में शानदार प्रदर्शन करते ऑकलैंड हाउस के समर्थ अत्री। ■ अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। देहरादून में 17 से 20 अगस्त तक आयोजित एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ट्रॉफी-2026 में ऑकलैंड हाउस स्कूल के कक्षा 10 के छात्र समर्थ अत्री ने शानदार प्रदर्शन कर हिमाचल का नाम रोशन किया।

एशिया के 14 देशों के खिलाड़ियों की भागीदारी वाली इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हिमाचल के करीब 11 खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया था। समर्थ ने जूनियर-बी पुरुष वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए 1500 मीटर स्पर्धा में 2 मिनट 51 सेकेंड का समय दर्ज किया और सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस स्पर्धा में उन्होंने एशिया में 21वां स्थान हासिल किया।

समर्थ अत्री ने 1000 मीटर स्पर्धा में 1 मिनट 49 सेकेंड का समय दर्ज करते हुए एशिया में 27वां स्थान प्राप्त किया। वहीं, 500 मीटर स्पर्धा में उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए एशिया में 16वां स्थान हासिल किया और क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे। प्रतियोगिता में उनके प्रदर्शन के आधार पर उन्होंने जूनियर-बी पुरुष वर्ग में एशिया में कुल 22वां स्थान प्राप्त किया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के बीच यह उपलब्धि उनकी मेहनत, अनुशासन, लगन और दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। समर्थ की इस उपलब्धि पर ऑकलैंड हाउस स्कूल और हिमाचल प्रदेश को गर्व है।

संपत्ति सर्वे में त्रुटि तो 15 सितंबर तक करें शिकायत

अनंत ज्ञान

रामपुर बुशहर। नगर परिषद रामपुर ने वार्ड नंबर 1 से 9 तक के सभी संपत्ति स्वामियों को संपत्ति कर सर्वेक्षण से संबंधित आपत्तियां दर्ज करवाने के लिए 15 सितंबर 2026 तक का समय दिया है। नगर परिषद की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया कि वार्ड नंबर 1 से 9 तक संपत्ति कर का सर्वेक्षण एजीआई एसएसीए हिमकॉस्ट के माध्यम से करवाया गया है और सर्वे कार्य पूरा हो चुका है।

नगर परिषद ने बताया कि यदि किसी संपत्ति मालिक को उपरोक्त एजेंसी द्वारा किए गए संपत्ति सर्वेक्षण अथवा भवन में पैमाइश, सर्वेक्षण या आंनलाइन बनने वाले बिलों को लेकर कोई आपत्ति है, तो वह 15 सितंबर 2026 तक नगर परिषद के कमरा नंबर-5 में आकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। विज्ञप्ति के अनुसार निर्धारित तिथि के बाद आपत्तियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। नगर परिषद ने सभी संपत्ति स्वामियों से अपील की है कि वे समय सीमा के भीतर अपने संपत्ति सर्वेक्षण एवं प्रस्तावित बिलों की जांच कर लें और किसी प्रकार की त्रुटि होने पर समय रहते आपत्ति दर्ज करवाएं।

नगर परिषद के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि संपत्ति स्वामियों की सुविधा के लिए यह अवसर दिया गया है, ताकि सर्वेक्षण से संबंधित किसी भी विसंगति का समय रहते समाधान किया जा सके।

रामलीला आयोजन को लेकर नगर परिषद में हुई बैठक

अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर। रामलीला आयोजन के लिए आवश्यक एनओसी प्राप्त करने को लेकर नगर परिषद रामपुर के बैठक कक्ष में महत्वपूर्ण बैठक हुई। नगर परिषद अध्यक्ष करन शर्मा सहित सभी पार्षद मौजूद रहे। बैठक में रामलीला के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। कार्यकारी अधिकारी ने आयोजन के लिए नगर परिषद की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर रामलीला क्लब रामपुर के ध्रुव शर्मा, राजेंद्र कौल, हितेश हनी, अभिनव गुप्ता, वंश मित्तल, आशीष शर्मा, गोला सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। क्लब सदस्यों ने नगर परिषद अध्यक्ष, पार्षदों और कार्यकारी अधिकारी का सहयोग के लिए आभार जताया।

सोमेन देबनाथ ने विधानसभा अध्यक्ष से साझा किए साइकिल यात्रा के अनुभव

191 देशों और सात महाद्वीपों की कर चुके हैं साइकिल यात्रा

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। विश्व के 191 देशों और सात महाद्वीपों में करीब दो लाख किलोमीटर साइकिल से यात्रा कर चुके वैश्विक साइकिल यात्री सोमेन देबनाथ ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से शिष्टाचार भेंट की।

विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय में हुई इस मुलाकात में देबनाथ ने अपनी करीब 22 वर्षों की साहसिक यात्रा के अनुभव साझा किए और बताया कि उनका अभियान केवल विश्व भ्रमण तक सीमित नहीं, बल्कि एचआईवी-एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने तथा भारतीय संस्कृति और

सभ्यता को दुनिया तक पहुंचाने का माध्यम भी है। पश्चिम बंगाल के सुंदरबन निवासी सोमेन देबनाथ ने बताया कि उन्होंने 27 मई, 2004 को अपनी विश्व यात्रा शुरू की थी और उत्तर कोरिया को छोड़कर लगभग पूरे विश्व का भ्रमण कर चुके हैं। उन्होंने भारत की जीवनशैली, संस्कृति और लोगों से जुड़े अनुभव भी विधानसभा अध्यक्ष के साथ साझा किए। देबनाथ ने बताया कि वर्ष 2004 से 2006 के बीच उन्होंने भारत के 28 राज्यों और पांच केंद्र शासित प्रदेशों में करीब 2700 किलोमीटर की यात्रा की तथा इस दौरान कई मुख्यमंत्रियों और राज्यपालों से भी मुलाकात की।

सोमेन देबनाथ ने बताया कि वर्तमान में वह भारत के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुनर्मिलन भारत अभियान के तहत यात्रा कर रहे हैं। इसका उद्देश्य यह जानना है कि 22 वर्ष पहले देखे भारत में अब कितना बदलाव आया है।

शील-परोग सड़क पर भूस्खलन से बस सेवा ठप, बागवान परेशान

अनंत ज्ञान

आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर। स्थानीय बिधायक नंदलाल के गृह क्षेत्र रामपुर उपमंडल की 12/20 घाटी को जोड़ने वाली शील-परोग सड़क लगातार हो रहे भूस्खलन के कारण खस्ताहाल हो गई है। बारिश के चलते देवठी पंचायत के शील-परोग क्षेत्र में पहाड़ियों से मलबा और पत्थर गिरने का सिलसिला जारी है। इसके चलते मार्ग पर बस सेवा पूरी तरह ठप हो गई है, जिससे ग्रामीणों की आवाजाही प्रभावित हो रही है।

घाटी में सेब सीजन शुरू हो चुका है। सड़क बाधित होने से सैकड़ों ग्रामीणों, बागवानों और दुग्ध उत्पादकों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सेब की पेटियों को समय पर मंडियों तक पहुंचाना चुनौती बन गया है। बागवानों ने आशंका जताई है कि सड़क जल्द बहाल नहीं हुई तो उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

प्रशासन ने छोटे वाहनों के लिए यातायात बहाल किया है, लेकिन लगातार बारिश के कारण सड़क कई स्थानों पर दलदल में बदल गई है। वहीं पहाड़ी से मलबा और पत्थर गिरने का खतरा बना हुआ है। ऐसे में छोटे वाहनों से सफर करना भी जोखिम भरा साबित हो रहा है।

सड़क बहाली में जुटा लोक निर्माण विभाग

स्थिति को देखते हुए लोक निर्माण विभाग की मशीनरी सड़क से मलबा हटाने और मार्ग को बहाल करने में जुटी है। विभाग का प्रयास है कि जल्द ही बसों और ट्रकों सहित बड़े वाहनों की सुरक्षित आवाजाही बहाल की जा सके, ताकि सेब उत्पादकों और स्थानीय ग्रामीणों को राहत मिल सके।

प्रदेश में 31 अगस्त तक बारिश के आसार, कोई अलर्ट नहीं, चंबा में हुआ भूस्खलन

अनंत ज्ञान, शिमला। हिमाचल प्रदेश में अगले कुछ दिनों तक मानसून सक्रिय रहने से कई हिस्सों में बारिश का दौर जारी रहने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार 25 से 31 अगस्त तक मानसून की सक्रियता के कारण बादल बरस सकते हैं, हालांकि, इस दौरान भारी बारिश का कोई अलर्ट या चेतावनी जारी नहीं की गई है। आगामी दिनों में मानसून के धीमे रहने से प्रदेश को भारी बारिश से राहत मिलने की भी संभावना है।मंगलवार को शिमला में सुबह धूप खिली रही, लेकिन दोपहर बाद मौसम बदला और कई जगह बादल जमकर बरसे। इसी बीच चंबा जिले के जनजातीय क्षेत्र भरमौर में भारी भूस्खलन से कोडल से उरई सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पहाड़ी का एक बड़ा हिस्सा सड़क को तोड़ता हुआ नीचे नाले में जा समाया। इससे इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही के साथ पैदल आवागमन भी पूरी तरह बंद हो गया है। राहत की बात यह रही कि भूस्खलन के समय सड़क से कोई वाहन नहीं गुजर रहा था और न ही वहां पैदल लोगों की आवाजाही थी।

कार्यालय पंचायत सामुदायिक केंद्र ध्वाला विकास खण्ड देहरा जिला कांगडा(हि.प्र.)

विषय :-15 वां वितायोग के अंतर्गत FURNITURE, LAPTOP, PRINTER हेतु निविदाएँ आमंत्रित करने के संदर्भ में।
ग्राम पंचायत धवाला विकास खण्ड देहरा जिला काँगड़ा हि0 प्र0 द्वारा उक्त मद के तहत अधिकृत विक्रेताओं से बंद लिफाफे में निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएँ दिनांक 02/09/2026 अपर्हान 5 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जाएँगी। निविदाएँ दिनांक 09/09/2026 को प्रात: 11:00 बजे के बाद ग्राम पंचायत की कमेंटी द्वारा या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जायेंगी। जो सप्लायर उक्त दिनांक को अनुपस्थित रहेगा उनकी निविदाएँ बिना खोले ही रदद कर दी जायेंगी।
सामग्री का विवरण :1.ऑफिस टेबल प्रति इकाई, 2.ऑफिस चेयर प्रति इकाई, 3.विजिटर चेयर प्रति इका ई, 4. स्टील अलमारी प्रति इकाई, 5. कंप्यूटर टेबल प्रति इकाई, 6. मीटिंग टेबल प्रति इकाई, 7. प्लास्टिक चेयर प्रति इकाई, 8. लैंपटॉप प्रति इकाई, 9. प्रिंटर प्रति इकाई
नियम व शर्ते :- 1) निविदादाता के पास अपना GSTIN नंबर होना आवश्यक हैं जिसकी प्रतिलिपि निविदा के साथ सलग्न हो (2) सामग्री कार्यालय तक उपलब्ध करवानी होगी (3) किसी भी निविदाता को कारण बताए स्वीकृत / अस्वीकृत करने, सामान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवत्ता के चयन तथा समय पर सामग्री न देने की स्थिति में निविदा किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा 1(6) सामग्री लेने का अंतिम मूल्य / निर्णय ग्राम पंचायत/विभाग की Justification व पारित निविदादाताओं के साथ तर्कसंगत (Negotiation) उपरान्त किया जाएगा
प्रधान/सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत स्योग विकास खण्ड सदर जिला मण्डी (हि.प्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत स्योग विकास खण्ड सदर जिला मण्डी द्वारा वित् वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवयश्कता अनुसार अधिकृत विक्रेतायों से मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएँ दिनांक 04/09/2026 को अपराहन सायं 1:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यलय स्योग में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएँ दुसरे दिन दिनांक 05/09/2026 को अपराहन 1:00 बजे के बाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी। निविदाओं के साथ FDR के आलावा जैसे कि चेक, एफडी केश मान्य नहीं होगा। जो कि दिनांक 28/07/2026 को लगाई गई। सामग्री का विवरण निविदा किसी कारणवश रद्द करनी पडी थी को दुबारा आज दिनांक 25/08/2026 को लगानी पड़ रही हैं।
1. रेत (खड्डु/नदी की)प्रति घन मीटर, 2. रेत (क्रुशर की) प्रति घन मीटर, 3. बजरी 20 mm (खड्डु नदी की) प्रति घन मीटर, 4. बजरी 40mm (खड्डु की) प्रति घन मीटर, 5. बजरी 20 mm कशर की प्रति घन मीटर, 6. बजरी 40 mm क्रशर की प्रति घन मीटर, 7. सोलिंग बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर, 8.पत्थर(कटस्टोन) प्रति घन मीटर, 9 पक्की ईंटे (मिट्टी के भट्ठे की) प्रति 1000 न., 10. JCB मशीन द्वारा कटिंग प्रति घंटा, 11. शटरिंग पर स्केवर फीट प्रति घन मीटर, 12. क्रेट वायर मंडी से स्योग तक प्रति क्रेट, 13. सीमेंट पेवर ब्लाक 40,60, 80 MM प्रति सहित पर ब्लॉक प्रति ब्लॉक, 14. सीमेंट कैंरिज पर बैंग सिविल SUPLY MANDI से WORK SITE तक प्रति बैग, 15. लोकल पत्थर कैंरिज पर CUM प्रति CUM, 16. नागरिक सूचना बोर्ड with writing 3/3 व 4/4 व 5/5 फुट प्रति बोर्ड, 17. डस्टबिन प्रति एक, 18. HUME PIPES (सीमेंट के 150mm, 300mm, 600mm, 900mm प्रति pipes
नियम व शर्ते : 1. निविदाएँ केवल पंजीकृत डाक द्वारा ही पंचायत कार्यलय में प्राप्त की जाएगी अन्य किसी माध्यम से प्राप्त होने पर निविदा स्वीकृत नहीं की जायगी।2. निविदाताता के पास अपना पंजीकरण पेन संख्या, GST नम्बर होना आवश्यक हैं। 3. ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्तांतरित M FROM जमा करवाने होंगे. M-FROM उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री सम्बंधीरायल्टी वर्तमान में 60/-रुपये प्रति टन के हिसाब से काटी जायगी। 4. सभी करो का लेन देन सरकार के प्रावधानी अनुसार होगा। 5. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसीफिकेशन के अनुरूप होगी। 6. दरें अंकों और शब्दों दोनों में लिखी होनी चाहिए।
प्रधान/सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत सेरीकोठी विकास खण्ड सुन्दरनगर जिला मण्डी (हि० प्र०)

सार्वजनिक निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सेरी कोठी में विभिन्न प्रकार के विकासात्मक कार्यों के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।
सामग्री का विवरण
(1) Dustbin. (2) furniture (3) Computers/Laptop (4) Electronics items. / Fan
निविदाएं आपूर्तिकर्ता/फर्म 26/08/2026 तक अपनी निविदाएं प्रधान पंचायत सेरी कोठी को पंजीकृत डाक या स्वयं जमा कर सकते हैं। निविदाएं दिनांक 01/09/2026 को कार्यालय ग्राम पंचायत सेरी कोठी में खोली जाएगी। जिसकी निविदा की दर सबसे कम होगी उन्हें आपूर्ति हेतु आदेश जारी कर दिये जाएंगे।
निविदादाता के पास अपना जी.एस.टी न. होना अनिवार्य है।
प्रधान /सचिव पंचायत सेरीकोठी
विकास खंड सुंदरनगर जिला मंडी

हिमाचल विधानसभा के बाहर आउटसोर्स कर्मचारियों का प्रदर्शन

अनंत ज्ञान, शिमला। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के बीच मंगलवार को विधानसभा के बाहर चौड़ा मैदान में सैकड़ों आउटसोर्स कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। राज्य के अलग-अलग हिस्सों से पहुंचे कर्मचारी बारिश के बीच छाते लेकर प्रदर्शन में डटे रहे। कर्मचारियों ने सरकार से आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए नीति बनाने, नौकरी की सुरक्षा देने और कम मानदेय की समस्या दूर करने की मांग उठाई।

प्रदर्शन कर रहे आउटसोर्स कर्मचारियों का कहना था कि प्रदेश के विभिन्न सरकारी विभागों में करीब 25 हजार कर्मचारी आउटसोर्स आधार पर सेवाएं दे रहे हैं। इनमें कई कर्मचारी 15 से 20 साल से लगातार काम कर रहे हैं। इतने लंबे समय तक सरकारी विभागों में सेवाएं देने के बाद भी उनके भविष्य की कोई गारंटी नहीं है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि सरकार जब चाहे उन्हें नौकरी से बाहर कर सकती है।

व अदालत कार्यकारी दंडाधिकारी अम्ब, तहसील अम्ब, जिला ऊना हि0 प्र0 ।
श्रीमती रजनी देवी पुत्री हर्मेश चन्द निवासी गांव व डा0 सेरी, तहसील अम्ब, जिला ऊना हि0प्र0 पत्नी श्री कुलदीप कुमार निवासी वादऊँ तहसील अम्ब, जिला ऊना हि0प्र0 । ...प्रार्थिया
वनाम आम जनता
विषय :- प्रार्थना पत्र जेर धारा 13 (3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 के अंतर्गत जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण करवाने बारे ।
ईश्तहार/मुश्त्री मुनादी वनाम आम जनता
श्रीमती रजनी देवी पुत्री हर्मेश चन्द निवासी गांव व डा0 सेरी, तहसील अम्ब, जिला ऊना हि0प्र0 पत्नी श्री कुलदीप कुमार निवासी वादऊँ तहसील अम्ब, जिला ऊना हि0प्र0 ने इस अदालत में प्रार्थना पत्र गुजारा है कि उनका जन्म दिनांक 25/10/1987 को गांव सेरी, तहसील अम्ब, जिला ऊना में हुआ था, परन्तु अज्ञानता वंश उक्त जन्म का इन्द्राज सम्बन्धित ग्राम पंचायत के अभिलेख में नहीं हो सका है। अतः सर्व सधारण को इस इश्तहार । मुश्त्री मुनादी द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त जन्म दर्ज करने बारे कोई उजर / एतराज हो तो वह दिनांक 27/08/2026 को दोपहर 2.00 बजे या उससे पूर्व असालतन या वकालतन हाजर अदालत हो कर पेश करें, अन्यथा नियमानुसार सम्बन्धित ग्राम पंचायत को उक्त जन्म दर्ज करने बारे आदेश जारी कर दिए जायेंगे । आज दिनांक 29/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ।
कार्यकारी दंडाधिकारी अम्ब, तहसील अम्ब, जिला ऊना हि0 प्र0 ।

व अदालत कार्यकारी दंडाधिकारी अम्ब, तहसील अम्ब, जिला ऊना हि0 प्र0 ।
श्री करण कहोल पुत्र सुनील कुमार निवासी गांव सेरी, डा0 हम्बोली, तहसील अम्ब, जिला ऊना हि0 प्र0 । ...प्रार्थी
वनाम आम जनता
विषय :- प्रार्थना पत्र जेर धारा 13 (3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 के अंतर्गत जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण करवाने बारे ।
ईश्तहार/मुश्त्री मुनादी वनाम आम जनता
श्री करण कहोल पुत्र सुनील कुमार निवासी गांव सेरी, डा0 हम्बोली, तहसील अम्ब, जिला ऊना हि0 प्र0 ने इस अदालत में दो अदद प्रार्थना पत्र गुजारे हैं जिनमें वर्णन किया है कि उसका जन्म दिनांक 26/05/2001 को गांव सेरी, तहसील अम्ब, जिला ऊना में हुआ था, परन्तु अज्ञानता वंश उक्त जन्म का इन्द्राज सम्बन्धित ग्राम पंचायत के अभिलेख में नहीं हो सका है। इसके अतिरिक्त उसके दादा श्री राम प्रकाश पुत्र बंसी लाल की मृत्यु दिनांक 08/07/2006 को गांव सेरी, तहसील अम्ब, जिला ऊना में हुई, थी परन्तु अज्ञानतावश उक्त मृत्यु का इन्द्राज सम्बन्धित ग्राम पंचायत के अभिलेख में नहीं हो सका है। अतः सर्व सधारण को इस इश्तहार । मुश्त्री मुनादी द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को प्रार्थी के जन्म दर्ज करने व उसके दादा की मृत्यु दर्ज करने बारे कोई उजर/एतराज हो तो वह दिनांक 27/08/2026 को दोपहर 2.00 बजे या उससे पूर्व असालतन या वकालतन हाजर अदालत हो कर पेश करें, अन्यथा नियमानुसार सम्बन्धित ग्राम पंचायत को उक्त जन्म दर्ज करने बारे आदेश जारी कर दिए जायेंगे । आज दिनांक 29/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ ।
कार्यकारी दंडाधिकारी अम्ब, तहसील अम्ब, जिला ऊना हि0 प्र0 ।

व अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी एवं नायव तहसीलदार, श्रेणी-॥ भवारना जिला कांगड़ा (हि0प्र0)
मुक्दमा न0 किस्म मुक्दमा तारीख पेशी
कुसुम पत्नी श्री मिलाप चन्द निवासी गांव चौगान डा0 डरोह उपतहसील भवारना जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।
बनाम आम जनता
विषय:- मृत्यु पंजीकरण करने बारे।
प्रार्थी श्रीमति कुसुम पत्नी श्री मिलाप चन्द निवासी गांव चौगान डा0 डरोह उपतहसील भवारना जिला कांगड़ा हि0प्र0 ने इस अदालत मे अपने ससुर जुद्ध राम पुत्र बरडू राम निवासी महाल चौगान उपतहसील भवारना की मृत्यु दिनांक जो की 23/04/1985 के गांव चौगान ग्राम पंचायत बसकेहड में हुई है, का मृत्यु ग्राम पंचायत बसकेहड में पंजीकृत करवाने हेतू प्रार्थना पत्र पेश किया है। प्राथी के अनुसार अज्ञानता वश उनके ससुर जुद्ध राम की मृत्यु तिथी सम्बंधित ग्राम पंचायत बसकेहड के अभिलेख में दर्ज न हो सकी है। अब प्रार्थी न्यायालय के आदेशों से उपरोक्त ग्राम पंचायत बसकेहड में अपने ससुर की मृत्यु की तिथी को पंजीकृत करवाना चाहता है। अतः इस ईश्तयार/मुश्त्री मुन्यादी चस्पानगी के माध्यम से आम जानता को सूचित किया जाता है कि इस बारे में किसी को कोई उज्ज/एतराज हो तो वह दिनांक 25-9-2026 को आसलतन व वकालतन इस कार्यालय में हाजिर होकर उज पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त मृत्यु का पंजीकरण करने के आदेश पारित कर दिए जाऐंगे उसके उपरांत कोई भी उजर व एतराज काबिले गौर न होगा। आज दिनांक 25/8/ 2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
कार्यकारी दण्डाधिकारी भवारना जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एवं नायब तहसीलदार, तहसील रे जिला कांगड़ा हि.प्र.
अशोक कुमार, पुत्र श्री धनी राम गाँव व डाकघर लठियाल, उपतहसील रे (ST) जिला कांगड़ा (हि.प्र.) 176058 ... प्रार्थी
बनाम
आम जनता, गाँव व डाकघर लठियाल, तहसील रे St , जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश ...प्रतिवादी
विषय: राजस्व प्रविष्टि में सुधार।
श्री अशोक कुमार, पुत्र श्री धनी राम गाँव व डाकघर लठियाल, उपतहसील रे जिला कांगड़ा (हि.प्र.) ने अदालत हजा में एक प्रार्थना पत्र वावत अपने पिता का नाम दरुस्ती हेतु गुजारा है कि प्रार्थी के पिता का नाम आधार कार्ड, परिवार नकल और मेरे पिता जी पेन्शन बुक में धनी राम पुत्र काहन सिंह दर्ज है, परन्तु राजस्व अभिलेख महाल पिता जी का नाम धल्ली पुत्र काहन सिंह लिखा है जो कि गल्त है, जिसे प्रार्थी रणजीत कुमार सही दुरुस्त करवाना चाहता है। अतः सर्व साधारण को इस ईश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को प्रार्थी के पिता के नाम को दरुस्त करने बारे कोई आपति है तो वह दिनांक 24.09.2026 को प्रातः 10 बजे असालतन या बकालतन हाजिर होकर अपना एतराज लिखित रुप में पेश कर सकता है। एतराज पेश न होने की सूरत में नाम दरुस्ती के आदेश पारित कर दिए जाएगें। इसके उपरान्त कोई भी एतराज कावले समायतन न होगा।
सहायत समाहर्ता द्वितीय श्रेणी, रे, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)।

कार्यालय ग्राम पंचायत तियाई विकास खण्ड अम्ब, जिला ऊना (हि.प्र.)

कोटेशन आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत तियाई, विकास खण्ड अम्ब, जिला ऊना (हि.प्र.) द्वारा 15वें एवं 16वें वित्त आयोग, VB G RAM G, पंचायत सभा फण्ड, PMAY, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), विधायक क्षेत्र विकास निधि, राज्य वित्त आयोग तथा अन्य विभागीय योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों हेतु आवश्यक निर्माण सामग्री, मशीनरी, उपकरण एवं सेवाओं की आपूर्ति के लिए पात्र एवं अधिकृत निर्माता/डीलर/आपूर्तिकर्ता/सेवा प्रदाताओं से वस्तु एवं सेवा कर (GST) के बिना (Exclusive of GST) के निर्धारित इकाई के अनुसार सीलबंद कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं।) **मांगी जाने वाली सामग्री / मशीनरी / सेवाएं। 1. निर्माण सामग्री (दरें प्रति निर्धारित इकाई एवं GST के बिना अंकित की जाएं, लागू GST अतिरिक्त देय होगा):** सीमेंट (ओ.पी.सी./पी.पी.सी.) प्रति बैग, धुली हुई रेत- रेत प्रति घन मीटर, क्रश्ड रेत प्रति घन मीटर, स्टोन डस्ट प्रति घन मीटर, 10 मि.मी., 20 मि.मी. एवं 40 मि.मी. गिट्टी प्रति घन मीटर, बोल्डर प्रति घन मीटर, रैंडम रब्बल पत्थर प्रति घन मीटर, ग्रेन्युलर सब-बेस (GSB) - प्रति घन मीटर, वेट मिक्स मैकडम (WMM) प्रति घन मीटर, ग्रेन्युलर भराई प्रति घन मीटर, मिट्टी की भराई (समतलीकरण एवं कम्पेक्शन सहित) प्रति घन मीटर, ईट प्रति संख्या, ठोस सीमेंट ब्लॉक प्रति संख्या, हॉलो ब्लॉक - प्रति संख्या, प्रीकास्ट सी.सी. ब्लॉक प्रति संख्या, कर्ब स्टोन प्रति रनिंग मीटर, आर.सी.सी. प्रीकास्ट स्लैब प्रति संख्या, आर.सी.सी. कवर स्लैब - प्रति संख्या, आर.सी.सी. ह्यूम पाइप (सभी आकार) प्रति रनिंग मीटर, रेडी मिक्स कंक्रीट (एम-10 से एम-30)-प्रति घन मीटर, रेडी मिक्स ड्राई मटेरियल (सीमेंट रहित) - प्रति घन मीटर, टाइल एडहेसिव प्रति बैग, सफेद सीमेंट प्रति बैग, वाल पुट्टी - प्रति बैग, प्राइमर प्रति लीटर, पेंट प्रति लीटर तथा अन्य निर्माण सामग्री। **2. पेवर ब्लॉक एवं प्रीकास्ट सामग्री (GST अतिरिक्त):** इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक 60 मि.मी. (एम-35 ग्रेड) प्रति वर्ग मीटर, इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक 80 मि.मी. (एम-35 ग्रेड) - प्रति वर्ग मीटर, चेकर टाइल - प्रति वर्ग मीटर, प्रीकास्ट सी.सी. ब्लॉक प्रति संख्या, प्रीकास्ट आर.सी.सी. स्लैब प्रति संख्या, कर्ब स्टोन -प्रति रनिंग मीटर, प्रीकास्ट नाली कवर प्रति संख्या तथा अन्य प्रीकास्ट उत्पाद। **3. स्टील एवं फैब्रिकेशन कार्य (GST अतिरिक्त):** टी.एम.टी. सरिया- प्रति किलोग्राम, स्ट्रक्चरल स्टील- प्रति किलोग्राम, एम.एस.गेट प्रति किलोग्राम/प्रति वर्ग फुट, एम.एस. ग्रिल - प्रति वर्ग फुट, एम.एस. सीढ़ी प्रति किलोग्राम अथवा प्रति कार्य, एम. एस. रेलिंग प्रति रनिंग मीटर, हैंड रेलिंग - प्रति रनिंग मीटर, सुरक्षा रेलिंग - प्रति रनिंग मीटर, स्टील ट्रस प्रति किलोग्राम, जी. आई. पाइप प्रति रनिंग मीटर, एम.एस. पाइप - प्रति रनिंग मीटर, एंगल, चैनल एवं प्लेट प्रति किलोग्राम, वेल्डिंग एवं फैब्रिकेशन कार्य- प्रति किलोग्राम अथवा प्रति कार्य। **4. फेंसिंग सामग्री (GST अतिरिक्त):** चेन लिंक जाली - प्रति वर्ग मीटर, बुनी हुई वायर जाली प्रति वर्ग मीटर, जी. आई. वायर जाली प्रति वर्ग मीटर, गैबियन वायर मेश बॉक्स - प्रति घन मीटर अथवा प्रति बॉक्स, कांटेदार तार प्रति किलोग्राम अथवा प्रति रोल, कंसर्टीना कॉयल - प्रति रोल, जी.आई. बाइंडिंग वायर प्रति किलोग्राम, फेंसिंग पोल प्रति संख्या तथा अन्य फेंसिंग सामग्री। **5. जलापूर्ति एवं प्लम्बिंग सामग्री (GST अतिरिक्त):** एच.डी.पी.ई. पाइप - प्रति रनिंग मीटर, जी.आई. पाइप प्रति रनिंग मीटर, यू.पी.वी.सी. पाइप प्रति रनिंग मीटर, पी.वी.सी. पाइप - प्रति रनिंग मीटर, पानी की टंकी प्रति संख्या, बोरवेल ड्रिलिंग प्रति रनिंग फीट, एम.एस. यू.पी.वी.सी. केसिंग पाइप - प्रति रनिंग मीटर, सबमर्सिबल मोटर पम्प सेट प्रति संख्या, स्टार्टर पैनल प्रति संख्या, हैंडपम्प स्थापना प्रति कार्य तथा अन्य प्लम्बिंग सामग्री। **6. विद्युत एवं सौर सामग्री (GST अतिरिक्त):** सौर एल.ई.डी. स्ट्रीट लाइट - प्रति संख्या, हाई मास्ट लाइट प्रति संख्या, एल.ई.डी. फ्लड लाइट - प्रति संख्या, विद्युत केबल -प्रति रनिंग मीटर, एम.सी.बी./ डिस्ट्रिब्यूशन पैनल प्रति संख्या, अर्थिंग सेट प्रति सेट, वाटर कूलर (30, 40 एवं 50 लीटर) - प्रति संख्या, सी.सी.टी.वी. प्रणाली प्रति सेट, यू.पी.एस. प्रति संख्या तथा अन्य विद्युत सामग्री। **7. मशीनरी एवं वाहन (GST अतिरिक्त):** जे.सी.बी./बैकहो लोडर - प्रति घंटा, रोड रोलर (8-10 टन) प्रति घंटा, ट्रैक्टर-ट्रॉली प्रति ट्रिप, स्थानीय ढुलाई - प्रति ट्रिप, टिप्पर/डम्पर - प्रति ट्रिप, पानी का टैंकर प्रति ट्रिप, कंक्रीट मिक्सर मशीन प्रति दिन, नीडल वाइब्रेटर प्रति दिन, प्लेट कम्पेक्टर - प्रति दिन, जनरेटर सेट प्रति दिन तथा अन्य आवश्यक मशीनरी। **8. कार्यालय, उद्यानिकी एवं अन्य सामग्री (GST अतिरिक्त):** लैपटॉप - प्रति संख्या, डेस्कटॉप कम्प्यूटर प्रति संख्या, प्रिंटर प्रति संख्या, फोटो कॉपी मशीन प्रति संख्या, कार्यालय फर्नीचर - प्रति संख्या, स्टील अलमारी प्रति संख्या, कार्यालय मेज प्रति संख्या, कार्यालय कुर्सी प्रति संख्या, फाइल रैक - प्रति संख्या, डस्टबिन - प्रति संख्या, सीमेंट बेंच प्रति संख्या, स्टील बेंच प्रति संख्या, ओपन जिम उपकरण - प्रति सेट, बच्चों के खेल उपकरण - प्रति सेट, सूचना पट्ट (साइन बोर्ड) प्रति वर्ग फुट अथवा प्रति संख्या, ट्री गार्ड प्रति संख्या, फलदार एवं छायादार पौधे - प्रति पौधा, जैविक खाद वर्मी कम्पोस्ट प्रति बैग तथा पंचायत द्वारा समय-समय पर आवश्यक अन्य सामग्री एवं सेवाएं निर्धारित इकाई अनुसार। पंचायत द्वारा आवश्यक अन्य सामग्री एवं सेवाएं निर्धारित इकाई अनुसार **सामान्य नियम एवं शर्तें-** 1. सभी दरें वस्तु एवं सेवा कर (GST) के बिना (Exclusive of GST) निर्धारित इकाई के अनुसार अंकित की जाएं। लागू GST अलग से से देय होगा। 2. रेत, गिट्टी, स्टोन डस्ट, बोल्डर आदि खनन सामग्री की दरों में रॉयल्टी, एम-फॉर्म, लोडिंग, अनलोडिंग तथा कार्यस्थल तक ढुलाई सम्मिलित होगी। 3. सभी सामग्री भारतीय मानक ब्यूरो (BIS), आई.एस.आई. मानकों, हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग (HPPWD) विनिर्देशों एवं हिमाचल प्रदेश पंचायती राज नियमों के अनुरूप होनी चाहिए। 4. प्रत्येक कोटेशन के साथ जी.एस.टी. पंजीकरण (GSTIN), पैन कार्ड, फर्म पंजीकरण प्रमाण-पत्र, बैंक विवरण तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा। 5. पंचायत आवश्यकता अनुसार किसी भी मद की मात्रा बढ़ाने, घटाने अथवा नई मद सम्मिलित करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। 6. भुगतान वास्तविक आपूर्ति, मापन पुस्तिका (MB), पारित आदेश, मूल जी.एस.टी. बिल तथा निधि उपलब्ध होने के उपरांत ही किया जाएगा। 7. आयकर (TDS), जी.एस.टी.-टी.डी.एस. एवं अन्य वैधानिक कटौतियां नियमानुसार की जाएंगी। 8. ग्राम पंचायत किसी भी अथवा सभी कोटेशन बिना कोई कारण बताए स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखती है। **कोटेशन जमा करने एवं खोलने संबंधी विवरण-** 1. कोटेशन जमा करने की अंतिम तिथिः 28/08/2026 5:00 बजे तक 2. कोटेशन जमा करने का अंतिम समयः 28/08/2026 5:00 बजे तक 3. कोटेशन खोलने की तिथिः 29/08/2026 टाइम 11:00 बजे तक 4. सभी इच्छुक अधिकृत निर्माता/डीलर/आपूर्तिकर्ता/सेवा प्रदाता अपने सीलबंद कोटेशन आवश्यक दस्तावेजों सहित कार्यालय ग्राम पंचायत तियाई, विकास खण्ड अम्ब, जिला ऊना (हि.प्र.) में निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय तक स्वयं अथवा अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से जमा कर सकते हैं। 5. निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय के उपरांत प्राप्त होने वाले कोटेशन किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। 6. प्राप्त कोटेशन ग्राम पंचायत द्वारा गठित क्रय/कोटेशन समिति के समक्ष नियमानुसार खोले जाएंगे। 7. कोटेशन खोलने के समय इच्छुक बोलीदाता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। 8. यदि किसी प्रशासनिक अथवा अपरिहार्य कारणवश कोटेशन खोलने की तिथि में परिवर्तन किया जाता है, तो इसकी सूचना ग्राम पंचायत कार्यालय के सूचना पट्ट अथवा अन्य उपयुक्त माध्यम से प्रदान की जाएगी। 9. ग्राम पंचायत किसी भी अथवा सभी कोटेशन बिना कोई कारण बताए पूर्णतः अथवा आंशिक रूप से स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखती है तथा पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। 10. किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा स्पष्टीकरण हेतु कार्यालय ग्राम पंचायत तियाई, विकास खण्ड अम्ब, जिला ऊना (हि.प्र.) से कार्यालय समय में संपर्क किया जा सकता है।
प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत तियाई, विकास खण्ड अम्ब, जिला ऊना (हि.प्र.)

विकसित भारत-2047 के लिए विश्वविद्यालय होंगे एकजुट: राज्यपाल

अनंत ज्ञान, शिमला। राज्यपाल व राज्य विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति कविंद्र गुप्ता ने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों को एक साझा मंच पर लाने तथा 'विकसित भारत-2047' के लक्ष्य की दिशा में समन्वित प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए कुलाधिपति अंतर-विश्वविद्यालयीय 'विकसित भारत-2047' परिषद अथवा टास्क फोर्स के गठन की घोषणा की है। यह घोषणा मंगलवार को लोक भवन में राज्यपाल की अध्यक्षता में आयोजित हिमाचल प्रदेश के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक के दौरान की गई। राज्यपाल ने सभी विश्वविद्यालयों को निर्देश दिए कि वे 10 दिनों के भीतर 100 दिवसीय रोडमैप तैयार करें, जिसमें अपने-अपने संस्थानों में नवाचार, उत्कृष्ट कार्य प्रणालियों और श्रेष्ठ प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए किए जाने वाले कार्यों का उल्लेख हो। उन्होंने विश्वविद्यालयों से सफल पहलों को अन्य विश्वविद्यालयों के साथ साझा करने का भी आह्वान किया।

अनंत Classifieds

नाम परिवर्तन

मैं, रमेश मल्होत्रा (Romesh Malhotra) पुत्र श्री योग राज निवासी गांव एवं डाकघर नंगल सलांगड़ी तहसील एवं जिला ऊना (हि.प्र.) घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम रमेश कुमार मल्होत्रा (Romesh Kumar Malhotra)से बदलकर रमेश मल्होत्रा (Romesh Malhotra) कर लिया है। सभी संबंधित नोट करें।

नाम परिवर्तन

मैं, सर्विस नं. JC-251146A, रैंक NB/रिस, संदीप कुमार, निवासी गांव रामनगर, डाकघर टटेहल, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा, हि.प्र., घोषणा करता हूं कि मेरे आर्मी रिकॉर्ड / पार्ट II आर्डर में मेरे पुत्र का नाम यतिन (Yatin) गलत दर्ज है। जबकि मेरे पुत्र सही नाम यतिन कपूर (Yatin Kapoor) है। सभी संबंधित नोट करें।

2027 में हिमाचल में खिलेगा कमल कांग्रेस से तंग आ चुकी जनता : गुलेरिया

कुल्लू में भाजपा संयुक्त प्रकोष्ठ की बैठक में गरजे भाजपा प्रकोष्ठ के संयोजक

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। कुल्लू के देवसदन में मंगलवार को भाजपा संयुक्त प्रकोष्ठ की महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष अमित सूद की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन को मजबूत करने, आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों और बूथ स्तर पर पार्टी की गतिविधियों को प्रभावी बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्य वक्ता के रूप में हिमाचल प्रदेश के सभी संयुक्त प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजक पुरुषोत्तम गुलेरिया उपस्थित रहे। पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर, जिला प्रभारी बिहारी लाल शर्मा और वर्ष 2022 के विधानसभा प्रत्याशी नरोत्तम सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी भी बैठक में शामिल हुए। पुरुषोत्तम गुलेरिया ने दावा किया कि 2027 में हिमाचल प्रदेश में भाजपा पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी।

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार से त्रस्त है और आगामी चुनाव में बदलाव तय है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र और पूर्व भाजपा सरकारों की नीतियों व उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने 'बूथ जीता तो पार्टी जीती' का मंत्र देते हुए मतदाताओं से सीधा संवाद बढ़ाने और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री और मंत्रियों के बयानों में विरोधाभास का आरोप लगाया। बैठक के अंत में कार्यकर्ताओं ने चुनाव के लिए एकजुट होकर जुटने का संकल्प लिया।

देवसदन में हुई भाजपा संयुक्त प्रकोष्ठ की बैठक। अनंत ज्ञान

एकजुटता का पढ़ाया पाठ

बैठक में संगठन को मजबूत करने, आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों और बूथ स्तर पर पार्टी की गतिविधियों को प्रभावी बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही आगामी चुनावों के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया गया।

लीडरशिप बूट कैंप में युवाओं ने सीखे आपदा प्रबंधन और करियर निर्माण के गुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। मेरा युवा भारत (माय भारत), कुल्लू की ओर से कृषि विज्ञान केंद्र बजौरा में आयोजित तीन दिवसीय फ्यूचर यूथ लीडर्स लीडरशिप बूट कैंप के दूसरे दिन युवाओं को आपदा प्रबंधन, बचाव कार्य, करियर निर्माण और कौशल विकास की जानकारी दी गई। जिला युवा अधिकारी प्रतिभा शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में नेशनल यूथ वालंटियर्स और युवा प्रतिभागियों ने भाग लिया। दिन की शुरुआत योग एवं ध्यान सत्र से हुई। बीके कृष्णा, बीके चंद्रा दीदी और बीके श्याम ने प्रतिभागियों को तनाव प्रबंधन और सकारात्मक जीवनशैली के बारे में बताया। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के राकेश कुमार ने आपदा के दौरान सुरक्षा उपायों व बचाव कार्यों की जानकारी दी। हिमाचल होमगार्ड के कमल भंडारी और टीम ने युवाओं को राहत-बचाव का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। करियर मार्गदर्शन सत्र में डाइट कुल्लू के प्रधानाचार्य सुरेंद्र शर्मा ने रोजगार अवसरों, कौशल विकास और व्यक्तित्व निर्माण पर मार्गदर्शन दिया।

पारंपरिक संस्कृति और बौद्ध आस्था के रंग में रंगा काजा

- शोभायात्रा के साथ स्पीति के लादरचा मेले का आगाज
- विधायक अनुराधा ने किया तीन दिवसीय राज्यस्तरीय मेले का शुभारंभ

अनंत ज्ञान

अनुराधा राणा का स्वागत करतीं मेला समिति की अध्यक्ष शिखा।

ब्यूरो, काजा। लाहौल-स्पीति के काजा में पारंपरिक संस्कृति और बौद्ध आस्था के प्रतीक तीन दिवसीय राज्य स्तरीय लादरचा मेले-2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने काजा गोंपा से लादरचा मेला मैदान तक निकाली गई शोभायात्रा के बाद भगवान बुद्ध के चरणों में दीप प्रज्ज्वलित कर मेले का विधिवत आगाज किया। शोभायात्रा में विभिन्न गोंपाओं के लामा एवं चोमो, स्थानीय लोग, विभागीय अधिकारी, सांस्कृतिक दल और कलाकार शामिल हुए।

इस अवसर पर पूर्व विधायक रघुवीर सिंह ठाकुर विशेष अतिथि रहे। विधायक अनुराधा राणा ने क्षेत्रवासियों को मेले की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेले और त्योहार हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के महत्वपूर्ण प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, परंपराओं और रीति-रिवाजों से जोड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं।

मेला समिति अध्यक्ष एवं एडीसी काजा शिखा सिमटिया ने विधायक का पारंपरिक रूप से स्वागत करते हुए उन्हें टोपी, थंका और स्मृति चिन्ह भेंट किया। विधायक ने विभिन्न गोंपाओं के प्रमुख लामाओं, चोमो और गणमान्य व्यक्तियों को खतक व समृद्धि चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने महिला मंडलों, स्वयं सहायता समूहों और विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियों का भी निरीक्षण किया।

शुभारंभ समारोह में बुचेन नृत्य सहित विभिन्न विद्यालयों, महिला मंडलों और कलाकारों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। आयोजन ने स्पीति की धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक सौहार्द की सुंदर झलक प्रस्तुत की।

एनएच-305 की बदहाली को लेकर केंद्रीय मंत्री गडकरी को भेजा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

बंजार। एनएच-305 (औट-लुहरी मार्ग) की जर्जर हालत तथा विभिन्न गंभीर समस्याओं के समाधान को लेकर पूर्व जिला परिषद सदस्य हितेश्वर सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल एसडीएम बंजार से मिला। उन्होंने एसडीएम के माध्यम से केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को एक विस्तृत ज्ञापन भेजा है।

ज्ञापन के जरिए सरकार और संबंधित विभाग का ध्यान इस मार्ग पर रोजाना पेश आने वाली भारी परेशानियों और हादसों के जोखिम की ओर आकर्षित किया गया है। हितेश्वर सिंह ने बताया कि ज्ञापन में मांग की गई है कि मुख्य मार्ग के बार-बार बाधित होने की स्थिति में यात्रियों की सुविधा के लिए एक वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा सड़क की सतह को दुरुस्त करने के लिए पूरे मार्ग पर उच्च गुणवत्ता वाली एज-टू-एज टायरिंग का कार्य जल्द से जल्द शुरू किया जाए। क्षेत्र के आर्थिक विकास, पर्यटन को बढ़ावा देने और सुगम यातायात के लिए इस पूरे नेशनल हाईवे को एक उन्नत टू-लेन सड़क में बदलने की भी पुरज़ोर मांग उठाई गई है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि एनएच-305 इस क्षेत्र की लाइफलाइन है, लेकिन मौजूदा समय में बदहाल स्थिति और संकरे मोड़ों के कारण यह वाहन चालकों के लिए खतरनाक साबित हो रही है। खतरनाक हिस्सों का वैज्ञानिक तरीके से चौड़ाकरण करने और सुरक्षा के पुख्ता उपाय करने की मांग की गई है। क्षेत्रवासियों की सुरक्षा, सुविधा और बेहतर सड़क संपर्क सुनिश्चित करने के लिए इन मांगों को प्रमुखता से उठाया गया है और चेतावनी दी गई है कि जब तक धरातल पर सुधार नजर नहीं आता, तब तक उनका यह संघर्ष निरंतर जारी रहेगा।

स्रह्ल्लवी गीतों एवं बोली से न हो छेड़छाड़ : छविंद्र

अनंत ज्ञान मनाली। प्रसिद्ध लोकगायक आईएस चांदनी के नए एलबम के विमोचन समारोह में मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता छविंद्र ठाकुर ने कलाकारों से कुल्लवी गीतों और बोली की शुद्धता बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कुछ गायक लोकप्रियता हासिल करने के लिए कुल्लवी शब्दों को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत कर रहे हैं, जिससे समृद्ध लोक संस्कृति को नुकसान पहुंच रहा है। कलाकारों को अपनी सांस्कृतिक जिम्मेदारी समझनी चाहिए। आईएस चांदनी के नए गीत का विमोचन किया गया, जिसमें चिट्टे जैसे नशे के खिलाफ संदेश दिया गया है व युवाओं से नशे से दूर रहने की भावुक अपील की गई। छविंद्र ठाकुर ने चांदनी के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि कलाकार जब सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाते हैं तो उसका व्यापक प्रभाव पड़ता है। लोकगायक आईएस चांदनी ने बताया कि गीत युवाओं को नशे से बचाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। कार्यक्रम में नाटी किंग ठाकुर बालक राम और उत्तम राम भी मौजूद रहे।

बागवानी नीतियों को लेकर कुल्लू फलोत्पादक मंडल ने खोला मोर्चा

अनंत ज्ञान

मोहन कपूर, पतलीकूहल। हिमाचल प्रदेश सरकार की बागवानी नीतियों और मंडी मध्यस्थता योजना के तहत लागू की गई नई व्यवस्था को लेकर कुल्लू फलोत्पादक मंडल ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मंडल के प्रधान प्रेम शर्मा ने प्रदेश सरकार के फैसलों पर गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि एक तरफ बागवान पहले से ही प्राकृतिक आपदाओं और आर्थिक नुकसान की मार झेल रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सरकार राहत देने के बजाय उन पर जटिल नियमों का बोझ बढ़ा रही है।

लंबित भुगतान और एसडीएम वेरिफिकेशन पर सवाल: प्रेम शर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष आई भयंकर बाढ़ के कारण बागवानों को भारी नुकसान हुआ था, जिसके बाद उन्होंने सरकार द्वारा तय न्यूनतम मूल्य पर अपना सेब एचपीएमसी को बेचा था। हालांकि, एक पूरा साल बीत जाने के बाद भी बागवानों को उनके बेचे गए सेब का पूरा भुगतान नहीं मिल पाया है। अब भुगतान के समय उपमंडलाधिकारी से सत्यापन करवाने की नई शर्त लगा दी गई है, जिससे बागवानों को अपने ही हक के पैसों के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। मंडी मध्यस्थता योजना के तहत एचपीएमसी के माध्यम से सेब बेचने के लिए लागू की गई ऑनलाइन पंजीकरण और पहले से बोरियों की संख्या दर्ज करने की शर्त पर मंडल ने सख्त आपत्ति जताई है।उन्होंने कहा कि सेब सीजन के दौरान तुड़ान, ग्रेडिंग, पैकिंग और परिवहन की व्यस्तता के बीच ऐसी औपचारिकताएं बागवानों के लिए नई मुसीबत बन रही हैं।

मांगें पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी: कुल्लू फलोत्पादक मंडल ने सरकार से मांग की है कि एचपीएमसी के माध्यम से सेब खरीद की ऑनलाइन प्रक्रिया को सरल बनाया जाए, डिजिटल औपचारिकताओं की अनिवार्यता खत्म की जाए और पिछले वर्ष का बकाया भुगतान बिना किसी देरी के जारी किया जाए। प्रेम शर्मा ने कहा कि सरकार ने जल्द बागवानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

मनाली क्रिकेट ट्रॉफी पर विद्युत विभाग का कब्जा, फाइनल में वन विभाग को हराया

अनंत ज्ञान

मनाली। विद्युत विभाग मनाली ने मनाली क्रिकेट ट्रॉफी जीत ली है। फाइनल के रोचक मुकाबले में विद्युत विभाग ने वन विभाग को हराकर खिताब अपने नाम किया।

फाइनल मुकाबले में वन विभाग की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 92 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में विद्युत विभाग ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 9 ओवर में ही 2 विकेट के नुकसान पर आसानी से मैच जीत लिया। यह क्रिकेट ट्रॉफी डीजीआरई के हेलीपैड में आयोजित की गई। इस ट्रॉफी में कुल 9 विभागों की टीमों डीजीआरई, प्रशासन, विद्युत विभाग, जल शक्ति विभाग, पर्वतारोहण संस्थान, एडी परियोजना, वन विभाग, ज्यूडीशरी विभाग व राजस्व विभाग ने भाग लिया। गत रविवार को फाइनल मैच आयोजित किया गया। फाइनल के बाद एसडीएम मनाली गुंजीत सिंह चीमा ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और सम्मान देकर सम्मानित किया।

उन्होंने बताया कि इस क्रिकेट ट्रॉफी के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने और खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे टूर्नामेंट आयोजित किए जाते रहेंगे।

बंजार के कॉलेजों में 45 प्रतिशत प्राध्यापक के पद रिक्त, शिक्षा व्यवस्था बदहाल : सुरेंद्र शौरी

अनंत ज्ञान

बंजार। बंजार विधानसभा क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था प्रदेश सरकार की उदासीनता के चलते अब तक के सबसे खराब दौर से गुजर रही है। कॉलेजों में बड़ी संख्या में प्राध्यापकों के पद रिक्त पड़े हैं, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई सीधे तौर पर प्रभावित हो रही है।

यह बात बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने मंगलवार को विधानसभा में महाविद्यालयों में स्वीकृत एवं रिक्त प्राध्यापक पदों को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब के बाद कही। सरकार द्वारा विधानसभा में दी गई जानकारी के अनुसार बंजार, सैंज और गाड़ागुशैनी महाविद्यालयों में प्राध्यापकों के कुल 44 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से 19 पद रिक्त चल रहे हैं। यानी लगभग 45 प्रतिशत पदों पर प्राध्यापक उपलब्ध नहीं हैं। विधायक शौरी ने कहा कि इतने बड़े पैमाने पर पद रिक्त होना सरकार की शिक्षा व्यवस्था के प्रति गंभीर उदासीनता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के सबसे बड़े बंजार महाविद्यालय में अंग्रेजी विषय के तीनों स्वीकृत पद करीब एक वर्ष से रिक्त चल रहे हैं। इसके अलावा विज्ञान संकाय में गणित, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान और वनस्पति विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्राध्यापक पद भी रिक्त हैं। विधायक शौरी ने कहा कि सरकार की कार्यप्रणाली को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि बंजार महाविद्यालय के विज्ञान संकाय को धीरे-धीरे कमजोर कर बंद करने की दिशा में ले जाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते इन पदों को नहीं भरा गया तो इसका सीधा असर विद्यार्थियों के भविष्य और उच्च शिक्षा के अवसरों पर पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि सैंज महाविद्यालय की स्थिति भी चिंताजनक है। यहां वाणिज्य संकाय के सभी पद रिक्त चल रहे हैं। एक पूरे संकाय में प्राध्यापकों की उपलब्धता न होना सरकार की शिक्षा के प्रति गंभीरता पर सवाल खड़ा करता है। विधायक ने सैंज महाविद्यालय के नए भवन के निर्माण की धीमी गति पर भी चिंता जताई। उन्होंने मांग की कि सैंज महाविद्यालय के भवन निर्माण के लिए शेष राशि तत्काल जारी की जाए और प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कार्य पूरा किया जाए। साथ ही बंजार, सैंज और गाड़ागुशैनी महाविद्यालयों में रिक्त सभी प्राध्यापक पदों को शीघ्र भरा जाए, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

लारजी क्षेत्र में 29 और 30 को बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

अनंत ज्ञान सैंज। हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड उप-मंडल लारजी के अंतर्गत 33/11 के वी सब-स्टेशन सैंज के समीप जान-माल की सुरक्षा हेतु पेड़ों की कटाई का कार्य 29 और 30 अगस्त को किया जाना प्रस्तावित है। इस आवश्यक कार्य के कारण संबंधित 11 के वी फीडरों से जुड़े क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग के सहायक अभियंता संजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 29 अगस्त शनिवार प्रातः 10:00 बजे से सायंकाल 05:00 बजे तक सैंज-1 एवं सैंज-2 अनुभागों के अंतर्गत सैंज बाजार, सैंज तहसील, रीणीधार, न्युली, रिवर टच, मातला, भान्याड़, कटाहूं, देओरी, रोपा, मेल, वाणिशेरी, रेता, शेग्घर, पुखरी, कनौन, मेल-मझान, बेहरा, भसान, ब्रेहिन, हुर्छा, गोही, खंगन, ज्योली, कांधी, घाड़, तांदी, शणाड़, कीन्या, बुशल, दुणाहर, मैरी, रुअर, नियाही, फागला, नालागढ़, शाहीन, बक्शाहल, जीवा, शरण, बागीधार, भाटकंढा, घाटसेरी, कम्पटन, पाशी, खारंघा, कुंदर, मझान, खडौहा, आईपीएच नाली, रैला-1, रैला-11 तथा आईपीएच न्युली एवं आसपास के समस्त क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी तथा 30 अगस्त रविवार को 11 केवी एन एच पी सी -II फीडर एवं 11 के वी सैंज-लारजी फीडर पूरी तरह बंद रहेंगे तथा अन्य 11 के वी फीडरों के अंतर्गत आने वाले सैंज-1 एवं सैंज-2 के गांवों में बिजली आपूर्ति कुछ समय के लिए आंशिक रूप से बाधित रह सकती है। विद्युत विभाग लारजी के सहायक अभियंता संजीव कुमार ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

एशियन ओपन में दम दिखाकर लौटे दिव्यांश का पलचान पंचायत में सम्मान

पर्वतारोही रजत और साक्षी ठाकुर को भी किया सम्मानित, पंचायत प्रतिनिधियों ने दी शुभकामनाएं

अनंत ज्ञान

मनाली। एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन कर लौटे मनाली उपमंडल के कुलंग गांव के युवा खिलाड़ी दिव्यांश ठाकुर के सम्मान में ग्राम पंचायत पलचान की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने दिव्यांश की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर मनाली के पर्वतारोही रजत ठाकुर और साक्षी ठाकुर को भी उनकी साहसिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

एशियन प्रतियोगिता के अंडर-17 वर्ग में दिव्यांश ने बेहतरीन प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। वह इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले जिला कुल्लू के एकमात्र खिलाड़ी रहे। पंचायत प्रधान शिवानी ठाकुर और उपप्रधान दीपक ठाकुर ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद दिव्यांश ने जिस तरह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाई, वह क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणादायक है। उन्होंने दिव्यांश को माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दिव्यांश के परिजनों ने उनकी प्रतिभा को निखारने और मनोबल बढ़ाने में सहयोग के लिए आइस स्केटिंग इंडिया के अध्यक्ष एवं मनाली निवासी अमिताभ शर्मा, हिमाचल आइस स्केटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष रोशन ठाकुर और उनकी टीम का आभार जताया।

भारतीय टीम की सदस्य सुमन ने बताया कि एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ट्रॉफी में भारत ने कुल 44 पदक जीते। इनमें 13 स्वर्ण, 13 रजत और 18 कांस्य पदक शामिल हैं। भारतीय टीम ने प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में पंचायत सदस्य, महिला मंडल और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

गुगरा और कुटवा सहित आसपास के क्षेत्रों में आज बंद रहेगी बिजली

अनंत ज्ञान, आनी। आनी उपमंडल के गुगरा में जलशक्ति विभाग द्वारा निर्मित भंडारण एवं वितरण टैंक में ट्रांसफार्मर स्थापित करने के कार्य के चलते 26 अगस्त बुधवार को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

विद्युत मंडल आनी के एसडीओ अमर ठाकुर ने बताया कि ट्रांसफार्मर स्थापना कार्य के कारण गुगरा, कुटवा, धार, डीम, तराला, जाओं, लढागी, बुछैर सहित आसपास के क्षेत्रों में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि यदि 26 अगस्त को काम पूरा नहीं हुआ तो अगके दिन 27 अगस्त वीरवार को भी काम पूरा होने तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से अपील की है कि विद्युत विभाग द्वारा किए जा रहे आवश्यक कार्य में सहयोग करें। विभाग ने उपभोक्ताओं को असुविधा के लिए खेद जताते हुए कहा कि निर्धारित समय के बाद विद्युत आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी।

अनदेखी फरवरी में अप्रैल से योजना शुरू करने का दावा, जुलाई की बैठक में फिर जल्द व्यवस्था का भरोसा

बैठकों और कागजों से बाहर नहीं आ पा रही आनी की सफाई योजना

अनंत ज्ञान

कराणा पंचायत और आनी की सीमा को जोड़ने वाले खोबड़ा पुल के पास मुख्य खड्ड के किनारे और एनएच 305 पर लगे गंदगी के ढेर।

जितेंद्र गुप्ता, आनी। उपमंडल मुख्यालय आनी कस्बे को साफ-सुथरा बनाने और घर-घर से कूड़ा उठाने की बहुप्रतीक्षित योजना फिलहाल बैठकों, कागजी कार्रवाई और मंजूरियों के बीच ही अटकी हुई नजर आ रही है। कस्बे में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हैं और खड्डों, नदी-नालों के किनारे भी कूड़ा खुले में फेंका जा रहा है। ऐसे में सफाई व्यवस्था को लेकर प्रशासन के दावों और धरातल की स्थिति में बड़ा अंतर दिखाई दे रहा है।

पहले फरवरी और फिर जुलाई माह में हो चुकी है बैठकें: सफाई व्यवस्था को लेकर फरवरी में आयोजित बैठक में अप्रैल माह से घर-घर कूड़ा उठाने की योजना शुरू करने का दावा किया गया था, लेकिन पंचायत चुनावों का हवाला देते हुए यह व्यवस्था शुरू नहीं हो सकी। इसके बाद जुलाई में दोबारा बैठक कर जल्द व्यवस्था लागू करने का भरोसा दिया गया। अब अगस्त का अंतिम सप्ताह भी आ गया है, लेकिन योजना धरातल पर उतरने का इंतजार कर रही है। जुलाई माह में हुई बैठक की अध्यक्षता एसडीएम आनी लक्ष्मण सिंह कनेट ने की थी। इसमें तहसीलदार, बीडीओ, पीआईओ, लोक निर्माण विभाग, एनएच विभाग, वन विभाग, पंचायत प्रतिनिधि और व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे थे। कराणा-1, बखनाओं और नम्होंग पंचायतों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया था।

बखनाओं पंचायत में बनने वाला ठोस कूड़ा संग्रहण केंद्र भी मंजूरी की बाट जोह रहा: कूड़े के वैज्ञानिक निपटारे के लिए बखनाओं पंचायत में ठोस कूड़ा संग्रहण केंद्र स्थापित किया जाना है। पंचायत निरीक्षक जोगेंद्र शर्मा के अनुसार, इसके लिए वन विभाग से प्रिंसिपल अप्रूवल मिल चुकी है, जबकि फाइनल अप्रूवल अभी बाकी है। इसके बाद ही केंद्र को लेकर आगे की प्रक्रिया शुरू हो सकेगी। वहीं, बीडीओ आनी विवेक टेसू ने बताया कि योजना के लिए टेंडर हो चुके हैं, लेकिन टेंडर में आई राशि भवन मालिकों, किरायेदारों आदि से संभावित रूप से एकत्र होने वाले शुल्क से अधिक है। इसलिए संबंधित आंकड़े दोबारा तैयार करने को कहा गया है। टेंडर भरने वाली एजेंसी से नेगोशिएशन भी किया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि एक सप्ताह के भीतर योजना लागू हो सकती है।

घरों से 75, दुकानों से 150 और ढाबों से 200 रुपए मासिक शुल्क भी हुआ था तय

बैठक में तय किया था कि चयनित एजेंसी आनी कस्बे के घरों से नियमित रूप से कूड़ा एकत्र कर उसे निर्धारित संग्रहण स्थल तक पहुंचाएगी। इसके लिए घरों से 75 रुपए, दुकानों से 150 रुपए तथा होटल-ढाबों से 200 रुपए मासिक शुल्क लेने का प्रावधान किया गया था। संबंधित वार्ड सदस्यों को शुल्क एकत्र करने की जिम्मेदारी भी दी गई थी। बैठक में घरों और दुकानों से गंदा पानी सड़क पर बहाने वालों के खिलाफ कार्रवाई तथा कूड़ा प्रबंधन से जुड़े सभी प्रस्ताव निर्धारित समयसीमा में लागू करने का निर्णय लिया गया था। दूसरी बैठक के बाद भी आनी की सफाई व्यवस्था फिलहाल बेनतीजा ही नजर आ रही है। सवाल यही है कि सफाई योजना आखिर कब बैठकों और फाइलों से निकलकर आनी की सड़कों पर दिखाई देगी।

आंगनबाड़ी पदों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी, 31 तक करें आवेदन

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल। बाल विकास परियोजना अधिकारी कटराईं की ओर से आंगनबाड़ी केंद्र भजाणु में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के पदों को भरने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 अगस्त कर दी गई है।

विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार निर्धारित अवधि तक दोनों श्रेणियों के पदों के लिए न्यूनतम आवश्यक संख्या में आवेदन प्राप्त नहीं हुए थे, जिसके चलते इच्छुक एवं पात्र महिला उम्मीदवारों को आवेदन का अतिरिक्त अवसर दिया गया है। इच्छुक एवं पात्र महिला उम्मीदवार अपने संपूर्ण दस्तावेजों एवं आवश्यक प्रमाण-पत्रों के साथ 31 अगस्त तक बाल विकास परियोजना अधिकारी, कटराईं के कार्यालय में सीधे आवेदन जमा कर सकती हैं।विभाग के अनुसार इन पदों के लिए साक्षात्कार 31 अगस्त को उपमंडलाधिकारी नागरिक (एसडीएम) कार्यालय, कुल्लू में आयोजित किया जाएगा।

बंजार में एवीबीपी ने मांगों को लेकर किया धरना-प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

बंजार। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बंजार इकाई की ओर से छात्रहित से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर महाविद्यालय परिसर में जोरदार धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान परिषद के कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय में विद्यार्थियों को पेश आ रही समस्याओं के शीघ्र समाधान की पुरजोर मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान इकाई उपाध्यक्ष दीपिका वशिष्ठ ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बरसात के मौसम में महाविद्यालय के ग्राउंड फ्लोर पर पानी भरना एक गंभीर समस्या है। वहीं, इस भीषण गर्मी के बीच कक्षाओं में पंखों का न होना बेहद दुखद है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्यार्थी परिषद हमेशा से छात्रहित के लिए संघर्ष करती आई है और आगे भी विद्यार्थियों के अधिकारों के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेगी। परिषद द्वारा प्रशासन और संबंधित विभाग के समक्ष रखी गई प्रमुख मांगों में महाविद्यालय में अध्यापकों के रिक्त पदों को शीघ्र भरना, खेल मैदान की उचित व्यवस्था करना, कक्षाओं में खराब पड़े पंखों को दुरुस्त करवाना और विद्यार्थियों की सुविधा के लिए यातायात व्यवस्था में सुधार करना शामिल है।

इसके अलावा महाविद्यालय भवन की उचित मरम्मत करवाकर रंग-रोगन करवाने, कैंटीन की रेट लिस्ट में सुधार कर किफायती दरों पर खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने तथा छात्र संघ चुनावों को जल्द से जल्द बहाल करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बंजार इकाई ने चेतावनी दी है कि विद्यार्थियों की इन महत्वपूर्ण समस्याओं को लंबे समय तक नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। परिषद ने प्रशासन से अपील की है कि इन सभी मांगों का जल्द से जल्द समाधान किया जाए, अन्यथा छात्रहित में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

न्यूज ब्रीफ

शूलिनी यूनिवर्सिटी में 1200 छात्रों को डिजिटल लाइब्रेरी संसाधनों की जानकारी

अनंत ज्ञान, सोलन। शूलिनी यूनिवर्सिटी के योगानंद नॉलेज सेंटर की ओर से छात्रों को डिजिटल और ई-रिसोर्स की जानकारी देने के लिए दो दिवसीय लाइब्रेरी ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न स्कूलों और फैकल्टी के करीब 1,200 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम में छात्रों को प्रमुख डिजिटल शैक्षणिक प्लेटफॉर्म, ई-बुक्स, ई-जर्नल्स, समाचार पत्रों, मैगजीन, थीसिस और शोध सामग्री के उपयोग की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने डिजिटल डेटाबेस के माध्यम से शोध सामग्री खोजने और उसका प्रभावी उपयोग करने के तरीके बताए। छात्रों को विश्वविद्यालय के सब्सक्राइब किए गए ई-रिसोर्स को कैंपस से बाहर रहते हुए भी एक्सेस करने की सुविधा के बारे में जानकारी दी गई। डायरेक्टर टीपीएस गिल ने डिजिटल संसाधनों को पढ़ाई और शोध के लिए महत्वपूर्ण बताया। लाइब्रेरियन डॉ. पूजा ठाकुर ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों को संसाधनों का बेहतर उपयोग करने में मदद करते हैं।

सतलुज नदी में ऑटो गिरने से चालक राजू की मौत, यूनियन ने मांगी 20 लाख की राहत

अनंत ज्ञान, सोलन। सोलन में लंबे समय तक ऑटो रिक्शा चलाकर परिवार का पालन-पोषण करने वाले राजू की सतलुज नदी में ऑटो गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। वर्तमान में वह अपने गृह क्षेत्र सुन्नी, जिला शिमला में ऑटो चलाकर परिवार का गुजर-बसर कर रहा था। हादसे पर शूलिनी ऑटो रिक्शा यूनियन ने गहरा दुख जताते हुए प्रदेश सरकार और प्रशासन से तत्काल राहत की मांग की है। यूनियन ने मृतक के आश्रित परिवार को 20 लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की मांग की। साथ ही दुर्घटना स्थल और क्षेत्र की खस्ताहाल सड़कों की तुरंत मरम्मत तथा नदी किनारे सुरक्षा अवरोधक लगाने की मांग उठाई। यूनियन ने परिवार के एक सदस्य को जीविकोपार्जन के लिए सरकारी सहायता देने की भी मांग की। पदाधिकारियों ने कहा कि सड़क की बदहाली और सुरक्षा व्यवस्था की कमी के कारण एक परिवार ने अपना सहारा खो दिया है। मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई।

स्कूली छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

अनंत ज्ञान, परवाणू। शहर की सामाजिक संस्था इनर व्हील क्लब परवाणू की ओर से सोमवार को सेक्टर-4 के स्कूल में नशा मुक्ति एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्रो को नशे के दुष्प्रभाव के साथ-साथ उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर उपस्थित ईएसआई अस्पताल के डॉ. राकेश परिहार ने विद्यार्थियों को नशे की लत से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा जीवन में जिम्मेदार और सकारात्मक निर्णय लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष मीना ठाकुर, कांता कपूर, प्रीति गंभीर सहित सक्रिय सदस्य आशु पुंज, मंजुला सूद और राज दी मौजूद रहीं। अध्यक्ष मीना ठाकुर ने कहा कि युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करना समय की आवश्यकता है।

जिला की सभी पंचायत समितियों के अध्यक्ष व उपाध्यक्षों की अधिसूचना जारी

अनंत ज्ञान, सोलन। उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम के तहत जिले के सभी विकास खंडों की नव निर्वाचित पंचायत समितियों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के नामों की अधिसूचना जारी की। अधिसूचना के अनुसार धर्मपुर पंचायत समिति के अध्यक्ष सूरज ठाकुर और उपाध्यक्ष हरविन्द्र सिंह होंगे। कंडाघाट में इंद्रा देवी अध्यक्ष तथा ज्ञानचंद उपाध्यक्ष नियुक्त हुए हैं। नालागढ़ पंचायत समिति की कमान हरी चंद को अध्यक्ष और सुखवीर सिंह को उपाध्यक्ष के रूप में मिली है। सोलन पंचायत समिति की अध्यक्ष प्रोमिला और उपाध्यक्ष गोपाल सिंह होंगे। पट्टा पंचायत समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार तथा उपाध्यक्ष ओम प्रकाश ठाकुर बनाए गए हैं। वहीं कुनिहार पंचायत समिति की अध्यक्ष मनप्रीत वर्मा और उपाध्यक्ष जयदेव होंगे। उपायुक्त कार्यालय की ओर से जारी अधिसूचना में सभी निर्वाचित पदाधिकारियों के नाम और संबंधित क्षेत्रों का विवरण भी शामिल किया गया है।

उद्योग से निकाले जाने के विरोध में कर्मियों का प्रदर्शन, वीडियो वायरल

अनंत ज्ञान, परवाणू। औद्योगिक क्षेत्र परवाणू के सेक्टर-2 में सोमवार सुबह एक उद्योग परिसर में दर्जनों कर्मचारियों ने काम पर आगे नहीं रखने के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का वीडियो एक कर्मचारी ने बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया। मामले में उद्योग प्रबंधन से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन सुरक्षा कर्मी ने बताया कि परिसर में कोई अधिकारी मौजूद नहीं है। फोन पर संपर्क किए गए अधिकारी ने भी प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया। जिला सोलन श्रम अधिकारी पृथ्वी ने बताया कि उनके कार्यालय में अभी तक इस संबंध में कोई शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि संबंधित कर्मचारियों ने केंद्रीय योजना के तहत तीन वर्ष की प्रशिक्षण अवधि पूरी कर डिप्लोमा हासिल किया है और उन्हें प्रमाणपत्र भी दिए जा चुके हैं। प्रशिक्षण अवधि समाप्त होने के बाद उद्योग द्वारा कर्मचारियों को आगे काम पर नहीं रखना नियमों के अनुसार उचित है। फिलहाल उद्योग प्रबंधन की ओर से प्रदर्शन को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

माजरा में सैर कर रही महिला को बाइक ने मारी टक्कर, घायल

अनंत ज्ञान, नाहन। जिला सिरमौर के माजरा में बीती रात पति के साथ टहलने निकली महिला को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला घायल हो गई। पुलिस ने उसकी शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसपी सिरमौर एनएस नेगी ने बताया कि दीपिका निवासी माजरा ने शिकायत दर्ज करवाई कि वह रात करीब नौ बजे खाना खाने के बाद पति के साथ सड़क पर टहल रही थी। इसी दौरान सैनवाला मुबारिकपुर की ओर जा रहे बाइक चालक यामिन निवासी सैनवाला ने तेज रफ्तार व लापरवाही से बाइक चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

ओवरलोड ट्रॉलों से एनएच-07 जाम, तीन घंटे तक थमे रहे पहिए

व्यवस्था पर उठे सवाल, 15 से अधिक ओवरलोड खनन वाहनों को आखिर कौन रोकेगा?

अनंत ज्ञान

एसपी जैरथ, नाहन। एनएच-07 पर खजूरना पुल से पीछे गोरखे के ढाबे के समीप मंगलवार सुबह करीब छह बजे से यातायात बाधित रहा। हाईवे पर खनन सामग्री से लदे 15 से अधिक बड़े ओवरलोड ट्रॉले फंसने के कारण चंडीगढ़, देहरादून, दिल्ली सहित अन्य राज्यों की ओर जाने वाले वाहनों की लंबी कतार लग गई। करीब तीन घंटे से अधिक समय तक लगे जाम से वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

जाम में फंसे रहे वाहन
अधिकारी नहीं पहुंचे मौके पर

जाम में फंसे वाहन चालकों गुलशन कुमार, नवीन पटनायक और संगीता नेगी ने बताया कि वे दो घंटे से अधिक समय से हाईवे पर फंसे हैं। उनका कहना था कि काफी समय बीतने के बावजूद संबंधित विभाग का कोई अधिकारी मौके पर नजर नहीं आया। सूचना मिलने पर थाना सदर प्रभारी कुलबीर सिंह के निर्देश पर पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया और यातायात बहाल करवाने के प्रयास शुरू किए गए। इस घटना ने सिरमौर में ओवरलोडिंग रोकने की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

ओवरलोडिंग पर अंकुश नहीं...
यातायात, सड़क सुरक्षा पर बढ़ा खतरा

पुलिस यातायात व्यवस्था संभालने और नियम उल्लंघन पर कार्रवाई करती है, जबकि ओवरलोडिंग की जांच एवं कार्रवाई परिवहन विभाग के दायरे में आती है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब एक ही स्थान पर 15 से अधिक ओवरलोड ट्रॉले दिखाई दे रहे हैं तो परिवहन विभाग की निगरानी व्यवस्था कहां है।

परिवहन विभाग की निगरानी पर सवाल

नाहन के पूर्व विधायक एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल भी समय-समय पर ओवरलोडिंग और भारी वाहनों के मुद्दे को उठाते रहे हैं। बावजूद इसके समस्या पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पाया है। लोगों ने मांग की है कि हाईवे पर नियमित जांच और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि ओवरलोडिंग के कारण जाम और सड़क हादसों की आशंका को कम किया जा सके।

सोलन-चम्बाघाट रोड में ड्रेनेज की ऊंचाई को लेकर उठे सवाल

सड़क से ऊंची ड्रेनेज नाली, कैसे होगी बारिश में पानी निकासी?

अनंत ज्ञान मुद्दा

अनंत ज्ञान

आर मोहन चौहान, सोलन। शहर में सोलन से चम्बाघाट की ओर बनाई जा रही ड्रेनेज नाली को लेकर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस उद्देश्य से बारिश के पानी की निकासी के लिए यह व्यवस्था तैयार की जा रही है, उसकी जमीनी स्थिति देखकर कई तरह की आशंकाएं पैदा हो रही हैं। खास तौर पर मालरोड क्षेत्र में सड़क और ड्रेनेज नाली के स्तर को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

बताया जा रहा है कि कुछ स्थानों पर ड्रेनेज नाली सड़क से ऊंची है, जबकि सड़क का स्तर नीचे है। ऐसे में बारिश के दौरान सड़क पर जमा होने वाला पानी नाली तक किस तरह पहुंचेगा, यह बड़ा सवाल बना हुआ है। पानी की निकासी के लिए सड़क किनारे हॉल बनाए गए हैं, लेकिन मालरोड पर इन हॉल के माध्यम से पानी को ड्रेनेज नाली में ले जाने की व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सड़क से पानी उचित ढलान के साथ नाली तक नहीं पहुंचा तो बारिश के दौरान पानी सड़क पर ही जमा हो सकता है। इससे वाहन चालकों और पैदल चलने वाले लोगों को परेशानी होने के साथ सड़क को भी नुकसान पहुंचने की आशंका है।

लोगों ने मांग उठाई है कि निर्माण कार्य पूरा होने से पहले संबंधित विभाग और तकनीकी टीम मौके पर ड्रेनेज की ऊंचाई, सड़क की ढलान और पानी की निकासी की व्यवस्था की जांच करें। उनका कहना है कि बरसात के मौसम में निर्माण की खामियां सामने आने के बाद सुधार करने के बजाय पहले ही व्यवस्था को दुरुस्त किया जाना चाहिए, ताकि बारिश के पानी की निकासी सुचारू रूप से हो सके।

सोलन-चम्बाघाट मार्ग पर बनेगा फुटपाथ, स्कूली बच्चों, बुजुर्गों व राहगीरों को मिलेगी सुविधा

सोलन से चम्बाघाट तक राहगीरों की सुविधा के लिए फुटपाथ निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इन दिनों मार्ग पर ड्रेन बनाने का कार्य प्रगति पर है। ड्रेन को ढक्कर के रूप में विकसित कर इसके ऊपर फुटपाथ तैयार किया जाएगा। इससे मार्ग पर पैदल चलने वाले लोगों को सुरक्षित और सुविधाजनक रास्ता उपलब्ध हो सकेगा। व्यस्त सोलन-चम्बाघाट मार्ग पर फुटपाथ नहीं होने के कारण राहगीरों को अकसर सड़क के किनारे चलना पड़ता है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। फुटपाथ बनने के बाद लोगों को इस समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मार्ग पर फुटपाथ की सुविधा लंबे समय से आवश्यक थी। इसके बनने से विशेषकर स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और अन्य पैदल राहगीरों को काफी सुविधा मिलेगी। लोगों ने निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने की मांग की है।

प्रेम-प्रसंग के चलते 29 वर्षीय युवक की हत्या, आरोपी फरार

अनंत ज्ञान

बद्दी/सोलन। औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-नालागढ़ से एक सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है। प्रेम-प्रसंग के चलते 29 वर्षीय शादीशुदा युवक दीपक कुमार की हत्या कर दी गई। मृतक उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले का रहने वाला था और बद्दी की एक निजी कंपनी में कार्यरत था। जानकारी के अनुसार दीपक का एक स्थानीय युवती के साथ प्रेम संबंध था। बताया जा रहा है कि मानपुर थाना क्षेत्र के माजरा गांव में युवती के भाई ने दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। इसके बाद गुस्से में आकर उसने किसी भारी वस्तु से दीपक पर हमला कर दिया। हमले में दीपक की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है और फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। वारदात के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

23 से 25 सितंबर तक सराहां में राज्यस्तरीय वामन द्वादशी मेला

अनंत ज्ञान, नाहन। *राज्यस्तरीय वामन द्वादशी मेले के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त एवं मेला समिति की अध्यक्ष प्रियंका वर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। उपायुक्त ने बताया कि राज्यस्तरीय वामन द्वादशी मेला 23 से 25 सितंबर तक सराहां में आयोजित होगा। मेले में श्री वामन भगवान की भव्य शोभायात्रा, खेल प्रतियोगिताएं, दंगल और सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहेंगे। उन्होंने संबंधित विभागों को समयबद्ध तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। मेले के दौरान कानून-व्यवस्था, बिजली, पेयजल, परिवहन, बस सेवाएं, साफ-सफाई, अग्निशमन और चिकित्सा सुविधाओं को सुचारू रखने पर विशेष जोर दिया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने और लोगों की सुरक्षा व सुविधा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। उपमंडलाधिकारी पच्छाद को मेला अधिकारी और पुलिस उप अधीक्षक पच्छाद को मेला पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है।*

बारिश से हुए नुकसान बारे पंचायत प्रतिनिधियों ने डीसी को करवाया अवगत

अनंत ज्ञान, एसपी जैरथ, नाहन। सिरमौर जिले में मानसून की भारी बारिश से संगड़ाह ब्लॉक की विभिन्न पंचायतों में सड़कों और संपर्क मार्गों को व्यापक नुकसान हुआ है। कई स्थानों पर रिहायशी मकानों को भी क्षति पहुंची है, जिससे ग्रामीणों की आवाजाही प्रभावित हो रही है।

नुकसान को लेकर पंचायत प्रधानों ने उपायुक्त सिरमौर से मुलाकात कर प्रभावित क्षेत्रों के लिए बजट उपलब्ध करवाने की मांग की। बडोल पंचायत प्रधान अनिल शर्मा और कटाह शीतला पंचायत प्रधान श्यामा ठाकुर ने बताया कि उपायुक्त को प्रभावित क्षेत्रों की समस्याओं से अवगत करवाया गया। उन्होंने क्षतिग्रस्त सड़कों और रास्तों की जल्द मरम्मत के लिए बजट मांगा। उपायुक्त ने नुकसान का आकलन कर आवश्यक बजट उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया।

फीस वृद्धि के विरोध में एसएफआई का प्रदर्शन, कुलपति का पुतला जलाया

अनंत ज्ञान

सोलन। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की ओर से फीस में की गई 25 प्रतिशत वृद्धि के विरोध में स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की राजकीय महाविद्यालय सोलन इकाई ने मंगलवार को धरना-प्रदर्शन किया। एसएफआई कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कुलपति का पुतला जलाया और फीस वृद्धि वापस लेने की मांग की। एसएफआई ने कहा कि शिक्षा व्यापार नहीं, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी का अधिकार है। फीस बढ़ने से छात्रों और उनके परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।

संगठन ने कहा कि गरीब, मजदूर, किसान और निम्न आय वर्ग के परिवारों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा और महंगी हो रही है। संगठन के अनुसार, छात्रों के लगातार आंदोलन के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने फीस वृद्धि में 15 प्रतिशत की कमी करने का निर्णय लिया है। हालांकि, एसएफआई ने इसे छात्रों के संघर्ष की आंशिक जीत बताते हुए कहा कि पूरी 25 प्रतिशत वृद्धि अभी वापस नहीं ली गई है। एसएफआई ने चेतावनी दी कि पूरी फीस वृद्धि वापस नहीं होने तक आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन में इकाई अध्यक्ष सेजल, सचिव विकास सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मेहनत, समर्पण से फूड सप्लाई डिपो को दिलाई नई पहचान

सहकारी संघ के डिपो इंचार्ज ओम प्रकाश कश्यप उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित

अनंत ज्ञान

सोलन। जिला सहकारी संघ सोलन के फूड सप्लाई डिपो में लंबे समय तक सेवाएं देने वाले ओम प्रकाश कश्यप ने अपनी मेहनत, कार्यकुशलता और उपभोक्ताओं के प्रति समर्पण से संस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उदय फोरम की ओर से उन्हें सम्मानित भी किया गया। वर्ष 1990-91 में उन्होंने सपरून स्थित फूड सप्लाई डिपो में सेल डिपो इंचार्ज के रूप में कार्यभार संभाला। उनके प्रयासों से डिपो की व्यवस्थाओं में सुधार हुआ और कारोबार करोड़ों रुपए के टर्नओवर तक पहुंचा। डिपो को लाभ की स्थिति में लाने में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता रही। राशन लेने पहुंचे उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए वह कई बार देर रात तक डिपो में मौजूद रहते थे।

ओम प्रकाश को सम्मानित करते उदय फोरम के अध्यक्ष रवि रविंद्र | अनंत ज्ञान

राशन वितरण पूरा होने के बाद ही डिपो बंद किया जाता था। इसके चलते उन्हें कई बार रात आठ से नौ बजे तक भी कार्य करना पड़ता था। उनकी कार्यकुशलता का परिणाम रहा कि वर्ष 1997 में फूड सप्लाई संघ के माल रोड स्थित डिपो को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। वर्ष 2007 में सुबाथू स्थित आर्मी कैंटोनमेंट फूड सप्लाई संघ डिपो को भी उनके कार्यकाल में सम्मान मिला। सुबाथू में करीब 15 पंचायतों के राशन कार्डधारकों के साथ शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को भी बेहतर सेवाएं दी गईं। बाद में सपरून डिपो में भी उन्होंने कारोबार बढ़ाने और उपभोक्ता सुविधाओं को प्राथमिकता देने के लिए लगातार प्रयास किए।

17 सितंबर से महीनेभर चलेगा सेवा संकल्प अभियान : डॉ. राजीव बिंदल

हिमाचल में बूथ स्तर तक पहुंचेगे जनसेवा कार्यक्रम

अनंत ज्ञान

नाहन। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि भाजपा देशभर में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाएगी।

अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से होगा। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। डॉ. बिंदल ने बताया कि राष्ट्रीय पदाधिकारी बैठक एवं कार्यशाला में अभियान को लेकर निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्षों के सेवाकाल में विकास, गरीब कल्याण और राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी गई। इसी सेवा भावना को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक महीने तक विभिन्न जनसेवा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान की शुरुआत रक्तदान शिविरों से होगी। इसके अलावा सेवा ज्योति यात्रा सहित कई सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के सेवाकाल के प्रतीक स्वरूप लाखों लोग 25 मिनट तक समाजसेवा से जुड़े कार्यों में भाग लेंगे।

सेवा संकल्प अभियान को जन आंदोलन बनाने में जुटेगा भाजपा संगठन

डॉ. बिंदल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में भी 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक व्यापक कार्यक्रम होंगे। अभियान की कार्ययोजना तैयार करने के लिए भाजपा प्रदेश कार्यालय शिमला में मैराथन बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें कार्यक्रमों की रूपरेखा तय कर उन्हें बूथ और जमीनी स्तर तक पहुंचाने की रणनीति बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सेवा सर्वोपरि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश है। कार्यकर्ता प्रदेशभर में विभिन्न वर्गों के बीच जाकर सेवा कार्यों में भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान को समाज के प्रति जिम्मेदारी और सेवा भावना को जन आंदोलन बनाने के प्रयास के रूप में आगे बढ़ाया जाएगा।

परेशानी — डीसी कार्यालय पहुंचा आवारा गोवंश, नगर परिषद की व्यवस्था पर सवाल

कैटल पाउंड नहीं; सड़कों पर गोवंश, हादसों का बढ़ा खतरा

अनंत ज्ञान

नाहन। नाहन शहर में आवारा गोवंश की समस्या एक बार फिर प्रशासन और नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही है। मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे बड़ी संख्या में गोवंश डीसी कार्यालय क्षेत्र में पहुंच गया। सड़कों से होते हुए गोवंश का यहां शरण लेना शहर में पशुओं के प्रबंधन की बदहाल व्यवस्था को उजागर करता है।

एक जगह से हटाकर दूसरी जगह छोड़ा जा रहा गोवंश

स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर परिषद के पास लंबे समय से कैटल पाउंड अथवा कांजी हाउस की उचित व्यवस्था नहीं है। ऐसे में सड़कों पर घूम रहे पशुओं को पकड़ने के लिए तैनात कर्मचारियों के सामने भी बड़ी समस्या है कि पकड़े गए पशुओं को आखिर रखा कहां जाए। परिणामस्वरूप कई बार पशुओं को एक स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर छोड़ने तक ही कार्रवाई सीमित रह जाती है।

चुनावी वादों के बीच आवारा गोवंश बना मुसीबत, स्थायी समाधान की मांग

नगर परिषद चुनाव के दौरान शहर की दशा और दिशा बदलने के वादे करने वाले निर्वाचित प्रतिनिधियों से अब इस गंभीर समस्या के स्थायी समाधान की उम्मीद की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आवारा गोवंश न केवल यातायात के लिए परेशानी बन रहा है, बल्कि हादसों का भी कारण बन सकता है।

नगर पालिका अधिनियम में प्रावधान...
फिर भी आवारा गोवंश पर कार्रवाई का इंतजार

हिमाचल प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1994 के तहत स्थानीय निकायों के दायित्वों में कैटल पाउंड की व्यवस्था और आवारा पशुओं के प्रबंधन से जुड़े प्रावधान हैं। वहीं, धारा 150-ए के तहत नगर परिषद क्षेत्र में पशुओं के पंजीकरण और उनकी जानकारी उपलब्ध कराने संबंधी प्रावधान भी किए गए हैं। पशुओं को लावारिस छोड़ने की स्थिति में संबंधित नियमों के तहत कार्रवाई और शुल्क वसूली का प्रावधान है। ऐसे में अब देखना होगा कि नगर परिषद इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए कब ठोस कदम उठाती है।

छात्र की संदिग्ध मौत की जांच को एसआईटी गठित

अनंत ज्ञान, नाहन। सिरमौर में एक छात्र की संदिग्ध मौत के मामले में परिजनों की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक एनएस नेगी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया है। एसआईटी की अध्यक्षता डीएसपी पांवटा साहिब मानवेन्द्र ठाकुर करेंगे। टीम संस्थान प्रबंधन पर लगाए गए गंभीर आरोपों की जांच करेगी। एसपी ने बताया कि मृतक छात्र प्रारब्ध शुक्ला के पिता अनुपम शुक्ला निवासी जबलपुर, मध्य प्रदेश की शिकायत पर 22 अगस्त को माजरा थाने में आईआईएम सिरमौर प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। शिकायत में प्रबंधन पर लापरवाही, सूचना छिपाने, अपर्याप्त निगरानी तथा साथी छात्रों और प्रशासन द्वारा धमकाने व मानसिक उत्पीड़न के आरोप लगाए गए हैं। परिजनों ने मामले की जांच वरिष्ठ अधिकारी की निगरानी में कराने की मांग की थी। एसपी ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए एसआईटी का गठन किया गया है। टीम वैज्ञानिक, निष्पक्ष और गहन जांच करेगी।

न्यूज ब्रीफ

गुरु रविदास कलश यात्रा पर उठे सवाल

अनंत ज्ञान, बंगाणा। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती के अवसर पर भाजपा द्वारा उनके पैतृक गांव से लाई गई मिट्टी के कलश को लेकर हिमाचल प्रदेश गुरु रविदास महासभा के प्रदेशाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त चीफ इंजीनियर एमआर दरोच ने सवाल उठाए हैं। प्रेस वार्ता में दरोच ने भाजपा से मिट्टी के स्रोत, उसे एकत्र करने की प्रक्रिया और संबंधित प्रमाण सार्वजनिक करने की मांग की। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी ने समाज में समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया तथा जातिगत भेदभाव व छुआछूत के खिलाफ आवाज उठाई। यदि कलश यात्रा का उद्देश्य सामाजिक समरसता और समानता का संदेश देना है तो इसे सभी धार्मिक स्थलों तक ले जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी की शिक्षाओं को राजनीतिक मतभेदों से ऊपर रखा जाना चाहिए। दरोच ने कहा कि यह किसी राजनीतिक दल का विरोध नहीं, बल्कि गुरु रविदास जी के प्रति आस्था और श्रद्धा से जुड़ा विषय है। समाज की भावनाओं को देखते हुए धार्मिक आयोजनों में पारदर्शिता जरूरी है। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी की विरासत किसी एक दल की नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझा धरोहर है।

12 सितंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

अनंत ज्ञान, ऊना। जिला एवं सत्र न्यायालय ऊना तथा जिला उपमंडल अंब स्थित न्यायालय परिसर में आगामी 12 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न प्रकार के मामलों का आपसी समझौते एवं सहमति के आधार पर त्वरित एवं प्रभावी निपटारा सुनिश्चित किया जाएगा। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊना की सचिव शिखा लखनपाल ने दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक कंपाउंडेबल मामलों, दीवानी विवादों, चेक बाउंस, उपभोक्ता शिकायतों तथा मोटर वाहन चालान से संबंधित मामलों में धन वसूली सहित अन्य मामलों की सुनवाई कर उनका निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त सड़क दुर्घटना मुआवजा दावों, बिजली एवं पानी से संबंधित मामलों, वैवाहिक विवादों तथा भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामलों को भी आपसी सहमति के आधार पर निपटाने का प्रयास किया जाएगा। ऐसे मामले जो अभी तक न्यायालय में दायर नहीं हुए हैं, उन्हें भी पूर्व मुकदमेबाजी के माध्यम से लोक अदालत में प्रस्तुत कर निपटाया जा सकता है। सचिव ने कहा कि लोक अदालत विवादों के त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण समाधान का प्रभावी माध्यम है। इसके माध्यम से पक्षकारों के समय एवं धन की बचत होती है और आपसी सहमति से विवादों का समाधान संभव होता है। लोक अदालत में मामलों के निपटारे के लिए कोई न्यायालय शुल्क नहीं लिया जाता तथा पुराने मामलों में अदा किया गया न्यायालय शुल्क भी नियमानुसार वापस किया जाता है। लोक अदालत के माध्यम से किसी भी पक्ष की हार या जीत नहीं होती, बल्कि दोनों पक्षों की सहमति से विवाद का समाधान किया जाता है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे अपने लंबित अथवा प्री-लिटिगेशन मामलों के त्वरित समाधान के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाएं। इच्छुक व्यक्ति अपने मामलों के निपटारे हेतु जिले के संबंधित न्यायालयों में आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में जन-जागरूकता के लिए विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है। अभियान के तहत स्थानीय निकायों, पुलिस, परिवहन विभाग, वित्तीय संस्थानों, गैर-सरकारी संगठनों, पैरा-लीगल वालंटियर्स तथा आशा/आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से आमजन को लोक अदालत के लाभों एवं प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 01975-225071 पर संपर्क किया जा सकता है।

पुलों से बदलने लगी कुटलैहड़ की तस्वीर : विवेक मिंका

बंगाणा। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में सड़क, बिजली, पेयजल, सिंचाई और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने को लेकर कांग्रेस संगठन और स्थानीय विधायक ने विकास कार्यों को प्राथमिकता बनाया है। करोड़ों की लागत से बना त्यूडी पंडोगा पुल, मंदली से लठियानी पुल, पंचायत धनेत के मटियाना वार्ड को सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए लूणखरी खड्ड पर करीब पांच करोड़ रुपए की लागत से पुल निर्माण की मंजूरी को कुटलैहड़ के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। कुटलैहड़ क्षेत्र में बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए 80 से अधिक ट्रांसफार्मर बदले गए हैं, जबकि सिंचाई के लिए 45 करोड़ रुपए की डीपीआर तैयार की गई है। इन मुद्दों के साथ साथ कुटलैहड़ में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष **विवेक मिंका** की **अनंत ज्ञान** से खास बातचीत हुई। पेश हैं ऊना के ब्यूरो **राजेश शर्मा** से हुई उनकी विशेष बातचीत के मुख्यांश:–

◆ विकास कार्यों को गति देना कांग्रेस की प्राथमिकता

सवाल: मटियाना पुल के लिए करीब पांच करोड़ रुपए की मंजूरी को आप किस रूप में देखते हैं?

जवाब: यह मटियाना वार्ड के लोगों के लिए बहुत बड़ी राहत है। लूणखरी खड्ड के कारण ग्रामीणों को लंबे समय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। बरसात के दौरान समस्या और गंभीर हो जाती थी। विधायक विवेक शर्मा ने ग्रामीणों की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए पुल निर्माण के लिए धनराशि स्वीकृत करवाने के लिए प्रयास किए। अब करीब पांच करोड़ रुपए की मंजूरी के बाद वर्षों पुरानी मांग पूरी होने की उम्मीद जगी है। कांग्रेस सरकार हमेश लोगों की मूल समस्याओं के समाधान और आम तथा गरीब की सेवा के लिए कार्य करती है। विधायक विवेक शर्मा के प्रयासों से करोड़ों की योजनाएं कुटलैहड़ में मंजूर हो रही हैं। करोड़ों की लागत से बना त्यूडी पंडोगा पुल का जल्दी लोकार्पण कर दिया जाएगा। इससे कुटलैहड़ और हरोली विधानसभा क्षेत्र आपस में जुड़ जाएंगे।

स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए कुटलैहड़ में क्या किया जा रहा है?

बंगाणा और थानाकलां अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हुआ है। पहले जिन अस्पतालों में सभी आवश्यक जांच सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं, वहां अब सुविधाओं में विस्तार हो रहा है और अल्ट्रासाउंड जैसी जांच सुविधा भी उपलब्ध होने लगी है। इससे लोगों को छोटी-छोटी जांच के लिए दूर जाने की जरूरत कम होगी।

अनंत ज्ञान — मुलाकात जो बदले हालात

सवाल: लूणखरी खड्ड के कारण ग्रामीणों को किस तरह की परेशानियां होती थीं?

जवाब: सामान्य दिनों में भी लोगों को आवागमन में दिक्कत होती थी, जबकि बरसात में खड्ड का जलस्तर बढ़ने पर परेशानी कई गुना बढ़ जाती थी। स्कूली बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों, किसानों और नौकरीपेशा लोगों को विशेष रूप से कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। पुल बनने के बाद लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी।

सवाल : कुटलैहड़ में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में काम हो रहा है।

जवाब: लठियाणी-तुरकाल से धुंदला पेयजल योजना का कार्य चल रहा है। ऐसी योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता और व्यवस्था को मजबूत करना है। पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा हर परिवार तक बेहतर तरीके से पहुंचना जरूरी है।

सवाल: बंगाणा में आधारभूत ढांचे को लेकर आपकी क्या राय है?

जवाब: बंगाणा में आधारभूत ढांचा विकसित करने की दिशा में काम हो रहा है। सड़क, बिजली, पेयजल और स्वास्थ्य जैसी सुविधाएं किसी भी क्षेत्र के विकास की बुनियाद होती हैं। हमारा प्रयास होना चाहिए कि ग्रामीण क्षेत्रों को भी आधुनिक और बेहतर सुविधाएं मिलें।

ऊना कांग्रेस की नई कार्यकारिणी को मंजूरी

अनंत ज्ञान, ऊना। जिला कांग्रेस कमेटी ऊना की नई कार्यकारिणी को आज हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री विनय कुमार द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है। नई कार्यकारिणी में शामिल सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को जिला कांग्रेस कमेटी ऊना की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। जिला कांग्रेस कमेटी ऊना के अध्यक्ष देश राज गौतम ने कहा कि नई कार्यकारिणी के गठन से संगठन को जिला से लेकर बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत, संगठित एवं सक्रिय बनाने में नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि नई टीम के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य पूरी निष्ठा, मेहनत और समर्पण के साथ कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का कार्य करेंगे।

देश राज गौतम ने जिला कांग्रेस कमेटी ऊना की नई कार्यकारिणी के गठन में सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, हिमाचल प्रदेश कांग्रेस की प्रभारी रजनी पाटिल, हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के सह-प्रभारी चेतन चौहान एवं विदित चौधरी, हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनय कुमार, हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, हिमाचल प्रदेश के प्रथम उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री तथा संगठन के ऑर्गेनाइजेशन सेक्रेटरी विनोद जिंटा जी का तहेदिल से आभार व्यक्त किया।

रक्षा बंधन पर होगी बाबा पहाड़िया मंदिर में छत्र पूजा

अनंत ज्ञान

बंगाणा। उपमंडल बंगाणा के पंजैण स्थित बाबा पहाड़िया मंदिर में रक्षा बंधन के अवसर पर 28 अगस्त को सुबह छह बजे छत्र पूजा होगी। गद्दीनशीन बाबा अशोक कुमार ने बताया कि पूजा के बाद आठ दिनों तक सेवादार नंगे पांव रहकर मंदिर में सेवा करेंगे।

धार्मिक परंपरा के तहत सेवाभावी लोग घर-घर जाकर गुगा जाहिर वीर की गाथा भी सुनाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में इस परंपरा के प्रति श्रद्धालुओं में विशेष आस्था है और गाथा सुनाने वाली मंडली का जगह-जगह स्वागत किया जाता है। बाबा अशोक कुमार मंडली का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने बताया कि आयोजन में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। श्रद्धालु पूजा-अर्चना के साथ धार्मिक परंपराओं में भाग लेकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

श्री राम नाटक क्लब हटली के निदेशक बने विपिन साजन

अनंत ज्ञान

बंगाणा। उपमंडल बंगाणा के प्रसिद्ध श्री राम नाटक क्लब हटली की नई कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। विपिन साजन को निदेशक, रूमेल कुमार को मुख्य संरक्षक, मदन सोनी को चेयरमैन, राजकुमार धीमान को प्रधान, सुरेंद्र राणा को महासचिव, राहुल शर्मा को कोषाध्यक्ष और ज्योति वर्जाता को महिला विंग अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। किशन देव शर्मा वरिष्ठ उपप्रधान, मदन गोपाल सह-सचिव और विवेक सोनू सह-कोषाध्यक्ष बनाए गए।

क्लब वर्ष 1959 से लगातार शुद्ध रामायण का मंचन करता आ रहा है और क्षेत्र में इसकी अलग पहचान है। नई कार्यकारिणी में अनुभवी सदस्यों को भी विभिन्न जिम्मेदारियां दी गई हैं। क्लब पदाधिकारियों ने कहा कि सभी सदस्यों के सहयोग से धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को और मजबूत किया जाएगा।

नवरात्रों में रामलीला देखने आने वाले दर्शकों की सुविधा के लिए बैठने, प्रकाश और मंच की बेहतर व्यवस्था की जाती है। क्लब की विशेष परंपरा के तहत रात करीब 10 बजे दर्शकों को नि:शुल्क चाय और मिष्ठान भी उपलब्ध करवाया जाता है। पदाधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से रामलीला में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया।

बंगाणा पशुपालन विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

अनंत ज्ञान

◆ विधायक विवेक शर्मा ने विधानसभा में 2018-23 के कार्यों की जांच की मांग उठाई



बंगाणा। उपमंडल बंगाणा में वर्ष 2018 से 2023 तक पशुपालन विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर विधायक विवेक शर्मा ने विधानसभा में सवाल उठाए हैं। उन्होंने इस अवधि में तत्कालीन वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा करवाए गए विकास कार्यों, विभागीय गतिविधियों और प्रशासनिक व्यवस्था की जांच की मांग की।

विधायक ने कहा कि पशुपालन विभाग ग्रामीण क्षेत्र और पशुपालकों से सीधे जुड़ा महत्वपूर्ण विभाग है। विभागीय सेवाओं में लापरवाही का सीधा असर पशुपालकों पर पड़ता है। इसलिए संबंधित अवधि के रिकॉर्ड और कार्यप्रणाली की निष्पक्ष समीक्षा जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य किसी अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से निशाना बनाना नहीं, बल्कि सरकारी व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। यदि जांच में कोई अनियमितता या लापरवाही सामने आती है तो नियमानुसार जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। उन्होंने सरकार से मामले की गंभीरता से जांच करवाने की मांग की।

एम्स बिलासपुर की उपलब्धियां जिले के लिए गौरव, आने वाले समय में और बढ़ेंगी स्वास्थ्य सुविधाएं : राकेश कुमार

अनंत ज्ञान

अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर। दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के बिलासपुर जिला प्रभारी अरुण डोगरा रीतू ने एम्स बिलासपुर के रजिस्ट्रार राकेश कुमार सिंह से मुलाकात की। इस दौरान एम्स बिलासपुर में उपलब्ध अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं, संस्थान की उपलब्धियों, मरीजों को दी जा रही सेवाओं तथा भविष्य में प्रस्तावित योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

रजिस्ट्रार राकेश कुमार सिंह ने बताया कि एम्स बिलासपुर लगातार अपनी चिकित्सा सेवाओं और सुविधाओं का विस्तार कर रहा है। संस्थान में गंभीर बीमारियों के उपचार से लेकर आधुनिक जांच एवं आपातकालीन सेवाओं तक अनेक अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। एम्स को हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों के मरीजों का भी लाभ मिल रहा है।

बातचीत के दौरान भविष्य में एम्स की बेड क्षमता को मौजूदा 750 से बढ़ाकर लगभग 960 बेड करने की योजना भी चर्चा में रही। बढ़ते मरीजों के दबाव को देखते हुए यह विस्तार क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

इसके साथ ही संस्थान में नई चिकित्सा सुविधाओं, आधुनिक उपकरणों और विभिन्न विभागों को और मजबूत करने की दिशा में काम जारी है। हाल के महीनों में भी एम्स की ओर से विभिन्न विभागों के लिए आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की खरीद की प्रक्रिया जारी रही है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर के लिए एम्स किसी बड़ी सौगात से कम नहीं है। इतना बड़ा और अत्याधुनिक चिकित्सा संस्थान जिले को मिला है, जिसकी उपलब्धियों और सुविधाओं की कद्र करना प्रत्येक बिलासपुरवासी की प्राथमिकता होनी चाहिए। अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर सुझाव और समस्याएं सामने आना स्वाभाविक है, लेकिन इसके साथ संस्थान की कार्यप्रणाली और नियमों का सम्मान करना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि एम्स की सफलता केवल संस्थान की नहीं, बल्कि पूरे बिलासपुर और हिमाचल प्रदेश की उपलब्धि है।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यदि एम्स में बेड क्षमता और चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार होता है तो इसका सीधा लाभ आम जनता को मिलेगा। इसलिए संस्थान को मजबूत बनाने और उसकी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने में जनता को भी सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए।

पार्किंग को मुद्दा बनाने के बजाय व्यवस्था में सहयोग करना जरूरी

अनंत ज्ञान — मुलाकात जो बदले हालात

मुलाकात के दौरान एम्स परिसर की व्यवस्थाओं को लेकर भी चर्चा हुई। रजिस्ट्रार ने कहा कि इतने बड़े चिकित्सा संस्थान में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज, तीमारदार, चिकित्सक और कर्मचारी पहुंचते हैं। ऐसे में व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। पार्किंग को लेकर कई बार लोग सवाल उठाते हैं, लेकिन एम्स जैसे बड़े संस्थान में अलग-अलग आवश्यकताओं और विभागों के अनुरूप पार्किंग की व्यवस्था निर्धारित की गई है। इसलिए लोगों को चाहिए कि वे निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करें और अस्पताल परिसर में अनुशासन बनाए रखने में सहयोग करें।

29 से 31 अगस्त तक छात्र वर्ग और 11 से 13 सितंबर तक होंगी छात्राओं की खेलें

अनंत ज्ञान

◆ बिलासपुर में अंडर-14 ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का शेड्यूल जारी

ब्यूरो, बिलासपुर। जिला बिलासपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए अंडर.14 छात्र एवं छात्रा वर्ग की ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। जिनमें छात्र वर्ग की प्रतियोगिताओं में वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, शतरंज एवं कुश्ती तथा छात्रा वर्ग में वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन एवं शतरंज की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

इस बारे उप निदेशक स्कूल शिक्षा (प्रारंभिक) बिलासपुर अरुण गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिताओं के लिए विभिन्न ब्लॉकों में खेल स्थलों का चयन किया गया है। जिला के सदर ब्लॉकए घुमारवीं-1, घुमारवीं-2, झंडूता तथा स्वारघाट ब्लॉक में अंडर.14 वर्ग की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। छात्र वर्ग की प्रतियोगिताएं आगामी 29 से 31 अगस्त तक तथा छात्रा वर्ग की प्रतियोगिताएं आगामी 11 से 13 सितंबर तक आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि सदर ब्लॉक छात्र वर्ग की प्रतियोगिताएं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बंदला में तथा छात्रा वर्ग की प्रतियोगिताएं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रानी कोटला में होंगी। इसी तरह जहां ब्लॉक घुमारवीं-1 छात्र वर्ग के मुकाबले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मरहाणा तथा छात्रा वर्ग के मुकाबले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरोटा में आयोजित किए जाएंगे तो वहीं ब्लॉक घुमारवीं.2 छात्र वर्ग की प्रतियोगिताओं का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ऋषिकेश तथा छात्रा वर्ग की प्रतियोगिताओं का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पनोह में होगा। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार ब्लॉक झंडूता छात्र वर्ग की प्रतियोगिताएं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घंडीर तथा छात्रा वर्ग की प्रतियोगिताएं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समोह में आयोजित होंगी। जबकि ब्लॉक स्वारघाट छात्र वर्ग के मुकाबले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दबट तथा छात्रा वर्ग के मुकाबले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जकातखाना में होंगे।

प्राकृतिक खेती को लेकर किया जागरूक

अनंत ज्ञान, शाहतलाई। वर्दा ऑर्गेनाइजेशन के प्राकृतिक खेती जागरूकता अभियान के तहत ग्राम पंचायत मलांगण के कल्लर और कुठेड़ा गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। दोनों कार्यक्रमों में करीब 70 किसानों ने भाग लिया। संस्था अध्यक्ष इन्द्र सिंह ढटवालिया ने किसानों से रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों को समझते हुए प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती मिट्टी, पानी, पर्यावरण, पशुधन और मानव स्वास्थ्य के संरक्षण का प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम में किसानों ने प्राकृतिक खेती से जुड़े विषयों पर जानकारी लेने के साथ अपने अनुभव और जिज्ञासाएं भी साझा कीं। संस्था ने अभियान को आगे भी जारी रखने की बात कही।

महंगाई पर सांख्यान ने केंद्र पर बोला हमला

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया कॉर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने बढ़ती महंगाई, चीनी के दाम और बेरोजगारी को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आम जनता महंगाई की मार झेल रही है और रोजमर्रा की जरूरतें महंगी होती जा रही हैं। सांख्यान के अनुसार चीनी के दाम 40-45 रुपये से बढ़कर 55-75 रुपये किलो तक पहुंच गए हैं, जिससे त्योहारों में मिठाइयों और खाद्य पदार्थों की कीमतें प्रभावित हुई हैं। उन्होंने बेरोजगारी के आंकड़ों पर भी चिंता जताते हुए सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए और कहा कि देश का 'चौकीदार गहन निद्रा में' है।

एससी-एसटी विकास निधि कानून की मांग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास निधि कानून की मांग को लेकर राज्य गठबंधन हिमाचल की जिला इकाई बिलासपुर ने एडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। प्रतिनिधियों ने एससी-एसटी आबादी के अनुपात में बजट आवंटित करने और राशि के पारदर्शी उपयोग के लिए कानून बनाने की मांग की। जिला प्रतिनिधि प्रो. केएस धीर ने कहा कि पिछले वर्षों में एससी-एसटी विकास के लिए बजटीय आवंटन आबादी के अनुपात से काफी कम रहा है। उन्होंने सरकार से आगामी विधानसभा मानसून सत्र में कानून बनाने की प्रक्रिया शुरू करने की अपील की। प्रतिनिधिमंडल में कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रेडियोग्राफर की बैचवाइज भर्ती करे सरकार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। प्रदेश रेडियोग्राफर एसोसिएशन ने प्रदेश सरकार और स्वास्थ्य विभाग से रिक्त पदों को शीघ्र भरने तथा प्रशिक्षित बेरोजगार रेडियोग्राफरों को बैचवाइज आधार पर रोजगार देने की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष शैंकी पाटियाल ने कहा कि करीब 60 रेडियोग्राफर रोजगार की प्रतीक्षा में हैं, जबकि स्वास्थ्य संस्थानों में स्टाफ की आवश्यकता बनी हुई है। एसोसिएशन ने रेडियोग्राफर के स्वीकृत, भरे और रिक्त पदों का पूरा विवरण सार्वजनिक करने की मांग की। साथ ही वरिष्ठता एवं बैचवाइज आधार पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने और जरूरत के अनुसार नए पद सृजित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि नियुक्तियों से मरीजों को बेहतर जांच सुविधाएं मिलने के साथ बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिलेगा।

को-प्रोडक्शन मार्केट के लिए करें आवेदन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) ने फीचर एवं डॉक्यूमेंट्री निर्माताओं के लिए 'को-प्रोडक्शन मार्केट-2026' के तहत आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक निर्माता 31 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। को-प्रोडक्शन मार्केट दक्षिण एशियाई विषयों पर आधारित चुनिंदा परियोजनाओं को सह-निर्माण के लिए वित्तीय व कलात्मक सहयोग उपलब्ध करवाता है। चयनित फिल्म निर्माताओं को भारतीय एवं अंतरराष्ट्रीय निर्माताओं, वितरकों, बिक्री एजेंटों व फाइनेंसरों से जुड़ने का अवसर मिलेगा। इसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय सह-निर्माण को बढ़ावा देना और फिल्म क्षेत्र के प्रतिभाशाली लोगों को वैश्विक मंच उपलब्ध करवाना है। अधिक जानकारी के लिए wavesbazaar.com पर लॉग इन किया जा सकता है।

नौवें चरण में पात्र परिवारों को फिर मिला अवसर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। मुख्यमंत्री अपना परिवार सुखी परिवार योजना के नौवें चरण में पात्र एवं पूर्व चरणों में छूटे परिवारों को आवेदन का एक और अवसर दिया गया है। उपायुक्त राहुल कुमार ने अधिकारियों को चयन एवं सत्यापन प्रक्रिया 20 सितंबर, 2026 तक पूरी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि योजना के पात्रता मानदंड पूर्ववत रहेंगे, जबकि 31 जुलाई 2025 से 31 जुलाई 2026 तक जारी आय प्रमाण-पत्र भी मान्य होंगे। पात्र परिवार ग्राम पंचायत, विकास खंड कार्यालय या एसडीएम कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। उपायुक्त ने अधिकारियों को पारदर्शिता के साथ प्रक्रिया पूरी करने और कोई भी पात्र परिवार योजना से वंचित न रहने देने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने की बहुउद्देशीय सांस्कृतिक परिसर के संचालन, व्यवस्थाओं और आय-व्यय की समीक्षा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। भाषा एवं संस्कृति विभाग के माध्यम से उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में बिलासपुर कला मंच की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बहुउद्देशीय सांस्कृतिक परिसर के संचालन, व्यवस्थाओं और आय-व्यय की समीक्षा की गई। परिसर में बेहतर साफ-सफाई, स्थायी जलापूर्ति के लिए बोरवेल तथा बिजली खर्च कम करने के लिए सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने अधिकारियों को मूलभूत सुविधाएं सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने सरकारी और निजी संस्थाओं के लिए ऑडिटोरियम की समान शुल्क व्यवस्था लागू करने को कहा। साथ ही परिसर की आय बढ़ाने और इसके प्रभावी उपयोग के नए अवसर तलाशने के निर्देश दिए।

चरणगंगा स्थल का 75 लाख से होगा सौंदर्यीकरण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। शाहतलाई स्थित बाबा बालक नाथ जी की तपोभूमि के पवित्र चरणगंगा स्थल का करीब 75 लाख रुपए की लागत से सौंदर्यीकरण एवं विकास किया जाएगा। उपायुक्त एवं मंदिर न्यास आयुक्त राहुल कुमार ने अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण कर प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की। योजना के तहत 50 हजार लीटर क्षमता का पानी का टैंक, पाइपलाइन, महिलाओं के लिए अलग स्नान एवं कपड़े बदलने की सुविधा तथा पुरुषों के लिए स्नान व हाथ-मुंह धोने की व्यवस्था विकसित की जाएगी। परिसर में 16 सोलर लाइटें भी लगाई जाएंगी। उपायुक्त ने चैत्र मास मेले से पहले सभी कार्य पूरे करने और गुणवत्ता व श्रद्धालुओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

धर्मांतरण विवाद को लेकर बिलासपुर में ग्रामीणों का प्रदर्शन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। घुमारवीं तहसील के हवाण गांव में धर्मांतरण के आरोपों और दो एफआईआर को लेकर विवाद जिला मुख्यालय तक पहुंच गया। सोमवार को हवाण क्षेत्र के ग्रामीणों और हिंदू संगठनों ने बिलासपुर में रैली निकालकर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस कार्रवाई को एकतरफा बताते हुए दोनों पक्षों की शिकायतों की निष्पक्ष जांच की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मामले की जांच किसी अन्य अधिकारी से करवाई जानी चाहिए, ताकि निष्पक्षता बनी रहे। उन्होंने घुमारवीं के डीएसपी के तबादले की मांग भी उठाई और उपायुक्त के माध्यम से प्रदेश सरकार को ज्ञापन सौंपा। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी कि 10 दिनों में मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो मंडी भराड़ी पुल के पास चंडीगढ़-मनाली फोरलेन जाम करने का आंदोलन किया जाएगा। हालांकि, पुलिस पर लगाए गए एकतरफा कार्रवाई के आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

बिलासपुर में कॉरपोरेट सेक्टर के सेवानिवृत्त पेंशनरों ने सरकार के रवैये पर जताया रोष

अनंत ज्ञान

घुमारवीं। हिमाचल प्रदेश कॉरपोरेट सेक्टर सेवानिवृत्त कर्मचारी समन्वय समिति की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक मंगलवार को बिलासपुर में मार्केटिंग कमेटी के कॉन्फ्रेंस हॉल में प्रदेशाध्यक्ष देवी लाल ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पेंशनरों ने सरकार से 29 अक्टूबर 1999 की पेंशन अधिसूचना बहाल करने की मांग उठाई।

संयुक्त संघर्ष समिति बिलासपुर के संयोजक चेत राम वर्मा और मुख्य प्रचार सचिव प्रेम लाल पराशर ने कहा कि सरकार को कॉरपोरेट सेक्टर के प्रतिनिधियों के साथ अलग से बैठक कर इस समस्या का समाधान करना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि बातचीत के जरिए ऐसा समाधान निकाला जा सकता है, जिससे सरकार के खजाने पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ नहीं पड़ेगा। समिति ने चेतावनी दी कि मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। साथ ही कॉरपोरेट सेक्टर के कर्मचारियों ने एक सितंबर को शिमला के चौड़ा मैदान में होने वाले धरना-प्रदर्शन में शामिल होने का निर्णय लिया। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों से करीब 17 निगमों और बोर्डों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

17 निगमों और बोर्डों की पेंशन बहाली की मांग

प्रदेशाध्यक्ष देवी लाल ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री यदि प्रतिनिधियों को बातचीत का समय देते हैं तो आंकड़ों के साथ समाधान का प्रस्ताव रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे करीब 17 निगमों और बोर्डों के पेंशनरों की समस्या का समाधान संभव है। प्रतिनिधियों ने सरकार से जल्द सकारात्मक पहल करने की अपील की।

डलहौजी में आशा कुमारी ने रोपा ओक का पौधा, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

अजीत सिंह, डलहौजी। डलहौजी वेलफेयर सोसाइटी के 9वें वार्षिक पौधारोपण अभियान के तहत 'अडॉप्ट एन ओक ट्री फॉर डलहौजी' मुहिम को आगे बढ़ाते हुए पूर्व शिक्षा मंत्री आशा कुमारी के निवास स्थान पर पौधारोपण किया गया। अभियान का शुभारंभ आशा कुमारी ने ओक का पौधा रोपकर किया।

उन्होंने एक ओक वृक्ष को गोद लेते हुए पर्यावरण संरक्षण और डलहौजी की हरियाली बनाए रखने का संदेश दिया। अभियान के दौरान ओक के अलावा गोल्डन साइप्रेस के पौधे भी लगाए गए। आशा कुमारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। पौधे लगाने के साथ उनकी नियमित देखभाल करना भी प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उन्होंने डलहौजी की प्राकृतिक सुंदरता और हरित विरासत को संरक्षित करने के लिए ऐसे अभियानों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। अभियान का नेतृत्व सोसाइटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश्वर बहल ने किया। उन्होंने बताया कि संस्था डलहौजी की हरियाली बचाने और लोगों को पौधारोपण से जोड़ने के लिए लगातार प्रयासरत है। सोसाइटी ने लोगों से अभियान से जुड़कर पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की।

डीजीसीए की मंजूरी न मिलने से पहले दिन नहीं हो सकी हेलीटैक्सी सेवा शुरू

भरमौर हेलीपैड पर घंटों इंतजार करते रहे श्रद्धालु, 1300 से अधिक बुकिंग के बावजूद नहीं हो सकी एक भी उड़ान

ओपी शर्मा, भरमौर। उत्तर भारत की प्रमुख धार्मिक यात्राओं में शुमार श्री मणिमहेश यात्रा मंगलवार को आधिकारिक रूप से शुरू हो गई, लेकिन यात्रा के पहले दिन हेली टैक्सी सेवा शुरू नहीं हो सकी। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) की ओर से उड़ान संचालन को मंजूरी न मिलने के कारण एक भी हेली टैक्सी उड़ान नहीं भर पाई। इसके चलते हेली टैक्सी के माध्यम से मणिमहेश जाने की तैयारी में पहुंचे श्रद्धालु दिनभर उड़ान का इंतजार करते रहे।

हेलीटैक्सी सेवा को लेकर श्रद्धालुओं में पहले से ही खासा उत्साह था। जानकारी के अनुसार अब तक 1300 से अधिक श्रद्धालु हेली टैक्सी की बुकिंग करवा चुके हैं। मंगलवार को भरमौर हेलीपैड पर काफी संख्या में श्रद्धालु निर्धारित समय पर पहुंच गए और उड़ान शुरू होने की उम्मीद लगाए बैठे रहे, लेकिन DGCA की मंजूरी नहीं मिलने के कारण उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा।

गौरीकुंड हेलीपैड में मिली कुछ कमियां: सूत्रों के अनुसार DGCA की टीम ने गौरीकुंड हेलीपैड का निरीक्षण किया, जहां कुछ कमियां सामने आई हैं। इन कमियों को दूर करने के बाद ही हेलीटैक्सी संचालन के लिए आवश्यक अनुमति मिलने की उम्मीद है। संबंधित एजेंसियां अब इन कमियों को दूर करने की प्रक्रिया में जुटी हैं।

भरमौर और होली से चलेंगी हेली टैक्सियां: यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को हेली टैक्सी सेवा उपलब्ध करवाने के लिए भरमौर हेलीपैड से दो और होली हेलीपैड से दो हेली टैक्सियों के संचालन की व्यवस्था की गई है। इन हेली टैक्सियों के माध्यम से श्रद्धालुओं को गौरीकुंड पहुंचाया जाएगा। हेली टैक्सी सेवा शुरू होने से श्रद्धालुओं को मणिमहेश की कठिन पैदल यात्रा में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

25 अगस्त से 19 सितंबर तक चलेगी यात्रा: श्री मणिमहेश यात्रा इस वर्ष 25 अगस्त से 19 सितंबर तक आयोजित की जा रही है। यात्रा के दौरान देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के भरमौर पहुंचने की उम्मीद है। प्रशासन की ओर से सुरक्षा, यातायात, स्वास्थ्य और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं। अब श्रद्धालुओं की नजरें डीजीसीए की अगली जांच और मंजूरी पर टिकी हैं।

मणिमहेश यात्रा में ग्रीन टैक्स की अतिरिक्त वसूली पर टैक्सी यूनियन भड़की

ग्रीन टैक्स की अतिरिक्त वसूली का विरोध करती टैक्सी यूनियन।

ब्यूरो, चंबा। मणिमहेश यात्रा के दौरान टैक्सी वाहनों से ग्रीन टैक्स के नाम पर कथित रूप से बार-बार अतिरिक्त राशि वसूले जाने को लेकर चंबा टैक्सी यूनियन ने विरोध जताया है। यूनियन ने उपायुक्त चंबा को लिखित शिकायत सौंपकर अतिरिक्त वसूली बंद करवाने और अब तक ली गई राशि वापस करवाने की मांग की है।

यूनियन के अनुसार, टैक्सी वाहन वैध परमिट के तहत संचालित होते हैं और ग्रीन टैक्स के रूप में 1,500 रुपए की निर्धारित राशि पहले ही जमा की जाती है। ऐसे में करीब 20 दिन चलने वाली मणिमहेश यात्रा के दौरान प्रतिदिन अथवा बार-बार अलग से ग्रीन टैक्स वसूलने का औचित्य स्पष्ट किया जाना चाहिए। यूनियन ने प्रशासन से पूछा है कि अतिरिक्त वसूली किस नियम, अधिसूचना या आदेश के तहत की जा रही है। यदि मणिमहेश ट्रस्ट ने इस संबंध में कोई निर्णय लिया है तो उसकी लिखित प्रति उपलब्ध करवाने की मांग भी की गई है। टैक्सी ऑपरेटरों ने कहा कि वे नियमानुसार कर देने को तैयार हैं, लेकिन अतिरिक्त शुल्क के लिए स्पष्ट आदेश और प्रत्येक भुगतान की रसीद मिलनी चाहिए। यूनियन ने निष्पक्ष जांच और अतिरिक्त राशि लौटाने की मांग की है। कार्रवाई न होने पर शांतिपूर्ण आंदोलन और चक्का जाम की चेतावनी दी गई है।

चूड़ी सीएचसी में अब 24 घंटे स्वास्थ्य सुविधा, लोगों और श्रद्धालुओं को राहत

अनंत ज्ञान, धरवाला। उपतहसील धरवाला क्षेत्र की जनता और श्री मणिमहेश यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए राहत की खबर है। चूड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार से 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं शुरू कर दी गई हैं। इससे क्षेत्रवासियों को आपात स्थिति में दिन-रात स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। चूड़ी सीएचसी में चौबीसों घंटे स्वास्थ्य सेवाएं शुरू करवाने की मांग को लेकर ग्राम पंचायत लोथल के उपप्रधान विक्रांत ठाकुर और पूर्व वार्ड सदस्य संजय राजपूत लगातार प्रयासरत थे। उनके प्रयासों के बाद क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हुई है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरित पुरी ने बताया कि उपतहसील धरवाला की जनता के साथ-साथ श्री मणिमहेश यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को अब चूड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 24 घंटे स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी। स्वास्थ्य विभाग ने सेवा शुरू करने के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस सुविधा का लाभ लोथल, सुनारा, तागी, राड़ी और आसपास की पंचायतों के लोगों को मिलेगा। वहीं, मणिमहेश यात्रा के दौरान क्षेत्र में पहुंचने वाले हजारों श्रद्धालुओं के लिए भी यह सेवा महत्वपूर्ण साबित होगी। आपात स्थिति में उन्हें तत्काल स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी। क्षेत्रवासियों ने मांग को लगातार उठाने के लिए विक्रांत ठाकुर और संजय राजपूत का आभार जताया। लोगों ने कहा कि 24 घंटे स्वास्थ्य सेवा शुरू होना धरवाला क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

पवन नैय्यर का अधिकारियों पर तीखा हमला, बोले- नेता बनने के चक्कर में हो रही धांधली; जांच की उठाई मांग

ब्यूरो, चंबा। सदर चंबा के पूर्व भाजपा विधायक पवन नैय्यर ने मंगलवार को अपने निवास स्थान पर पत्रकार वार्ता कर क्षेत्र में विकास कार्यों और प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर कई गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने बीडीओ मैहला और बीडीओ चंबा की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए भ्रष्टाचार और धांधली के आरोप लगाए तथा संबंधित मामलों की निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की।

पवन नैय्यर ने आरोप लगाया कि कुछ अधिकारी अपनी प्रशासनिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के बजाय राजनीतिक गतिविधियों में अधिक सक्रिय नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को राजनीति से दूर रहकर निष्पक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की कार्यप्रणाली का सीधा प्रभाव आम जनता और विकास कार्यों पर पड़ता है, इसलिए किसी भी प्रकार की

प्रेसवार्ता करते सदर चंबा के पूर्व भाजपा विधायक पवन नैय्यर।

लापरवाही या अनियमितता को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। पूर्व विधायक ने पंचायत स्तर पर संचालित विकास कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं के लिए जारी धनराशि का सही उपयोग होना चाहिए और उसका लाभ वास्तविक रूप से आम जनता तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली की जांच करवाकर यदि कोई अनियमितता सामने आती है तो उचित कार्रवाई की मांग की। पत्रकार वार्ता में पवन नैय्यर ने चंबा शहर से जुड़े विभिन्न जनहित के मुद्दे भी उठाए। उन्होंने विकास कार्यों की स्थिति और लोगों को पेश आ रही समस्याओं पर चिंता जताते हुए कहा कि प्रशासन का दायित्व है कि लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाए।

उन्होंने कहा कि जनता से जुड़े मुद्दों को लगातार प्रमुखता से उठाया जाता रहेगा। जहां भी अनियमितता या धांधली के आरोप सामने आएंगे, वहां निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर आवाज बुलंद की जाएगी। उन्होंने प्रशासन से आरोपों पर गंभीरता से संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया।

एक साल बाद भी बहाल नहीं हो पाया चंबा-राड़ी बस रूट

देशराज कश्यप, धरवाला। चंबा-राड़ी बस रूट एक वर्ष बीत जाने के बाद भी बहाल नहीं हो पाया है। बस सेवा बंद होने से क्षेत्र के स्थानीय लोगों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों, महिलाओं और बुजुर्गों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वे कई बार इस समस्या को संबंधित विभाग और प्रशासन के समक्ष उठा चुके हैं, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।

◆ विद्यार्थियों और ग्रामीणों पर बढ़ा किराये का बोझ

बस रूट बंद होने का सबसे अधिक असर स्कूल-कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों पर पड़ रहा है। जिला मुख्यालय चंबा में पढ़ाई जारी रखने के लिए कई विद्यार्थियों को मजबूरन कमरे किराये पर लेने पड़ रहे हैं, जिसके लिए उन्हें प्रतिमाह करीब 4,000 से 4,500 रुपये तक खर्च करने पड़ रहे हैं। वहीं, कर्मचारी और अन्य ग्रामीण जिला मुख्यालय पहुंचने के लिए महंगी टैक्सियां किराये पर लेने को मजबूर हैं। इससे लोगों का समय भी बर्बाद हो रहा है और उनकी जेब पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

उपप्रधान राम शरण ठाकुर, पंचायत समिति सदस्य मनोज ठाकुर सहित ग्रामीणों ने चंबा-राड़ी बस रूट की बहाली की मांग कई बार उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन तथा संबंधित विभाग के समक्ष उठाई है। इसके बावजूद एक वर्ष बाद भी बस सेवा बहाल न होने से लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों सोनू, पूर्ण सिंह, अमरजीत, उदित कुमार, गोपाल, निक्कू ठाकुर, शरण दास, दीपक, आत्माराम, पवन कुमार, रविंद्र ठाकुर, जीवन कुमार, संजय कुमार, मनीषा, लक्ष्मी, गुतला, कृष्णा, सपना, सरोज, निशा, शकुंतला और मीनाक्षी आदि ने सरकार व विभाग से मांग की है कि चंबा-राड़ी बस रूट को जल्द से जल्द बहाल किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि नियमित बस सेवा शुरू होने से विद्यार्थियों, कर्मचारियों, महिलाओं और बुजुर्गों को राहत मिलेगी तथा उन्हें अनावश्यक किराये और टैक्सी के खर्च से भी निजात मिलेगी।

हरियाणा के तालाबों में ट्रीटमेंट के बाद ही जाएगा पानी: सीएम सैनी

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने ग्रामीण तालाबों को स्वच्छ, सुंदर व उपयोगी बनाने के लिए अब गंदे पानी की सीधी एंट्री रोकने का एक्शन प्लान तैयार किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि तालाबों में पहुंचने वाले पानी का जरूरी प्री-ट्रीटमेंट व वैज्ञानिक उपचार सुनिश्चित किया जाए।

प्रदेश के 20,100 तालाबों में से 320 के नवीनीकरण-सौंदर्यीकरण का काम जल्द पूरा करने और 467 नए तालाबों पर काम शुरू करने के भी निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री मंगलवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में हरियाणा पॉन्ड एंड वेस्ट वाटर मैनेजमेंट अथॉरिटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तालाबों के सौंदर्यीकरण के साथ इनके आसपास ग्रामीणों के लिए बेहतर सुविधाएं भी विकसित की जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन गांवों में नई योगशालाएं बनाना प्रस्तावित हैं, वहां तालाबों के आसपास शेड आदि लगाकर योगशालाएं बनाई जाएं व ओपन जिम की व्यवस्था की जाए। इससे ग्रामीण इन स्थानों पर नियमित रूप से आएंगे और तालाबों की देखभाल में भी रुचि लेंगे।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में कुल 20,100 तालाब हैं, जिनमें 19,219 ग्रामीण और 881 शहरी क्षेत्रों में हैं। इनमें से जो तालाब प्रदूषित एवं ओवरफ्लोइंग हैं, उनपर खासा फोकस किया जा रहा है। गांवों के ग्रे और ब्लैक वाटर को ट्रीट करने पर भी रणनीति बनाई जा रही है। इसके लिए तालाब से बाहर वेस्ट वाटर मैनेजमेंट अथवा एसटीपी की व्यवस्था की जा सकती है। गांव या पंचायत की जमीन का उपयोग इसके लिए किया जा सकता है।

पंजाब में चीनी की कोई कमी नहीं: भगवंत मान

कहा- जमाखोरी और चीनी की कृत्रिम कमी पैदा करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा

गुरनाम सागर, चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने मंगलवार को कहा कि राज्य में चीनी की कोई कमी नहीं है और पंजाब सरकार आम लोगों के हितों की रक्षा के लिए चीनी के भंडारण, बिक्री और आपूर्ति पर लगातार नजर रख रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस आवश्यक वस्तु की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और कृत्रिम कमी पैदा करने या जमाखोरी करने के किसी भी प्रयास के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री मान ने कहा कि पंजाब के पास पहले से ही चीनी का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हर समय आवश्यक स्टॉक बना रहे। चीनी हर घर के लिए एक आवश्यक वस्तु है और इसकी उपलब्धता से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। कृत्रिम कमी पैदा करने या जमाखोरी करने के किसी भी प्रयास से सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि अधिकारियों को चीनी की उपलब्धता को लेकर लोगों में किसी भी तरह की घबराहट या गलतफहमी को दूर करने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खराब मौसम के कारण वर्ष 2025-26 के दौरान पंजाब सहित पूरे देश में गन्ने के उत्पादन में गिरावट आई थी। हालांकि, उन्होंने कहा कि कम पैदावार के बावजूद पंजाब के पास चीनी का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और राज्य में कोई चिंताजनक स्थिति नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को चीनी मिलों के पास उपलब्ध चीनी के स्टॉक का मौके पर सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने फूड स्टॉक मॉनिटरिंग पोर्टल पर पंजीकरण और साप्ताहिक रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के साथ-साथ चीनी की स्टॉक होल्डिंग लिमिट को भी सख्ती से लागू करने को कहा।

इसी तरह मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को चीनी के थोक उपभोक्ताओं पर स्टॉक होल्डिंग लिमिट को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार व्यापक जनहित में चीनी की बिक्री, स्टॉक और आपूर्ति पर कड़ी नजर बनाए रखेगी।अपनी सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराते हुए मुख्यमंत्री मान ने कहा कि पंजाब में चीनी की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए हर आवश्यक कदम उठाया जाएगा।

पंजाब के चमके 19,200 स्कूल, शिक्षा व्यवस्था में आया बदलाव: केजरीवाल

जालंधर। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के सरकारी स्कूलों को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। वीडियो संदेश जारी कर उन्होंने भाजपा नेतृत्व को खुली चुनौती देते हुए कहा कि गुजरात और पंजाब के 1,000-1,000 सरकारी स्कूलों की संयुक्त जांच कराई जाए, ताकि पूरे देश के सामने दोनों राज्यों की शिक्षा व्यवस्था की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके।

केजरीवाल ने कहा कि भाजपा लगातार पंजाब के सरकारी स्कूलों को बदनाम करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि गुजरात में भाजपा की सरकार को करीब 30 वर्ष हो चुके हैं, जबकि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार को साढ़े चार साल हुए हैं। ऐसे में दोनों राज्यों के स्कूलों की सुविधाओं और व्यवस्थाओं की निष्पक्ष तुलना की जानी चाहिए। उन्होंने प्रस्ताव रखा कि पंजाब के 1,000 स्कूलों की सूची वह उपलब्ध कराएंगे और गुजरात के 1,000 स्कूलों की सूची भाजपा दे। इसके बाद दोनों राज्यों के स्कूलों का निरीक्षण किया जाए। केजरीवाल ने कहा कि इस प्रक्रिया में मीडिया के साथ भाजपा और आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधि भी शामिल हों, जिससे किसी तरह का विवाद न रहे।

केजरीवाल ने आरोप लगाया कि पंजाब के स्कूलों को बदनाम करने के लिए पुराने वीडियो और तस्वीरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग वर्ष 2018 के वीडियो दिखाकर वर्तमान पंजाब सरकार के स्कूलों पर सवाल उठा रहे हैं, जबकि उस समय राज्य में कांग्रेस की सरकार थी। उन्होंने कहा कि पुरानी तस्वीरों और भ्रामक सामग्री के आधार पर मौजूदा व्यवस्था का आकलन नहीं किया जाना चाहिए। केजरीवाल ने दावा किया कि पंजाब में करीब 19,700 सरकारी स्कूल हैं और इनमें से 19,200 से अधिक स्कूलों का कायाकल्प किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि बाकी करीब 500 स्कूलों में सुधार का काम जारी है और अगले डेढ़ से दो वर्षों में इसे पूरा करने का लक्ष्य है।

रिश्वत लेते जिला कल्याण कार्यालय का सेवादार गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, नूंह। हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) चरखी दादरी की टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मंगलवार को जिला कल्याण कार्यालय नूंह में तैनात ग्रुप-डी कर्मचारी को 9 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुकेश कुमार के रूप में हुई है, जो कार्यालय में सेवादार के पद पर तैनात था।

जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता ने एसीबी को शिकायत दी थी कि मुकेश कुमार उसकी और उसके मित्रों की वृद्धावस्था पेंशन लगवाने के एवज में 9 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा है। शिकायत की पुष्टि के बाद एसीबी की टीम ने आरोपी को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। इंस्पेक्टर फतेह सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने राजपत्रित अधिकारी और शैडो विटनेस की मौजूदगी में कार्रवाई को अंजाम दिया। जैसे ही आरोपी ने शिकायतकर्ता से 9 हजार रुपये की रिश्वत राशि स्वीकार की, एसीबी टीम ने उसे मौके पर ही रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

यूपी और बिहार विकास की राह पर पंजाब रह गया पीछे: बीएल संतोष

चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष ने कहा कि दिल्ली से हारकर आए दिल्ली के नेता आज पंजाब चला रहे हैं, जिसके कारण पंजाब का विकास रुक गया है। इंडस्ट्री हब के रूप में पहचाने जाने वाले लुधियाना की सड़कों की बदतर हालत सरकार की नाकामी की तस्वीर पेश करती है। उन्होंने कहा कि 'आप' सरकार की नीतियों के कारण पंजाब की इंडस्ट्री बड़े पैमाने पर पलायन कर रही है। वहीं, भाजपा शासित उत्तर प्रदेश और बिहार में विकास एवं प्रगति हो रही है, जबकि पंजाब पीछे रह गया है।

संतोष मंगलवार को लुधियाना में लुधियाना शहरी, लुधियाना ग्रामीण, खन्ना, जगराओं, मोगा, रोपड़ और मलेरकोटला जिलों के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की जोनल बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पंजाब इस बार बदलेगा और यह बदलाव भारतीय जनता पार्टी लाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी के प्रत्येक कार्यक्रम को पूरे जोर-शोर से जमीनी स्तर पर लागू करने तथा हर मंच के माध्यम से पार्टी की नीतियों एवं मुद्दों को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने बीएल संतोष का स्वागत करते हुए कहा कि उनका अनुभव पंजाब की टीम को नई दिशा देगा और 2027 में भाजपा की सरकार बनाने के लिए उनका मार्गदर्शन बेहद लाभदायक साबित होगा। उन्होंने कहा कि 'आप' सरकार ने पंजाब की आर्थिक स्थिति को बेहद कमजोर कर दिया है और राज्य पर दिन-ब-दिन कर्ज बढ़ रहा है। पंजाब को फिर से महाराजा रणजीत सिंह के शासन जैसी खुशहाली की ओर ले जाने के लिए डबल इंजन वाली भाजपा सरकार जरूरी है।

अमृतसर में 10.80 किलो हेरोइन और हथियार बरामद एक गिरफ्तार, 2 की तलाश

अनंत ज्ञान, अमृतसर। अमृतसर देहात पुलिस ने थाना लोपोके क्षेत्र से मंगलवार को 10 किलो 80 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने मौके से एक 30 बोर का पिस्टल भी बरामद किए हैं। पुलिस ने इस मामले में साजन अरोड़ा निवासी भीलोवाल, विजेयपाल सिंह निवासी सराय अमानत खां और जशनप्रीत सिंह निवासी गंडीविंड को नामजद किया है। कार्रवाई के दौरान जशनप्रीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला है कि आरोपित पाकिस्तान में बैठे नशा तस्करों के संपर्क में थे। पुलिस को आशंका है कि सीमा पार से ड्रोन या अन्य माध्यमों से भेजी जाने वाली हेरोइन की खेप को आरोपी आगे सप्लाई करते थे। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने और नशे की सप्लाई चेन का पता लगाने में जुटी हुई है।

पुलिस ने थाना लोपोके में आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ के दौरान सीमा पार से जुड़े इस नेटवर्क और अन्य तस्करों के बारे में अहम जानकारी सामने आ सकती है। अमृतसर देहात पुलिस का कहना है कि नशे और हथियारों की तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस की प्राथमिकता इस नेटवर्क से जुड़े सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरे गिरोह का पर्दाफाश करना है।

एचडीएफसी बैंक के परिवर्तन से पंजाब में 37 लाख से ज्यादा लोगों की जिंदगी पर पड़ा असर

राकेश मलकानिया, लुधियाना/चंडीगढ़। एचडीएफसी बैंक के सीएसआर कार्यक्रम 'परिवर्तन' के जरिए पंजाब में अब तक 37 लाख से अधिक लोगों के जीवन पर सकारात्मक असर पड़ा है। बैंक वर्ष 2015 से राज्य में सक्रिय है और पंजाब के 23 में से 21 जिलों में विभिन्न विकास परियोजनाएं संचालित कर रहा है। इनमें एस्पिरेशनल जिले फिरोजपुर और मोगा भी शामिल हैं। कार्यक्रम के तहत ग्रामीण विकास, शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार, स्वास्थ्य और स्वच्छता, वित्तीय साक्षरता तथा प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन को प्रमुख क्षेत्र बनाया गया है।

परिवर्तन के तहत मोगा, फाजिल्का, फिरोजपुर, गुरदासपुर और पटियाला में ग्रामीण विकास परियोजनाओं के माध्यम से खेती को मजबूत करने और संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल पर काम किया जा रहा है। किसानों को माइक्रो-इरिगेशन, मशीनरी बैंक, कस्टम हायरिंग सेंटर और तकनीकी प्रशिक्षण की सुविधा दी जा रही है। अमृतसर, फरीदकोट, जालंधर, लुधियाना, मोहाली और पठानकोट में स्कूलों के आधुनिकीकरण, आईसीटी सुविधाओं और स्मार्ट क्लासरूम पर भी काम हुआ है। डिजिटल लर्निंग कार्यक्रम के तहत 13 से अधिक जिलों में करीब 10,500 विद्यार्थियों को लाभ मिला है।

मोहाली और लुधियाना में युवाओं को बैंकिंग, आईटी, हेल्थकेयर, रिटेल और मीडिया जैसे क्षेत्रों में रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बरनाला और मोगा में 'प्रोजेक्ट स्त्री' के जरिए महिला किसानों को संगठित कर उनकी आर्थिक भागीदारी बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में अमृतसर में आधुनिक कैंसर उपचार सुविधाओं को मजबूत किया गया है, जबकि मोगा में मोबाइल मेडिकल यूनिट जरूरतमंद समुदायों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रही है। पठानकोट में विशेष जरूरतों वाले बच्चों के लिए थेरेपी सेंटर संचालित है। संगरूर और लुधियाना में फसल अवशेष प्रबंधन के जरिए पराली जलाने को कम करने पर जोर दिया जा रहा है। कई जिलों में रूफटॉप सोलर सिस्टम और सोलर स्ट्रीटलाइट जैसी परियोजनाएं भी शुरू की गई हैं। बैंक के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 में देशभर में सीएसआर पर 1,316 करोड़ रुपये खर्च किए गए और परिवर्तन कार्यक्रम से 10.77 करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंच बनाई गई।

एलिस की खूबसूरती के आगे एक्ट्रेस भी फेल

इंग्लैंड। इंग्लैंड की ऑलराउंडर खिलाड़ी एलिस केप्सी भी खूबसूरती में किसी से कम नहीं हैं। एलिस अपनी खूबसूरती से बॉलीवुड एक्ट्रेस को कड़ी टक्कर देती हैं। एलिस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी तस्वीरें भी शेयर करती रहती हैं।



स्पोर्ट्स विंडो

जोआओ फोंसेका पेट की चोट के कारण अमेरिकी ओपन से बाहर

एजेंसी, न्यूयॉर्क। ब्राजील के युवा टेनिस खिलाड़ी जोआओ फोंसेका पेट की चोट के कारण अमेरिकी ओपन 2026 से बाहर हो गए हैं। दुनिया के 26वें नंबर के खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। 20 वर्षीय फोंसेका इस साल शानदार प्रदर्शन के बाद अमेरिकी ओपन में खिताब के दावेदारों में शामिल थे। उन्होंने फ्रेंच ओपन में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया था, जहां उन्होंने दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को भी हराया था। फोंसेका ने कहा कि पेट की चोट को लेकर जांच और उपचार शुरू होने के बाद उन्हें और उनकी टीम को लगा कि पूरी तरह फिट होने के लिए उन्हें अभी और समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी ओपन उनके लिए बेहद खास टूर्नामेंट है और इससे हटने का फैसला आसान नहीं था। फोंसेका ने कहा कि वह जल्द से जल्द वापसी करने के लिए कड़ी मेहनत जारी रखेंगे। फोंसेका अमेरिकी ओपन से हटने वाले प्रमुख पुरुष खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं। इससे पहले जैनिक सिनर, होल्गर रूने और जैक ड्रेपर भी चोटों के कारण टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

जीसीटी ग्रैंड फिनाले: फाइनल में पहुंचे प्रज्ञाननंदा, कारुआना से होगा मुकाबला

एजेंसी, सेंट लुई (अमेरिका)। भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञाननंदा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ग्रैंड शतरंज टूर (जीसीटी) के ग्रैंड फिनाले के फाइनल में जगह बना ली। उन्होंने सेमीफाइनल में जर्मनी के विंसेंट कीमर को 19-9 से हराया। प्रज्ञाननंदा ने दूसरे क्लासिकल मुकाबले में जीत के बाद छह अंकों की बढ़त बनाई। इसके बाद लगातार दो रैपिड मुकाबले जीतकर उन्होंने 17-3 की अजेय बढ़त हासिल कर फाइनल में प्रवेश पक्का किया। ब्लिट्ज के पहले गेम में जीत से उनका स्कोर 19 अंक हो गया। कीमर ने अंतिम तीन ब्लिट्ज गेम जीतकर अंतर जरूर कम किया, लेकिन प्रज्ञाननंदा की जीत नहीं रोक सके। फाइनल में प्रज्ञाननंदा का सामना मौजूदा चैंपियन और खिताब के प्रबल दावेदार अमेरिका के फैबियानो कारुआना से होगा। कारुआना ने हमवतन वेस्ली सो को 18-9 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। जीसीटी फाइनल की कुल पुरस्कार राशि 4.5 लाख अमेरिकी डॉलर है। विजेता को 2 लाख डॉलर और उपविजेता को 1.25 लाख डॉलर मिलेंगे। तीसरे स्थान के प्लेऑफ में कीमर और वेस्ली सो आमने-सामने होंगे। (अनंत ज्ञान)

मुरलीधरन और वेटोरी से मिली सीख ने मेरी गेंदबाजी निखारी: जीशान अंसारी

एजेंसी, नई दिल्ली। भारत के युवा लेग स्पिनर जीशान अंसारी ने कहा कि आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के साथ रहते हुए महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन और डेनियल वेटोरी से मिली सीख ने उनकी गेंदबाजी को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाई। 26 वर्षीय जीशान ने कहा कि मुरलीधरन और वेटोरी ने उन्हें गेंदबाजी से जुड़ी कई ऐसी बारीकियां सिखाईं, जिनके बारे में उन्हें पहले जानकारी नहीं थी। उन्होंने कहा कि इन दोनों दिग्गजों से मिली सीख पर लगातार अमल करने से उनका खेल आगे और बेहतर होगा। जीशान अंसारी 2016 में भारत की अंडर-19 विश्व कप टीम का हिस्सा थे, जिसमें ईशान किशन, ऋषभ पंत और वॉशिंगटन सुंदर जैसे खिलाड़ी भी शामिल थे। आईपीएल 2025 के लिए सनराइजर्स हैदराबाद द्वारा चुने जाने के बाद उनके करियर को नई दिशा मिली। अंसारी ने बताया कि यूपी टी20 लीग में पूर्व भारतीय स्पिनर पीयूष चावला भी उन्हें मार्गदर्शन दे रहे हैं। चावला ने उनकी गेंदबाजी की तारीफ करते हुए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं, जिनसे वह लगातार सीख रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

प्रतीति और मयंक एशियाई जूनियर शतरंज में खिताब के करीब

एजेंसी, मुंबई। शीर्ष वरीयता प्राप्त प्रतीति बोरदोलोई और मयंक चक्रवर्ती मंगलवार को यहां आठवें दौर में जीत हासिल करके एशियाई जूनियर क्लासिकल शतरंज चैंपियनशिप में खिताब के करीब पहुंच गए। प्रतीति ने प्रिशिता गुप्ता को हराकर अपने अंको की संख्या संभावित आठ में से सात पर पहुंचा दी है। वह अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी तुर्कमेनिस्तान की महिला कैंडिडेट मास्टर शोहरादोवा लैला से एक अंक आगे है जिन्होंने दक्षिता कुमावत के साथ बाजी ड्रॉ खेली। उनके छह अंक हैं। कजाकिस्तान की मारिया खोल्यावको और भारत की श्राव्याश्री भीमरसेट्टी ने भी जीत दर्ज करके अपना स्कोर छह पर पहुंचा दिया है। ओपन चैंपियनशिप में मयंक चक्रवर्ती ने दक्ष गोयल को हराकर खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। उनके अब सात अंक हैं और वह अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी रूस के इंटरनेशनल मास्टर आर्टेम पिंगिन से आधा अंक आगे हैं। रूस के खिलाड़ी ने भारत के इंटरनेशनल मास्टर विग्नेश अद्वैत वेमुला को हराकर अपने अंकों की संख्या 6.5 पर पहुंचा दी है। शर्नार्थी वीरेश को अपूर्व कांबले ने ड्रॉ पर रोका। इससे उनके छह अंक हो गए हैं। (अनंत ज्ञान)

प्रीमियर लीग: पहले सप्ताह में बने कई रिकॉर्ड, आर्टेटा ने दर्ज की 150वीं जीत

चेल्सी ने 31 सेकेंड में गोल कर रचा इतिहास, प्रमोटेड टीमों ने भी दिखाया दम

एजेंसी, लंदन

प्रीमियर लीग गेमवीक-1 के बड़े रिकॉर्ड

- आर्टेटा: 249 मैचों में 150 लीग जीत
- हुल सिटी: यूनाइटेड पर 2-0 की ऐतिहासिक जीत
- लिवरपूल: लगातार 14 सत्र से शुरुआती मैच में अजेय
- जोआओ पेड्रो: 31 सकेंड में सबसे तेज शुरुआती गोल
- तीन प्रमोटेड टीमों में से दो ने पहला मैच जीता

इंग्लिश प्रीमियर लीग के 2026-27 सत्र के पहले गेमवीक ने ही नए सीजन के रोमांचक होने के संकेत दे दिए हैं। शुरुआती सप्ताह में आर्सेनल ने जीत से अभियान शुरू किया, हुल सिटी ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को हराकर बड़ा उलटफेर किया, जबकि चेल्सी ने सबसे तेज गोल का नया रिकॉर्ड बनाया।

आर्सेनल की शानदार शुरुआत: आर्सेनल ने प्रमोट होकर आई कोवेंट्री सिटी को 3-0 से हराया। इस जीत के साथ मैनेजर मिकेल आर्टेटा ने 249 मैचों में 150 प्रीमियर लीग जीत पूरी कर लीं। आर्सेनल का प्रमोटेड टीमों के खिलाफ घरेलू मैदान पर दबदबा भी कायम है। टीम ऐसी क्लबों के खिलाफ लगातार 46 घरेलू मैचों से अजेय है, जिसमें 41 जीत और पांच ड्रॉ शामिल हैं।

हुल सिटी का बड़ा उलटफेर: गेमवीक का सबसे बड़ा नतीजा हुल सिटी और मैनचेस्टर यूनाइटेड के मुकाबले में आया। प्रमोट होकर आई हुल सिटी ने यूनाइटेड को 2-0 से हराया। यूनाइटेड के पास 71.6 प्रतिशत गेंद का कब्जा था, लेकिन इसके बावजूद वह गोल नहीं कर सका। लीग इतिहास में यह पहली बार है जब यूनाइटेड को सीजन के शुरुआती मुकाबले में किसी प्रमोटेड टीम से हार मिली।

लिवरपूल का रिकॉर्ड कायम: नए मैनेजर एंडोनी इराओला के नेतृत्व में लिवरपूल ने न्यूकैसल से 2-2 का ड्रॉ खेला। इसके साथ टीम का शुरुआती मुकाबले में अजेय रहने का सिलसिला लगातार 14 सत्र तक पहुंच गया। न्यूकैसल के खिलाफ डोमिनिक स्जोबोस्लाई ने 98 मिनट और छह सेकंड पर पेनल्टी को गोल में बदलकर लिवरपूल को एक अंक दिलाया।

अन्य मुकाबले: इप्सविच टाउन ने सुंदरलैंड को 2-1 से हराकर 1993-94 के बाद पहली बार शुरुआती मुकाबला जीता। जैक क्लार्क ने 90वें मिनट में विजयी गोल किया। ब्रेंटफोर्ड ने टॉटेनहम को 3-0 से हराकर शीर्ष स्तर पर अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। एवर्टन ने क्रिस्टल पैलेस को 2-0 और लीड्स यूनाइटेड ने नॉटिंघम फॉरेस्ट को 1-0 से हराया।

चेल्सी का रिकॉर्ड: गेमवीक के आखिरी मुकाबले में चेल्सी ने फुलहम को 3-1 से मात दी। जोआओ पेड्रो ने केवल 31 सेकंड में गोल कर सीजन के शुरुआती मुकाबले में सबसे तेज गोल का रिकॉर्ड बनाया। चेल्सी की शुरुआती एकादश की औसत उम्र 24 साल 43 दिन रही, जो पहले गेमवीक में सबसे युवा थी। (अनंत ज्ञान)

बारिश ने रोका श्रीलंका का संघर्ष तीसरे दिन 8 विकेट पर 265 रन

एजेंसी, कोलंबो

श्रीलंका फॉलोऑन के संकट में, भारत से अब भी 238 रन पीछे

भारत और श्रीलंका के बीच दूसरे टेस्ट का तीसरा दिन मगंलवार (25 अगस्त) का अंतिम सत्र बारिश से प्रभावित हुआ और खेल जल्दी समाप्त। तीसरे दिन 257 रन बने और 6 विकेट गिरे। श्रीलंका ने 83.4 ओवर में 8 विकेट पर 265 रन बनाए। भारत 238 रनों से आगे है। श्रीलंका को फॉलोऑन बचाने के लिए 39 रन चाहिए। लहिरू कुमारा 8 और सोनल दिनुशा 85 रन बनाकर क्रीज पर। 35 रनों की साझेदारी हुई।

चायकाल के बाद के सत्र में केशारा नुवंथा 18 रन बनाकर आउट हुए। भारत ने दूसरे सत्र में 3 विकेट लिए थे और 86 रन बनाए थे। दूसरे दिन भारत ने पहली पारी 503/9 के स्कोर पर घोषित की थी। तीसरे दिन की शुरुआत श्रीलंका के लिए कामिल मिशारा और पसिंदू सूरियाबंदारा ने सकारात्मक की, लेकिन दिन के सातवें ओवर में प्रसिद्ध कृष्णा ने मिशारा को आउट कर मेजबानों को तीसरा झटका दिया। इसके बाद पसिंदू सूरियाबंदारा ने कामिंदु मेंडिस के साथ मिलकर पारी को संभाला। पसिंदू ने करियर का पहला अर्धशतक पूरा किया। दूसरे दिन के अंत तक श्रीलंका ने 8 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। गॉल टेस्ट जीतने के बाद टीम इंडिया सीरीज में 1-0 से आगे है और कोलंबो में उसकी नजरें सीरीज कब्जाने पर होंगी। (अनंत ज्ञान)

महिला डीपीएल: साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने सेंट्रल दिल्ली क्वींस को 11 रन से हराया

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) 2026 के महिला वर्ग में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए सेंट्रल दिल्ली क्वींस को 11 रन से हरा दिया। बारिश के कारण आठ ओवरों तक सीमित रहे इस मुकाबले में साउथ दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 68 रन बनाए, जिसके जवाब में सेंट्रल दिल्ली की टीम 5 विकेट पर 57 रन ही बना सकी।

अरुण जेटली स्टेडियम में साउथ दिल्ली की कप्तान श्वेता सहरावत ने 21 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 26 रन बनाकर टीम की पारी को संभाला। तनिषा सिंह ने भी 13 गेंदों पर 19 रन का उपयोगी योगदान दिया। इससे पहले प्रिया पुनिया ने तेज शुरुआत करते हुए चार गेंदों में नौ रन बनाए।

सेंट्रल दिल्ली की ओर से सुमिति सोनी और मेधावी बिधूड़ी ने दो-दो विकेट लेकर विपक्षी बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा। 69 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेंट्रल दिल्ली क्वींस की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने पहली ही गेंद पर अपना पहला विकेट गंवा दिया। इसके बाद दीक्षा शर्मा ने 16 गेंदों में चार चौकों की मदद से 22 रन बनाकर पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन छठे ओवर में उनके रन आउट होने के बाद टीम की मुश्किलें बढ़ गईं।

अरुषि गोयल ने 14 और मोनिका ने नौ रन बनाए, लेकिन लक्ष्य तक पहुंचने के लिए यह पर्याप्त नहीं रहा। साउथ दिल्ली की ओर से रूपाली विश्व मोहन, दिशा नागर और एकता भदाना ने एक-एक विकेट लिया। अनुशासित गेंदबाजी और चुस्त क्षेत्ररक्षण के दम पर साउथ दिल्ली ने मुकाबला 11 रन से अपने नाम कर लिया। (अनंत ज्ञान)

भारत के लिए डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाना नहीं होगा आसान: द्रविड़

एजेंसी, मुंबई। भारत के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में पहुंचना भारतीय टीम के लिए आसान नहीं होगा। भारत इस समय अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है और फाइनल में जगह बनाने के लिए उसे अपने बाकी मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करना होगा। द्रविड़ ने कहा कि श्रीलंका के खिलाफ भारत ने अच्छी शुरुआत की है, लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ उसकी असली परीक्षा होगी। अक्टूबर में होने वाले न्यूजीलैंड दौरे पर भारत दो टेस्ट मैच खेलेगा।

द्रविड़ के मुताबिक न्यूजीलैंड की परिस्थितियां भारतीय टीम के लिए चुनौतीपूर्ण होंगी, खासकर युवा खिलाड़ियों के लिए, जिन्हें वहां खेलने का ज्यादा अनुभव नहीं है। उन्होंने विराट कोहली, रोहित शर्मा, अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की कमी भी महसूस होने की बात कही। द्रविड़ ने 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को लेकर धैर्य रखने की सलाह दी और कहा कि लाल गेंद के घरेलू क्रिकेट में अनुभव हासिल करने से वह भविष्य में टेस्ट टीम में जगह बना सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

एशियन गेम्स के लिए हिमाचल की 4 बेटियों को भारतीय महिला कबड्डी टीम में जगह

अनंत ज्ञान

एसपी जैरथ, नाहन। एशियन गेम्स के लिए चयनित भारतीय महिला कबड्डी टीम में हिमाचल प्रदेश की चार खिलाड़ियों का चयन हुआ है। हिमाचल प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के महासचिव कुलदीप राणा ने इसे प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। टीम में सिरमौर की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं पूर्व भारतीय कप्तान रितु नेगी, हिमाचल महिला कबड्डी टीम की कप्तान पुष्पा राणा, सोलन की ज्योति ठाकुर और मंडी की भावना ठाकुर शामिल हैं। इनके अलावा संजू देवी, पूजा कजला, रितु शेरोंन, पिंकी राय, मनीषा कुमारी, राजरानी और नीतिका कुमारी भी टीम का हिस्सा हैं।

सिरमौर के शिलाई विधानसभा क्षेत्र के शरोग गांव की रितु नेगी ने आठवीं कक्षा से कबड्डी का सफर शुरू किया। वर्ष 2006 में उनका चयन स्पोर्ट्स हॉस्टल बिलासपुर के लिए हुआ, जहां उन्होंने आठ वर्ष प्रशिक्षण लिया। रितु ने एशियन गेम्स 2018 में रजत और हांगझोऊ एशियन गेम्स 2023 में स्वर्ण पदक जीता। वह 2025 महिला कबड्डी विश्व कप में भी भारतीय टीम की स्वर्ण पदक विजेता टीम का हिस्सा रहीं। उन्हें 2018 एशियन गेम्स में सर्वश्रेष्ठ राइट कॉर्नर डिफेंडर चुना गया था। वर्तमान में वह भारतीय रेलवे में ऑफिस सुपरिंटेंडेंट के पद पर कार्यरत हैं। शिलाई के मिल्लाह गांव की पुष्पा राणा भी भारतीय कबड्डी में हिमाचल का प्रमुख नाम हैं। 11 जनवरी 1998 को जन्मीं पुष्पा ने पिता जयपाल और भाई संजीव से कबड्डी की शुरुआती बारीकियां सीखीं। राइट रेडर के रूप में खेलने वाली पुष्पा की कप्तानी में हिमाचल ने नेशनल गेम्स में लगातार तीन स्वर्ण पदक जीते हैं। वह 2025 महिला कबड्डी विश्व कप, 2023 एशियन गेम्स, 2025 एशियन कबड्डी चैंपियनशिप और 2019 दक्षिण एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीमों का हिस्सा रही हैं। प्रदेश की चार खिलाड़ियों का एशियन गेम्स टीम में चयन हिमाचल में कबड्डी प्रतिभाओं की मजबूत मौजूदगी को दर्शाता है।

मुथैया मुरलीधरन, डेनियल विटोरी ने मेरी गेंदबाजी को निखारने में मदद की: जीशान

एजेंसी, नई दिल्ली। भारत के युवा लेग स्पिनर जीशान अंसारी ने कहा कि आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से खेलते हुए दिग्गज स्पिनरों मुथैया मुरलीधरन और डेनियल वेटोरी से मिले सबक से उन्हें अपने खेल को निखारने में मदद मिली। ईशान किशन, ऋषभ पंत और वाशिंगटन सुंदर जैसे खिलाड़ियों के साथ भारत की अंडर-19 विश्व कप 2016 टीम का हिस्सा रहे जीशान के करियर में तब नया मोड़ आया जब आईपीएल 2025 के लिए सनराइजर्स ने उन्हें अपनी टीम में शामिल किया।

अंसारी ने पीटीआई वीडियोज से कहा कि जब मैं सनराइजर्स में था, तब मुझे मुथैया मुरलीधरन और डेनियल वेटोरी से काफी कुछ सीखने को मिला। उन्होंने मुझे गेंदबाजी के बारे में कई ऐसी बातें बताईं जो मुझे पता नहीं थीं। उनसे मैंने जो कुछ भी सीखा है, उससे मुझे बहुत मदद मिली है। अगर मैं उनसे मिली सीख पर अमल करता रहूंगा तो मेरा खेल बेहतर होता जाएगा। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी को यूपी टी20 लीग के दौरान पूर्व भारतीय स्पिनर पीयूष चावला के मार्गदर्शन से भी फायदा मिल रहा है। (अनंत ज्ञान)

चीन ने बनाया हवा से हवा में वार करने वाला हाइपरसोनिक व्हीकल

एजेंसी, बीजिंग

चीनी सेना ने हाइपरसोनिक ग्लाइड व्हीकल विकसित किए हैं जो हवा से हवा में मार करने वाले हथियार दाग सकते हैं। इसका मकसद हजारों मील दूर मौजूद कमांड-एंड-कंट्रोल एयरक्राफ्ट जैसे अहम लक्ष्यों को निशाना बनाना है।

इस मामले की सीधी जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति के अनुसार, यह कामयाबी चीन की उस बड़ी कोशिश का हिस्सा है जिसके तहत वह अपने मिसाइल भंडार का इस्तेमाल लगभग हर तरह के मिलिट्री काम के लिए करना चाहता है। चीन के पास 3,150 से ज्यादा बैलिस्टिक हथियारों के साथ दुनिया का सबसे बड़ा भंडार है। वहीं दूसरी ओर ईरान के साथ छह महीने की लड़ाई के बाद अमेरिका को एयर डिफेंस मिसाइलों और लंबी दूरी तक मार करने वाले हथियारों की सप्लाई में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। **अमेरिका के लिए गंभीर खतरा:** टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में एक व्यक्ति के हवाले से बताया गया कि चीन ने कुछ हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइलों में हवा से हवा में मार करने की क्षमता भी जोड़ी है और कई तरह की मिसाइलों में एंटी-शिप क्षमताएं भी शामिल की हैं। चीन के साथ संघर्ष के दौरान ऐसे हथियार अमेरिकी हवाई अभियानों के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं। टैंकर, हवाई चेतावनी और नियंत्रण वाले विमान और यहां तक कि ई-4बी नाइटवॉच जैसे फ्लाइंग कमांड पोस्ट जैसे सपोर्ट एयरक्राफ्ट का मकसद लड़ाई के क्षेत्र से दूर रहकर काम करना होता है। (अनंत ज्ञान)

अमेरिका ने सीरिया को आतंकवाद प्रायोजक देशों की सूची से हटाया

एजेंसी, वॉशिंगटन। अमेरिका ने सीरिया को आधिकारिक रूप से अपनी 'स्टेट स्पॉन्सर ऑफ टेररिज्म' (आतंकवाद प्रायोजक देश) की सूची से हटा दिया है। अमेरिकी वित्त विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के बाद विदेश विभाग का यह फैसला प्रभावी हो गया। यह कदम पहले की गई घोषणा और उसके बाद कांग्रेस में हुई समीक्षा प्रक्रिया पूरी होने के बाद उठाया गया है। इस फैसले के साथ सीरिया पर उस विशेष श्रेणी से जुड़े कई कानूनी प्रतिबंधों का असर समाप्त हो जाएगा, जिनमें अमेरिकी सहायता, रक्षा संबंधी निर्यात और कुछ वित्तीय लेनदेन पर पाबंदियां शामिल थीं। अमेरिकी प्रशासन का यह निर्णय सीरिया के प्रति वॉशिंगटन की नीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव माना जा रहा है। अमेरिकी वित्त विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) ने भी नियमों में संशोधन कर सीरिया को आतंकवाद प्रायोजक देशों से संबंधित नियामकीय प्रावधानों से हटाने की पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)

सरकार की चोर दरवाजे से आरक्षण हटाने की साजिश: मल्लिकार्जुन खड़गे

एजेंसी, नई दिल्ली

सरकारी पद खाली रखने से अवसर खत्म, भाजपाई नीति का पर्दाफाश हो चुका

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया कि सरकार एससी, एसटी, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्गों का आरक्षण खत्म करने की साजिश कर रही है। खड़गे ने कहा कि सरकारी पद जानबूझकर खाली रखे जा रहे हैं और कॉन्ट्रैक्ट पर कर्मचारियों की भर्ती बढ़ाई जा रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी की नीति बीआर आंबेडकर के दिए संवैधानिक अधिकार छीनने की दिशा में है। अब भाजपाई नीति का पर्दाफाश हो चुका है। खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क पर लिखा, मोदी सरकार ने आरक्षण खत्म करने की योजना बनाई है। 2015 में केंद्र सरकार में 4.21 लाख पद खाली थे। 2024 तक यह संख्या बढ़कर 8.24 लाख हो गई। उन्होंने बताया कि रेलवे में 2.40 लाख, रक्षा विभाग में 2.41 लाख और गृह मंत्रालय में 1.10 लाख पद खाली हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने पीएसयू में स्थायी रोजगार घटने और कॉन्ट्रैक्ट पर भर्ती बढ़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि पीएसयू में 5.1 लाख स्थायी नौकरियां खत्म हो गई हैं। खरगे के मुताबिक, कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले कर्मचारियों की हिस्सेदारी 19% से बढ़कर 49% हो गई है। खडगे ने कहा- सवाल सिर्फ रोजगार का नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय का है। सरकारी पद खाली रखेंगे तो आरक्षण का मौका खत्म हो जाएगा। पीएसयू बेचेंगे तो आरक्षित नौकरियां खत्म हो जाएंगी। स्थायी नौकरियों को कॉन्ट्रैक्ट में बदलेंगे तो आरक्षण खत्म हो जाएगा। (अनंत ज्ञान)

बसपा अपने बलबूते लड़ेगी पंजाब विधानसभा का चुनाव: मायावती

एजेंसी, लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि पंजाब विधानसभा का चुनाव बसपा अकेले दम पर लड़ेगी। उन्होंने कहा कि गठबंधन और चुनावी समझौतों से उनकी पार्टी को नुकसान होता है। अपने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि विरोधियों के सभी हथकंडों का डटकर सामाना करते हुए बेहतर रिजल्ट की तैयारी रखनी है। बसपा प्रमुख ने मंगलवार को लखनऊ स्थित बसपा के केंद्रीय कैंप कार्यालय में पंजाब में होने वाले विधानसभा चुनाव तैयारियों की समीक्षा बैठक की। इसमें पंजाब के पार्टी पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल थे।

बैठक के बाद मायावती ने घोषणा करते हुए कहा कि पंजाब, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई है। बैठक में यह भी फैसला किया गया है कि पार्टी कर्मठ, ईमानदार लोगों को उम्मीदवार बनाएगी। मायावती ने कहा कि बसपा पंजाब विधानसभा का चुनाव भी यूपी और उत्तराखंड की तरह बिना किसी गठबंधन और समझौता के अपने बलबूते लड़ेगी। इसकी खास वजह चुनावी गठबंधन से बसपा को सीट व वोट दोनों में होने वाले नुकसान से बचाना है। पार्टी के लोगों के मनोबल को गिरने से बचाना है। इसके अलावा बसपा प्रमुख ने पार्टी संस्थापक कांशीराम की 9 अक्टूबर को होने वाली पुण्यतिथि कार्यक्रम की तैयारी और इसे सफल बनाने का निर्देश दिया है। (अनंत ज्ञान)

गुरमीत राम रहीम को मिली 21 दिन की फरलो, 17वीं बार जेल से आया बाहर

एजेंसी, रोहतक। यौन शोषण और हत्या मामले में सजा काट रहा डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम एक बार फिर सुनारिया जेल से बाहर आ गया है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक राम रहीम को 21 दिन की फरलो मंजूर की गई है, जिसके बाद मंगलवार सुबह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उसे जेल से बाहर निकाला गया और वह सिरसा के लिए रवाना हो गया। गुरमीत राम रहीम 17वीं बार रोहतक की सुनारिया जेल से पैरोल या फरलो पर बाहर आया है।

राम रहीम को अगस्त 2017 में साध्वियों के यौन शोषण मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद सुनारिया जेल भेजा गया था। इसके अलावा पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में भी उसे सजा हो चुकी है। वर्ष 2026 में राम रहीम को इससे पहले दो बार जेल से बाहर आने का अवसर मिला। जनवरी महीने में उसे 40 दिन की पैरोल, जबकि मई महीने में 30 दिन की पैरोल मिली थी। मई में मिली 30 दिन की पैरोल पूरी करने के बाद राम रहीम 26 जून को वापस सुनारिया जेल पहुंचा था। अब एक बार फिर 21 दिन की फरलो मिलने के बाद राम रहीम जेल से बाहर आया है। उसके बाहर आने के दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गई और पुलिस की निगरानी में उसे सिरसा के लिए रवाना किया गया। (अनंत ज्ञान)

सोना 190 रुपए बढ़कर 1.62 लाख पर पहुंचा चांदी 1,945 सस्ती होकर 2.43 लाख पर आई

एजेंसी, मुबई

सोने की कीमतों में 25 अगस्त को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 190 रुपए बढ़कर 1.62 लाख रुपए हो गया है। वहीं एक किलो चांदी की कीमत 1,945 रुपए कम होकर 2.43 लाख रुपए आ गई।

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 29 हजार रुपए महंगा हो चुका है। 31 दिसंबर 2025 को 10द्द सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.62 लाख रुपए पर पहुंच गया है।

वहीं, चांदी 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.43 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था। कोटक सिक्युरिटीज के सीनियर वीपी एंड कमोडिटी रिसर्च हेड अनिंद्य बनर्जी कहते हैं कि सोने को आम निवेशकों के साथ ही दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों जैसे आरबीआई का भी सपोर्ट हासिल है, जो लगातार सोना खरीद रहे हैं।

आगे मुश्किल हालात में भी सोने में तेजी बनी रहेगी। यदि हालात सुधरे तो चांदी में भी उछाल दिख सकता है। अभी जो भावी हालात नजर आ रहे हैं, उसके मुताबिक दिसंबर तक सोने की कीमत 1.70 लाख रुपए तक पहुंच सकती है। चांदी की कीमत भी 3 लाख रुपए तक जा सकती है। (अनंत ज्ञान)

सेंसेक्स में 100 अंक की बढ़त और निफ्टी भी 30 अंक चढ़ा

एजेंसी, मुबई। शेयर बाजार में मंगलवार को को बढ़त है। सेंसेक्स 100 अंक से ज्यादा की बढ़त के साथ 77,500 पर कारोबार कर रहा हैं। निफ्टी में भी करीब 30 अंक की तेजी है, ये 24,250 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। मीडिया और फार्मा शेयर्स में ज्यादा खरीदारी है। अन्नू प्रोजेक्ट्स का आईपीओ आज से ओपन हो गया है। कंपनी इसके जरिए 175.06 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। इन आईपीओ में 28 अगस्त तक बोली लगा सकेंगे।